सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 07 नम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 301, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

**सेंसेक्स में 901 अंकों की उछाल**

राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बीच सूचना प्रौद्योगिकी और फार्मा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स 901 अंक चढ़कर बंद हुआ। } 14

**जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया। } 16



# डोनाल्ड ट्रंप फिर होंगे अमेरिका के राष्ट्रपति

- अगले वर्ष भारत में होने वाले क्वाड सम्मेलन में लेंगे भाग
- रिपब्लिकन पार्टी ने अमेरिकी सीनेट में बहुमत हासिल किया

एजेंसी

वाशिंगटन। डोनाल्ड जे. ट्रंप चार साल पहले जो बाइडन से राष्ट्रपति चुनाव हारने के बाद काफी मायूस और खिन्न थे तथा इसके कुछ हफ्तों बाद उनके समर्थकों की एक हिंसक भीड़ ने जब यूएस कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर धावा बोला था तो इसे रिपब्लिकन नेता के राजनीतिक करियर का अंत माना जाने लगा था।

हालांकि, ठीक चार साल बाद, ट्रंप (78) ने व्हाइट हाउस में दूसरा कार्यकाल सुनिश्चित कर अमेरिका के इतिहास में अभूतपूर्व और जोरदार राजनीतिक वापसी की है। वह भी, एक गंभीर अपराध के मामले में दोषी करार दिये जाने और उनकी हत्या की दो नाकाम कोशिशों के बाद। ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़े मुकाबले का नतीजा अब तक आधिकारिक रूप से घोषित नहीं किया गया है, लेकिन रिपब्लिकन नेता के व्हाइट हाउस में लौटने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। राजनीतिक विश्लेषक अनंग मित्तल ने कहा यह अमेरिकी इतिहास में सबसे बड़ी राजनीतिक वापसी में से एक है। मार्च में, ट्रंप को उनकी पार्टी की ओर से प्रत्याशी नामित किया गया और कई अदालती मामलों के कारण ट्रंप के महीनों तक राजनीतिक वनवास में रहने के बाद जुलाई में रिपब्लिकन नेशनल कन्वेंशन (आरएनसी) में इस पर मुहर लगाई गई। असल में, एक गंभीर अपराध में दोषी करार दिये जाने के बाद शीर्ष पद के लिए नामांकन पाने वाले वह पहले पूर्व राष्ट्रपति बन गए। ट्रंप अब भी चार आपराधिक अभियोगों का सामना कर रहे हैं और फिलहाल यह स्पष्ट नहीं है कि इन मुकदमों का क्या होगा। पूर्व राष्ट्रपति 2021 में महाभियोग की सुनवाई से भी बच गए, जो उनके बरी होने के साथ समाप्त हो गई। जुलाई में, पेन्सिलवेनिया में एक रैली के दौरान उन पर गोली चली, जो उनके कान के ऊपरी हिस्से को छूते हुए निकल गई। इसके कुछ ही मिनटों बाद, ट्रंप ने हमले के विरोध में अपनी मुट्ठी बांधी और ये तस्वीरें देखकर उनके कट्टर समर्थकों ने उन्हें भावनात्मक समर्थन दिया। मित्तल ने कहा वह मुश्किल परिस्थिति से उबरे हैं। अपनी जीत आसन्न दिखने पर ट्रंप ने फ्लोरिडा में अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, हम अपने देश को उबरने में मदद करने जा रहे हैं। ट्रंप ने सावधानीपूर्वक अपने चुनाव प्रचार अभियान के संदेशों को तैयार किया, जिसमें अर्थव्यवस्था को पटरी पर वापस लाने और अमेरिका को अवैध प्रवासियों से मुक्त करने का वादा किया गया। पूरे प्रचार अभियान के दौरान, ट्रंप ने अपनी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस के खिलाफ आक्रामक बयानबाजी जारी रखी, जिस बारे में कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मध्यम वर्ग के मतदाताओं के बीच इसका काफी प्रभाव पड़ा। विश्लेषकों ने बढ़ती मुद्रास्फीति और महंगाई को अमेरिकियों के जीवन को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख मुद्दे बताए हैं।




## प्रधानमंत्री मोदी ने दी जीत की बधाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका का राष्ट्रपति निर्वाचित होने और उनकी ऐतिहासिक जीत पर बुधवार को उन्हें बधाई दी तथा वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करने का आह्वान किया।

मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे दोस्त डोनाल्ड ट्रंप को उनकी ऐतिहासिक चुनावी जीत पर हार्दिक बधाई। आपके अपने पिछले कार्यकाल की सफलताओं के क्रम में, मैं भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक और रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए हमारे सहयोग को नए सिरे से आगे बढ़ाने की आशा करता हूं। उन्होंने कहा आइए एक साथ मिलकर अपने लोगों की बेहतरी के लिए और वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए काम करें। मोदी ने इस पोस्ट के साथ ट्रंप से मुलाकात की कुछ पुरानी तस्वीरें भी साझा की। ऐसी एक तस्वीर में वह ट्रंप के साथ गले मिलते तो दूसरे में दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़कर ...शेष पृष्ठ 14 पर


फाइल फोटो

## संक्षेप

### लखनऊ में छठ पर्व पर आज रहेगा अवकाश

लखनऊ। छठ पूजा के चलते राजधानी में गुरुवार को अवकाश रहेगा। सभी स्कूल, कॉलेज और दफ्तर बंद रहेंगे। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने बुधवार को इस सम्बंध में आदेश जारी कर दिया। इसके तहत उन्होंने 7 नवंबर को जिलास्तरीय स्थानीय अवकाश घोषित किया है। जिसके चलते सभी स्कूल, कॉलेज व कई अन्य संस्थान बंद रहेंगे। जिन विभागों में पांच दिवसीय कार्य सप्ताह की व्यवस्था है, वहां डीएम का आदेश लागू नहीं होगा। पांच दिवसीय कार्यालय खुले रहेंगे। विदित हो कि जिलाधिकारी को अपने स्तर से तीन स्थानीय अवकाश घोषित करने का अधिकार होता है।

### ससुरालियों ने महिला को जिंदा जलाया

बरेली। देहात के बिथरी चैनपुर में शादी के नौ साल बाद भी कोई बच्चा न होने से नाराज ससुराल वालों ने पति संग मिलकर महिला को जिंदा जला दिया और मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने गंभीर को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। हरदोई के सुभाष सिंह ने बताया कि उन्होंने 2015 में अपनी बेटी रूबी की शादी बिथरी चैनपुर के बेनीपुर सादात निवासी रितेश उर्फ माधव पुत्र राकेश सिंह से की थी। शादी के बाद से ही उन दोनों की कोई संतान नहीं थी। जिस वजह से ससुराल वाले आए दिन उसे बांझ होने की ताना देते थे। इसकी जानकारी उसने अपने मायके वालों की दी तो कई बार ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया गया, लेकिन उन पर कोई असर नहीं पड़ा।

## कश्मीर पर झूठ फैलाने को लेकर भारत ने पाकिस्तान को फटकारा

एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाने और इस वैश्विक मंच का इस्तेमाल झूठ फैलाने के लिए करने को लेकर इस्लामाबाद की आलोचना करते हुए भारत ने कहा है कि किसी भी तरह का दुष्प्रचार जमीनी स्तर पर तथ्यों को नहीं बदलेगा। सूचना से संबंधित प्रश्नों पर संयुक्त राष्ट्र महासभा की चौथी समिति की आम बहस को संबोधित करते हुए, राज्यसभा सदस्य राजीव शुक्ला ने मंगलवार को इस बात पर जोर दिया कि विश्वास, जवाबदेही और सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक है। उन्होंने कहा, एक (पाकिस्तानी) प्रतिनिधिमंडल ने एक बार फिर झूठ फैलाने के लिए इस प्रतिष्ठित मंच का इस्तेमाल किया है। दुष्प्रचार और गलत सूचना का सहारा लेना इस प्रतिनिधिमंडल की आदत है।

- विश्वास, जवाबदेही व सुशासन को बढ़ावा देने के लिए सूचना तक समावेशी पहुंच आवश्यक

पाकिस्तान द्वारा जम्मू-कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के बाद, संयुक्त राष्ट्र की बहस में कड़ा जवाब देते हुए शुक्ला ने कहा मुझे स्पष्ट करने दीजिए। वास्तविक लोकतंत्र अलग ढंग से कार्य करते हैं। हाल में संपन्न स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। जम्मू-कश्मीर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाविकास अघाड़ी के लिए सत्ता भ्रष्टाचार का जरिया : योगी

### अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों को आरक्षण से वंचित करने का कांग्रेस ने किया था षड़यंत्र

विशेष संवाददाता

वाशिम/अमरावती/अकोला। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को महाराष्ट्र के महाअघाड़ी गठबंधन पर जमकर हमला बोला और इसे 'महाअनाड़ी' गठबंधन करार दिया। अमरावती में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नवनीत राणा को यहां हनुमान चालीसा के लिए भी संघर्ष करना पड़ा। आखिर किन कारणों से रामनवमी की शोभायात्रा निकालने और हनुमान चालीसा पढ़ने से रोका जाता है। उन्होंने कहा कि जिन्हें बजरंग बली पसंद नहीं है, उन्हें जो पसंद हैं, वे वहीं जाएं। आखिर भारत में कौन भारतीय है, जो राम व बजरंग बली को नहीं मानता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा के चुनाव में दो महागठबंधन लड़ रहे हैं। एक तरफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा, शिवसेना व एनसीपी की महायुति है तो दूसरी ओर महाअघाड़ी के रूप में महाअनाड़ी गठबंधन है। जिसे देश, धर्म, राष्ट्रीयता, समाज-राष्ट्र में मूल्यों-आदर्शों के मर्यादाओं की चिंता न हो, वह अनाड़ी होता है। महाअनाड़ी गठबंधन यही कार्य कर रहा है। महाविकास अघाड़ी के लिए सत्ता भ्रष्टाचार, लूट-खसोट का जरिया है। राजनीतिक स्वार्थ के लिए आतंकवाद-नक्सलवाद को बढ़ावा देना इनका उद्देश्य है। महायुति गठबंधन पीएम मोदी के नेतृत्व में कहता है- तेरा वैभव अमर रहे मां- हम दिन चार रहें ...शेष पृष्ठ 14 पर


महाराष्ट्र के वाशिम में चुनावी रैली के दौरान जनता का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

## रातोंरात बुलडोजर लाकर नहीं गिरा सकते मकान

### यूपी सरकार को दिये 25 लाख का मुआवजा देने के निर्देश

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को 2019 में अवैध तरीके से ढांचों को गिराने को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार से नाखुशी जताई और सड़कें चौड़ी करने एवं अतिक्रमण हटाने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश जारी किए। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उत्तर प्रदेश को निर्देश दिया कि उस व्यक्ति को 25 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाए जिसका घर 2019 में सड़क चौड़ी करने की एक परियोजना के लिए गिरा दिया गया था। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील से कहा, आप ऐसा नहीं कर सकते कि बुलडोजर लेकर आएं और रातों रात भवनों को गिरा दें। आप परिवार को घर खाली करने के लिए समय नहीं देते। घर में रखे ...शेष पृष्ठ 14 पर



शीर्ष न्यायालय ने कहा कि यदि सड़क पर अतिक्रमण का पता चलता है तो राज्य को उसे हटाने से पूर्व अतिक्रमण करने वाले को नोटिस जारी करना होगा और यदि नोटिस की सत्यता और वैधता पर आपत्ति जतायी जाती है तो राज्य प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए स्पीकिंग ऑर्डर (कारण सहित आदेश) जारी करेगा। यदि संबंधित व्यक्ति इसका अनुपालन नहीं करता तो सक्षम प्राधिकारी अतिक्रमण हटाने के लिए कदम उठाएंगे। जहां सड़क की मौजूदा चौड़ाई, जिसमें उससे सटी राज्य की भूमि भी शामिल है, सड़क चौड़ीकरण के लिए पर्याप्त नहीं है, तो राज्य इस कार्रवाई को शुरू करने से पहले कानून के अनुसार अपनी भूमि का अधिग्रहण करने के लिए कदम उठाएगा।

### 7500 किलोग्राम वजनी वाहन चला सकेगा एलएमवी लाइसेंस धारक

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने वाणिज्यिक वाहन चालकों को राहत देने वाले एक महत्वपूर्ण फैसले में बुधवार को कहा कि हल्के मोटर वाहन (एलएमवी) का लाइसेंस धारक व्यक्ति 7,500 किलोग्राम तक के वजन वाला परिवहन वाहन चला सकता है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ का यह फैसला लाइसेंसिंग विनियमों पर स्पष्टता प्रदान करता है और उम्मीद है कि यह फैसला बीमा कंपनियों को दुर्घटनाओं में शामिल चालकों के लाइसेंस के प्रकार के आधार पर दावों को खारिज करने से रोकेगा। यह फैसला बीमा कंपनियों के लिए एक झटका है जो उन दावों को खारिज कर देती थीं, जो एक विशेष वजन के परिवहन वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं से संबंधित होते थे और यदि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## ट्रक-ऑटो रिक्शा की टक्कर, 11 की मौत

### हरदोई के बिलग्राम में हुआ हादसा, पीएम मोदी व सीएम योगी ने जताया दुख

जिला संवाददाता

हरदोई। उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में बुधवार को एक ट्रक और ऑटोरिक्शा की भीषण टक्कर में मरने वालों की संख्या 11 हो गयी जबकि हादसे में गंभीर रूप से जख्मी तीन लोग अस्पताल में भर्ती हैं। पुलिस ने बताया कि अस्पताल में भर्ती एक महिला की इलाज के दौरान शाम को मौत हो गयी।

इस बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे में लोगों की मौत पर दुख जताया और कहा कि राज्य सरकार की निगरानी में स्थानीय प्रशासन राहत और बचाव के हरसंभव प्रयास में जुटा है। उन्होंने प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो लाख रुपये तथा घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस घटना पर दुख जताते हुए अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिये हैं। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी सड़क दुर्घटना में लोगों की मौत पर शोक व्यक्त करते हुए इसे बेहद दुखद और दर्दनाक बताया। स्वास्थ्य मंत्री पाठक ने कहा कि सरकार ने अधिकारियों को घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई ने भी शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। एक्स पर एक पोस्ट में पार्टी ने कहा सरकार से अनुरोध है कि घायलों ...शेष पृष्ठ 14 पर





**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 32.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 20.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**

- देशभक्ति से प्रेरित राज्य है पंजाब: आनंदीबेन (पृष्ठ-02)
- आयोग की बिना अनुमति के स्थानान्तरण पर रोक (पृष्ठ-02)
- सोने में 150 रुपये की गिरावट, चांदी स्थिर (पृष्ठ-14)
- सरकार एफसीआई में डालेगी 10,700 करोड़ (पृष्ठ-14)
- रुपये में गिरावट से डॉलर 84.30 पर (पृष्ठ-14)

**विशेष खबर** साढ़े सात लाख रुपये की ऋण राशि के लिए 75 प्रतिशत क्रेडिट धनराशि की गारंटी

## छात्रों को वित्तीय सहायता के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना मंजूर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मेधावी विद्यार्थियों को आर्थिक मदद प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को बुधवार को मंजूरी दे दी, ताकि वित्तीय बाधाएं उन्हें गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी।

पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के अनुसार, गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों (क्यूएचईआई) में दाखिला लेने वाला कोई भी विद्यार्थी पाठ्यक्रम से संबंधित ट्यूशन शुल्क और अन्य खर्चों की पूरी राशि को कवर करने के लिए बैंकों और वित्तीय संस्थानों से बिना किसी जमानत या गारंटर के ऋण हासिल करने के लिए पात्र होगा। इस योजना के लिए 3,600 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग ढांचा (एनआईआरएफ) के आधार पर देश के शीर्ष 860 क्यूएचईआई में प्रवेश पाने वाले छात्रों को शिक्षा ऋण की सुविधा दी जाएगी। इसमें हर साल 22 लाख से अधिक छात्र शामिल होंगे।

वैष्णव ने कहा मंत्रिमंडल ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है, ताकि वित्तीय बाधाएं भारत के किसी भी युवा को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से न रोक सकें। इस योजना में एनआईआरएफ के समग्र, श्रेणी-विशिष्ट और विषय विशिष्ट रैंकिंग में शीर्ष 100 में स्थान रखने वाले सरकारी एवं निजी सभी एचईआई शामिल हैं। एनआईआरएफ रैंकिंग में 101-200 में स्थान रखने वाले राज्य सरकार के उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) और केंद्र सरकार द्वारा संचालित सभी संस्थानों को इसमें शामिल किया गया है।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया है, यह सूची हर साल नवीनतम एनआईआरएफ रैंकिंग का इस्तेमाल करके अद्यतन की जाएगी, और शुरुआत में 860 योग्य क्यूएचईआई के साथ 22 लाख से अधिक छात्रों को शामिल किया जाएगा, ताकि वे चाहें तो पीएम-विद्यालक्ष्मी का लाभ उठा सकें। साढ़े सात लाख रुपये तक की ऋण राशि के लिए, छात्र बकाया चूक के 75 प्रतिशत की ऋण गारंटी के लिए भी पात्र होगा। बयान में कहा गया इससे बैंकों को इस योजना के तहत विद्यार्थियों को शिक्षा ऋण उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी। इसके अलावा, जिन विद्यार्थियों की वार्षिक पारिवारिक आय आठ लाख रुपये तक है और वे किसी अन्य सरकारी छात्रवृत्ति या ब्याज छूट योजनाओं के तहत लाभ के पात्र नहीं हैं, उन्हें 10 लाख रुपये तक के ऋण पर अधिस्थगन अवधि के दौरान तीन प्रतिशत की ब्याज छूट भी प्रदान की जाएगी। इसमें कहा गया, हर वर्ष एक लाख विद्यार्थियों को ब्याज छूट सहायता दी जाएगी। उन विद्यार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी, जो सरकारी संस्थानों में अध्ययनरत हैं और जिन्होंने तकनीकी, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का विकल्प चुना है। वर्ष 2024-25 से 2030-31 के दौरान 3,600 करोड़ रुपये के परिव्यय का प्रावधान किया गया है और इस अवधि के दौरान सात लाख नये छात्रों को इस ब्याज छूट का लाभ मिलने की उम्मीद है।


केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

## सीबीएसई ने डमी विद्यालयों के खिलाफ की कार्रवाई

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी विद्यालयों के खिलाफ कार्वाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली और छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक का दर्जा घटाकर माध्यमिक कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

- 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ली

अधिकारियों ने बताया कि यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है, जिसमें कई खामियां पाई गई थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश का चलन स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है तथा इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस मुद्दे के समाधान के लिए हम डमी विद्यालयों के प्रसार को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठा रहे हैं, तथा सभी संबद्ध संस्थानों को स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि वे डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश स्वीकार करने के प्रलोभन का विरोध करें। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं के संबंध में औचक निरीक्षण समितियों की महत्वपूर्ण टिप्पणियां संबंधित विद्यालयों को प्रेषित की गई। गुप्ता ने कहा कि निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य ...शेष पृष्ठ 14 पर

# निर्माण कार्यों में समयबद्धता और गुणवत्ता का रखा जाये ध्यान : आनंदीबेन

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने बुधवार राजभवन में प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना की उपस्थिति में 14 करोड़ 65 लाख की लागत से 8 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें राजभवन के उच्च प्राथमिक विद्यालय का कायाकल्प, छतों पर चाइना मोजैक

- **राज्यपाल ने उच्च प्राथमिक विद्यालय, राजभवन के कायाकल्प सहित विभिन्न विकास कार्यों का किया शिलान्यास**

का कार्य, अग्निशमन प्रणाली का उन्नयन, विभिन्न भवनों की छतों पर रूफ टॉप सोलर पैनल, किचन का जीर्णोद्धार, गांधी सभागार में नई वातानुकूलन तकनीकी और विद्युत डीजी सेट की आपूर्ति और स्थापना जैसे कार्य शामिल हैं।

शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि अच्छी मंशा से किया गया कार्य सफलतापूर्वक संपन्न होता है। राज्यपाल ने सभी निर्माण कार्यों को समयबद्धता और उच्च गुणवत्ता से करने एवं उनकी नियमित समीक्षा और समय पर मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। इनमें विशेष रूप से राजभवन परिसर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की जर्जर कक्षाओं को स्मार्ट कक्षाओं में बदलने का कार्य शामिल है। उन्होंने सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और आधारभूत संरचनाओं की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि यहां पढ़ने वाले विद्यार्थी संस्कारवान बनें, आधुनिक तकनीक का उपयोग करें और अपने भविष्य के निर्माता स्वयं बने।

राज्यपाल ने कहा कि संकल्प और समर्पण भाव से कार्य करने से किसी भी परियोजना को निर्धारित समय से पहले पूरा किया जा सकता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित उच्च अधिकारियों को नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का भ्रमण करने की भी सलाह दी और उसकी तकनीक तथा डिजाइन को प्रेरणादायक बताया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने राज्यपाल के बहुआयामी और रचनात्मक सोच की सराहना करते हुए उन्हे एक ऐसा व्यक्तित्व बताया जो राज्य और समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि राजभवन को लगातार सुविधाजनक एवं आकर्षक बनाने में राज्यपाल का योगदान अनुकरणीय है। राज्यपाल के प्रयासों से राजभवन का रूप, सौंदर्य और आकर्षण बढ़ा है। उन्होंने कहा कि नये भवन बनाना आसान है लेकिन पुराने भवनों को न केवल बनाए रखना बल्कि उन्हें सजाना और संवारना एक कठिन कार्य है, इसके लिए रचनात्मक सोच की आवश्यकता होती है। उन्होंने राजभवन के जनकक्ष और अन्य महत्वपूर्ण कक्षों में की गयी सजावट की भी सराहना की। राज्यपाल के कार्यकाल को ऐतिहासिक और अनुकरणीय बताते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल के कार्यों ने एक पदचिन्ह छोड़ा है, जिसे आने वाली पीढ़ियां अनुसरण करेंगी। कार्यक्रम के अन्त में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ. सुधीर महादेव बोबडे ने प्रेरणा एवं मार्गदर्शन के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया तथा वित्त मंत्री का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## देशभक्ति से प्रेरित राज्य है पंजाबः आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए सभी कलाकारों की जोशीली और ऊर्जावान प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि जीवन के हर पहलू में उत्साह और आनंद होता है, और हर राज्य अपने त्योहारों, स्थापना दिवस, और सांस्कृतिक परंपराओं के माध्यम से अपनी विविधता को प्रदर्शित करता है। पंजाब को 'नदियों का प्रदेश' बताते हुए राज्यपाल ने भाखड़ा नांगल डैम की चर्चा करते हुए राज्य को धन-धान्य का भण्डार बताया। उन्होंने प्रदेश के रंग-बिरंगे परिधान, संस्कृति, खान-पान आदि का उल्लेख किया।

राज्यपाल बुधवार को राजभवन में पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह में भाग ले रही थी। इस अवसर पर पंजाब राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को दशार्ने वाले विभिन्न लोक नृत्य, लोक गायन की प्रस्तुतियों के साथ-साथ पंजाब की संस्कृति और विविधता पर आधारित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। राज्यपाल ने पंजाब को देशभक्ति से प्रेरित राज्य बताते हुए कहा कि पंजाब से सबसे अधिक सैनिक सेना में शामिल होते हैं और सेना में पंजाब रेजीमेंट की अहम भूमिका है। उन्होंने पंजाब के प्रसिद्ध स्थलों जैसे भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव के समाधि स्थल हुसैनीवाला,

- **राजभवन में उल्लासपूर्वक मनाया गया पंजाब राज्य का स्थापना दिवस समारोह**

जलियांवाला बाग और स्वर्ण मंदिर का उल्लेख किया।

राज्यपाल ने पंजाब की विशिष्टता और सेवा भाव की सराहना करते हुए कहा कि पंजाबियों की परंपरा है कि वे लंगर में बिना किसी भेदभाव के सभी को सेवा देते हैं। उन्होंने पंजाब की संस्कृति को उच्च मानवीय मूल्यों से प्रेरित बताया और कहा कि यहां की सेवा की परंपरा हर पीढ़ी द्वारा निभाई जाती है। राज्यपाल ने पंजाब की प्रमुख समस्या के रूप में युवाओं में 'ड्रग्स' के प्रभाव को रेखांकित किया और राज्य और केंद्र सरकार से युवाओं को इस संकट से बाहर निकालने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने पंजाब को 'ड्रग्स से मुक्त' कराने का तथा युवा धन को बचाने का आह्वान किया। समारोह में पंजाब की सांस्कृतिक धरोहर को उजागर करने के लिए उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज और पंजाब से आए कलाकारों द्वारा विभिन्न लोक नृत्य जैसे गिद्दा, भांगड़ा और झूमर एवं अन्य स्थानीय नृत्य की जोशीली प्रस्तुतियां दी गईं। इसके अलावा पंजाब की संस्कृति, खानपान, परिधान, हस्तकला, लोक कला, महत्वपूर्ण स्थल, और महान विभूतियों पर आधारित प्रदर्शनी और रंगोली का अवलोकन भी राज्यपाल ने किया। इस अवसर पर प्रमुख सचिव डॉ. सुधीर महादेव बोबडे, प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख सचिव ऊर्जा नरेंद्र भूषण, नरेंद्र बंसल, निदेशक महिला कल्याण संदीप कौर, नगर आयुक्त लखनऊ इंद्रजीत सिंह और पंजाब से आए विभिन्न अतिथिगण, राजभवन के अधिकारी एवं कार्मिक आदि उपस्थित रहे।

# धरातल पर उतर रहा ग्रीन कुंभ का संकल्प रोपित हो रहे 2 लाख 71 हजार पौधे

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के प्रयागराज में संगम तट पर जनवरी 2025 से लगने जा रहे महाकुंभ की तैयारियां पूरी गति से चल रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभ को दिव्य, भव्य, स्वच्छ और हरित स्वरूप

- **वन विभाग जिले की सड़कों के दोनो तरफ भी पौध रोपण का अभियान चला रहा**

देने के लिए कुंभ मेला प्रशासन के सभी विभाग इसमें अपना योगदान कर रहे हैं।

महाकुंभ को हरित कुंभ का स्वरूप देने के लिए कुंभ क्षेत्र को पॉलीथीन मुक्त रखा जाएगा तो वहीं कुंभ क्षेत्र के बाहर हरित पट्टिकाओं का विकास किया जा रहा है। इस प्रयास से पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी धरातल पर उतर रहा है। सीएम योगी का स्पष्ट निर्देश है कि महाकुंभ 2025 में प्रयागराज स्वच्छता का मॉडल बने। महाकुंभ स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी एक उदाहरण बने इसके लिए सामूहिक प्रयास किया जा रहा है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए वन विभाग, नगर निगम और प्रयागराज विकास प्राधिकरण मेगा प्लांटेशन अभियान चला रहे हैं। अभियान के अंतर्गत 2 लाख 71 हजार पौधे रोपित किए जा रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी प्रयागराज अरविंद कुमार का कहना है कि वन विभाग इस अभियान के अंतर्गत 29 करोड़ के बजट से 1.49 लाख पौधे रोपित करने जा रहा है। इसमें सरस्वती हाईटेक सिटी में 20 हेक्टेयर में 87 हजार पौधे रोपित हो रहे हैं। यहां सब्जी ब्लॉक में सघन रोपण किया जा रहा है। इसमें छोटे और बड़े दोनो तरह के पौधे रोपित हो रहे हैं। वन विभाग जिले की सड़कों के दोनो तरफ भी पौध रोपण का अभियान चला रहा है। शहर की तरफ आने वाले 18 सड़कों में भी सघन पौधारोपण किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 50 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे। सड़कों के बाहर दोनों तरफ कदम्ब, नीम, अमलताश जैसे पौधों का रोपण किया जा रहा है। शहर के कुछ हिस्सों में भी वन विभाग की तरफ से पौध रोपण किया जा रहा है। शहर के अंदर हरित पट्टिकाओं को विकसित करने की जिम्मेदारी नगर निगम प्रयागराज और प्रयागराज विकास प्राधिकरण को दी गई है। नवंबर के आखिर तक इन ग्रीन पट्टियों के विकसित करने का कार्य पूरा हो जायेगा।

# छठ पर्व : प्रदेश भर में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता आरंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने छठ पर्व के अवसर पर घाटों पर स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और प्लास्टिक मुक्त वातावरण को बढ़ावा देने के लिए पूरे राज्य में स्वच्छ घाट प्रतियोगिता शुरू की है। राज्य सरकार द्वारा बुधवार को जारी एक बयान के मुताबिक, यह प्रतियोगिता आठ नवंबर तक चलेगी जिसमें विभिन्न संगठनों के बीच स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और इस अभियान से जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए कई तरह की गतिविधियां शामिल होंगी। बयान के अनुसार, इस पहल के तहत लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए घाटों पर अर्पण कलश रखे गए हैं और प्लास्टिक और थर्मोकोल के इस्तेमाल को प्रतिबंधित करने के लिए घाटों को नो प्लास्टिक जोन घोषित किया गया है। घाटों पर अस्थायी शौचालय और स्नानघर बनाए जा रहे हैं, जिनका नियमित रखरखाव किया जाएगा। बयान में कहा गया कि प्रतियोगिता की सफलता को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ सारथी क्लब के साथ-साथ स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय, गैर सरकारी संगठन और अन्य स्वैच्छिक संगठन इन प्रयासों का समर्थन कर रहे हैं। बयान के अनुसार, घाटों को सुंदर बनाने के लिए खास पहल की गई है। कूड़ेकचरे के उचित निपटान और क्षेत्र में स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ेदान रखे गए हैं। घाटों को साफ रखने में सक्रिय नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं। अभियान को गैर सरकारी संगठनों, सीएसओ और अन्य स्वयंसेवी संगठनों से मजबूत समर्थन मिल रहा है, जो न केवल घाटों पर सफाई अभियान चला रहे हैं, बल्कि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण बनाए रखने के महत्व के बारे में शिक्षित भी कर रहे हैं। छठ बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश में मनाया जाने वाला एक प्रमुख त्यौहार है। यह त्यौहार सूर्य देव की पूजा के लिए समर्पित है और इसे चार दिनों तक कठोर दिनचर्या का पालन करके मनाया जाता है। इस त्यौहार के अनुष्ठानों और परंपराओं में उपवास, उगते और डूबते सूर्य को अर्घ्य देना, पवित्र स्नान और पानी में खड़े होकर ध्यान करना शामिल है।

# धान खरीद में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : योगी

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश सरकार के लिए किसानों का हित सर्वोपरि है। धान खरीद में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत प्रदेश के सभी क्रय केन्द्र क्रियाशील रहें। प्रत्येक दशा में खरीद के 48 घंटे में

- **मुख्यमंत्री ने प्रदेश में धान खरीद की समीक्षा की, प्रत्येक दशा में खरीद के 48 घंटे में कृषक को भुगतान किया जाये**
- **क्रय केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की जाये**

कृषक को भुगतान किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

मुख्यमंत्री बुधवार को अपने सरकारी आवास परउच्च स्तरीय बैठक में प्रदेश में धान खरीद की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद प्रक्रिया को पूरी तत्परता एवं पारदर्शिता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रय केन्द्रों पर किसानों के बैठने, छाया एवं पेयजल आदि बुनियादी सुविधाओं व आवश्यकताओं का पूरा ध्यान रखा जाए। बोरे की कमी कहीं न हो। टोकन व्यवस्था के माध्यम से खरीद की जाए। क्रय केन्द्रों पर वर्षा तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से धान की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबन्ध किये जाएं। क्रय केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से प्रत्येक गतिविधि की निगरानी की जाए। कर्मचारियों की समय से तथा अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। इन समस्त कार्यों की मुख्यालय से लगातार मॉनीटरिंग भी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में प्रत्येक पात्र परिवार को राशन आसानी से तथा पूरी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध कराने की दिशा में किये गए प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए हैं। प्रदेश सरकार ने फेयर प्राइस शॉप को मॉडल फेयर प्राइस शॉप बनाने की कार्यवाही को आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री एवं सूचना संजय प्रसाद, प्रमुख सचिव खाद्य आलोक कुमार, खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# भाजपा सरकार ने किसानों को किया बर्बाद : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बुधवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार ने किसानों को बर्बाद कर दिया है। आज किसान सबसे ज्यादा बदहाल और परेशान है। मुख्यमंत्री के गृह जनपद में भी किसानों में हाहाकार मचा है। अगर काटने बांटने की भाषणबाजी और पॉलिटिकल पर्यटन से उन्हें फुर्सत मिले तो अपने गृह जनपद सहित पूरे प्रदेश में डीएपी बंटवा दें, बुवाई का सीजन फिर साल भर बाद ही आएगा। भाजपाइयों की नौटंकी और भाषणबाजी से किसान परेशान हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से किये गये अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। भाजपा ने किसानों की आय दुगनी करने का वादा किया था लेकिन उसका अब कहीं जिक्र तक नहीं होता है। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा किसानों पर थोपे गये तीन काले कानूनों की वापसी के लिए 700 से ज्यादा किसानों की मौतें हो गई फिर भी सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने का कानून नहीं बनाया। किसानों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसानों की समस्याओं के स्थायी समाधान पर भाजपा से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती है। किसान भगवान भरोसे है, उसकी कोई सुनने वाला नहीं है। किसानों की समस्याओं के निदान के लिए केन्द्र की भाजपा सरकार ने जो कमेटी बनाई थी उसका भी कहीं अता-पता नहीं है। किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान आज तक नहीं हुआ है। जबकि नये सत्र का गन्ना इंतजार कर रहा है। भाजपा सरकार की प्राथमिकता में पूंजीपति हैं किसान नहीं। खेती में हमेशा घाटा ही रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसान बहुत परेशान है। एक तरफ जहां किसानों को खाद, बीज, कीटनाशक महंगे मिल रहे हैं वहीं



जुताई बुआई महंगी हो गयी है। किसान को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य भी नहीं मिल रहा है। सहकारी समितियों के गोदाम खाली हैं। किसानों को खाद नहीं मिल रही है। किसान को ब्लैक में खाद खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है। बीज के साथ कुछ दवाओं के पैकेट लेने का भी दबाव बनाया जा रहा है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की मार किसानों पर पड़ने से किसान और ज्यादा लाचार तथा गरीब होता जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाने का दावा करने वाली भाजपा सरकार में किसानों की दुर्दशा का अंत नहीं है। बिना किसानों के खुशहाल हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी कैसे बन सकती है? भाजपा सरकार झूठ, लूट, भ्रष्टाचार में लिप्त है। उसे किसानों की कोई चिंता नहीं है।

यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में विरोध किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं। इन दिनों तानाशाही का आलम यह है कि सरकारी धांधली के खिलाफ आवाज उठाने पर सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में किसानों पर फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं। किसान और जनसामान्य भाजपा की दंभी सरकार को अब और बर्दाश्त करने वाला नहीं है। विधानसभा उपचुनावों में जनता भाजपा को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

# भाजपा को मिल रहा सहयोगी दलों का पूरा साथ

शैलेन्द्र श्रीवास्तव (vol)




**लखनऊ।** प्रदेश की 9 विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर सभी राजनैतिक दल काफी सक्रिय हो गये है। अब मात्र 14 दिन ही मतदान के बचे हैं। ऐसे में सभी राजनैतिक दल अपनी-अपनी धरा को मजबूत करने में

- **उपचुनाव में पश्चिम से लेकर पूर्वांचल तक मिल रहा समर्थन**
- **प्रदेश की नौ विधानसभा की उपचुनाव को लेकर क्षेत्रीय दलों की तैयारी लगभग पूरी**

लगे हुए है। इस उपचुनाव को आगामी 2027 विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल मानते हुए सभी दल अपनी ओर से कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते है और इस उपचुनाव की जीत के आधर पर ही वह अपनी आगे की राजनीतिक बिसात बैठाने की तैयारी में है।

फिलहाल भाजपा के सहयोगी दल भी इसमें कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं वह भी अपनी क्षेत्रीय मजबूती और पकड़ का अहसास इसी चुनाव में कराने में जुटे हुए हैं। इसमें भाजपा के मुख्य रूप से पश्चिम से लेकर पूर्व तक सहयोगी दल हाथ से हाथ मिलाकर साथ चल रहे हैं और जीत का सेहरा अपने हाथों से सजाने में जुटे हुए हैं। पश्चिम की बात की जायें तो मुख्य सहयोगी दल राष्ट्रीय लोकदल तो पूर्व में निषाद पार्टी, सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अपने संगठन के कार्यकर्ताओं को बेहतर तरीके से उपचुनाव को प्रबंधित करने का मूल मंत्र दिया। साथ ही भाजपा के कार्यकर्ता और पदाधिकारी के साथ सरकार के प्रत्येक विधानसभा के तीन-तीन मंत्री भी लगातार निगरानी बनाये हुए हैं। साथ ही संगठन के साथ अदुरूनी तौर पर राष्ट्रीय सेवक संघ (आरएसएस) भी अपनी ओर से भाजपा के लिए धरा को और मजबूती दे रहा है।

**शब्दबाण से बनाया जा रहा माहौल :** इधर भाजपा ने यूपी ही नहीं पूरे देश में एक शब्दबाण 'बटेंगे तो कटेंगे' देकर पूरे देश में माहौल बनाने में जुटी हुई है। इसका असर कितना हुआ यह तो आने वाला वक्त ही तय करेगा लेकिन इस बयान के बाद विपक्ष भी शब्दबाण को तीखा करता जा रहा है। उपचुनाव की तारीख आगे बढ़ाये जाने पर भी सपा ने भाजपा को आड़े हाथ लिया तो वहीं सहयोगी दलों ने भी सपा पर जमकर निशाना साधा। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार इस बार भाजपा के सहयोगी दल इस तरह से उपचुनाव को लेकर सक्रिय दिख रहे है कि मानो वे विधानसभा चुनाव ही लड़ रहे हैं लेकिन इस उपचुनाव की खास बात यह है कि मात्र दो साल बाद उत्तर प्रदेश में मुख्य चुनाव होने हैं ऐसे में छोटे दल अपनी सक्रियता का अहसास सहयोगी को कराने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहते ताकि भविष्य में जब 2027 के विधानसभा चुनाव में आये तो अपनी बीती परफार्मेंस के आधार पर अधिक से अधिक सीट हासिल कर सकें और फिर उस पर अपनी जीत का पताका फहरा सकें।

# वाहन स्वामी एकमुश्त समाधान योजना से जुर्माना में पायें छूटः दयाशंकर सिंह

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने एकमुश्त शास्ति समाधान योजना लागू किया है। उन्होंने कहा कि वाहन स्वामियों को इस योजना का लाभ उठाना चाहिए। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव परिवहन एल वेंकेटेश्वर लू ने अधिसूचना जारी कर दी है।

अधिसूचना में कहा गया है कि इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से पूर्व तक रजिस्ट्रीकृत वाहनों पर संदेय कर के विलम्ब संदाय शास्ति के संदाय से इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से तीन माह की अवधि के लिए छूट प्रदान की गई है। जारी अधिसूचना के तहत ऐसे वाहन स्वामी अथवा उनके विधिक वारिस, जिनके मामले विभिन्न न्यायालयों के समक्ष लम्बित हों, जिनके कर/शास्ति के विरूद्ध अपील/पुनरीक्षण, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) अथवा उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर) के समक्ष लम्बित हों, पात्र होंगे। वाहन स्वामियों को वाद प्रत्याहृत करने के लिए, यथास्थिति सम्बन्धित न्यायालयों/उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र)/उप परिवहन आयुक्त (यात्रीकर), के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करना होगा। परिवहन यानों के सभी स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस, जिनके विरूद्ध इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि तक कर एवं शास्ति के लिए वसूली प्रमाण पत्र जारी किया गया हो, भी इस अधिसूचना के अधीन पात्र होंगे। अधिसूचना में कहा गया है कि स्वामी अथवा उसके विधिक वारिस को विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) कराधान अधिकारी को तिपहिया एवं हल्के मोटर यानों (7500 किलोग्राम सकल यान भार तक) के मामले में आवेदन शुल्क के रूप में 200 रुपए की धनराशि एवं बाकी यानों के लिए आवेदन शुल्क के रूप में 500 रुपए की धनराशि सहित आवेदन प्रस्तुत करना होगा। आवेदन, इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से अधिसूचना के प्रभावी होने के तिथि तक किया जायेगा। निर्धारित अवधि की समाप्ति के पश्चात स्वीकार नहीं किया जायेगा। इस अधिसूचना के गजट में प्रकाशित किये जाने के तिथि से पूर्व किसी वाहनों के विरूद्ध जमा कर एवं शास्तियॉ प्रतिदेय नहीं होगी। स्वामी, यानों पर बकाया देय करों की कुल धनराशि एकमुश्त जमा करेगा। जारी अधिसूचना के तहत अधिसूचना निर्गत होने के तिथि को या उसके पश्चात रजिस्ट्रीकृत सभी प्रकार के परिवहन यान एवं सभी प्रकार के अरजिस्ट्रीकृत वाहन, जिन पर अधिसूचना के तारीख के पूर्व तक बकाया कर संदेय हो एवं लम्बित बकाया जमा न हो, इस सुविधा के लाभ के पात्र नहीं होंगे।

# पुनरीक्षण अवधि में आयोग के बिना अनुमति के स्थानान्तरण पर रोक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर प्रदेश में उप निर्वाचन होने के दृष्टिगत 9 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों को छोड़कर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची का प्रदेश की कुल 394 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

उन्होनें बताया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य से सम्बद्ध अधिकारियों, कार्मिक को पुनरीक्षण अवधि 29 अक्टूबर 2024 से 6 जनवरी 25 तक जिला निर्वाचन , उप जिला निर्वाचन अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों इत्यादि को भारत निर्वाचन आयोग की बिना अनुमति के स्थानान्तरित करने पर रोक लगी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों मे पुनरीक्षण कार्यक्रम के अनुसार मतदाताओं के दावे और अपत्तियां 28 नवम्बर तक लिया जायेगा। इस बीच 9, 10, 23 तथा 24 नवम्बर 2024 विशेष अभियान तिथियां में बीएलओ मतदान बूथ पर सभी आवश्यक फार्मों सहित उपस्थित रहकर नागरिकों की सहायता करेगें। उन्होनें बताया कि 28 नवम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक दावें और आपत्तियों का निस्तारण किया जायेगा। 6 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का अन्तिम प्रकाशन कराया जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने प्रदेश के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे पुनरीक्षण अवधि में मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच कर लें। इस अवधि में नाम दर्ज करने, नाम हटाने, नाम व पता संशोधित आदि की प्रक्रिया को ऑफलाइन या ऑनलाइन वेबसाइट, वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से कर सकते है।

# नोटिस जारी करने से पूर्व कानून के अनुसार सर्वेक्षण किया गया अथवा नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता




**लखनऊ।** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच में कथित अतिक्रमण के विरुद्ध ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान राज्य सरकार से पूछा है कि कानून के अनुसार सर्वेक्षण व सीमांकन किया गया अथवा नहीं।

- **बहराइच ध्वस्तीकरण मामला**

न्यायालय ने राज्य सरकार से अन्य बिंदुओं पर भी जानकारी मांगते हुए, मामले में अगली सुनावायी के लिए 11 नवम्बर की तिथि नियत कर दी है। वहीं सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसका जवाबी हलफनामा दाखिल हो चुका है। इस पर न्यायालय ने याची को प्रत्युत्तर दाखिल करने का आदेश दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया। सुनवायी के दौरान न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता को अगली तिथि पर यह भी बताने को कहा है कि क्या इस बात की जांच कराई गई थी कि जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है वह संपत्ति के असली मालिक हैं या नहीं? वहीं याची के अधिवक्ता ने दलील दी कि जिन अधिकारियों ने नोटिस जारी की है, वे संबंधित प्रावधानों के तहत नोटिस जारी ही नहीं कर सकते, उन प्रावधानों के तहत नोटिस जारी करने का अधिकार सिर्फ जिलाधिकारी को है। इस पर न्यायालय ने अगली सुनवाई पर यह भी बताने को कहा है कि क्या नोटिस उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा नोटिस जारी किया गया। न्यायालय याची के अधिवक्ता से भी कहा है कि वह जिन व्यक्तियों को नोटिस जारी की गई है, उसका विवरण अगली सुनवाई पर पेश करें।

संक्षेप

## मारपीट की घटना में चार पर केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** महिला के साथ मारपीट की घटना को लेकर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे तिलकराम गांव की अनारा देवी पत्नी शोभनाथ वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चार नवंबर की शाम करीब सात बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रमेशर उर्फ ननकऊ के पुत्रगण श्रीराम वर्मा व धर्मेन्द्र वर्मा तथा उसकी पत्नी रंगीला व श्रीराम की पत्नी श्रीमती उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोपीगण गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। जांच के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## रंजिश में मारपीट दो पर केस

**प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के असैनापुर गांव निवासी विजेन्द्र उर्फ बृजेन्द्र पुत्र रामफल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उन्तीस अक्टूबर की रात करीब आठ बजे वह शौच के लिए गया था। वहां गांव के मनीष कोरी पुत्र बजरंगी व अविनाश कोरी पुत्र राधेश्याम ने रंजिशन उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## अपहरण का वांछित भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण व पास्को एक्ट के वांछित को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक नीरज यादव के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विवेक कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ गश्त के दौरान बुधवार सुबह रायबरेली जिले के नसीराबाद थाना क्षेत्र के बन्धन का पुरवा निवासी आरोपी आदित्य सरोज उर्फ रोशन पुत्र महादेव सरोज को अगई मोड़ से धर दबोचा। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

## लाठीचार्ज के विरोध में डीबीए व सीबीए का बहिष्कार

**इटावा।** जनपद न्यायाधीश गाजियाबाद के न्यायालय में असंवैधानिक व बर्बर तरीके से जनपद न्यायाधीश अनिल कुमार के 29 अक्टूबर के आदेश से उन्हीं के न्यायालय अधिवक्ताओं के ऊपर लाठीचार्ज के विरोध में डी.बीए. व सीबीए ने संयुक्त रूप से न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और विशाल जुलूस निकालकर जिंदाबाद, मुदार्बाद के गगन चुम्बी नारे लगाये। आंदोलनकारी अधिवक्ताओं ने मांग की घायल अधिवक्ताओं को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक क्षति तत्काल दी जाये तथा तत्कालीन जज को निलंबित किया जाये। जानकारी डीबीए के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित ने बताया कि प्रकरण पर एक ज्ञापन जिला जज इटावा को हड़ताल पर रहने की सूचना दी है। गाजियाबाद प्रकरण पर आंदोलन की अगुवाई थाने वाले डी.वी.ए. अध्यक्ष अनिल कुमार गौर, महामंत्री देवेन्द्र पाल व सीवी. अध्यक्ष अनिल कुमार तिवारी व महामंत्री अरूण गुप्ता के अलावा अश्वनी सिंह, देवेन्द्र मिश्र कोषाध्यक्ष, अवनीश यादव, मुकेश यादव, कु. साक्षी शर्मा, अनिल यादव, मोहित भदौरिया, अभिषेक वर्मा, अतुल सिंह, पवन मिश्रा, रविन्द्र यादव, सौरभ यादव, अनिल शाक्य, शिवम सेंगर इत्यादि सैकड़ों अधिवक्ता शामिल थे।

# वकीलों के मौलिक अधिकार पर हमला जारी रहा तो प्रदेश भर में तेज होगा आंदोलन

## गाजियाबाद में साथियों पर लाठीचार्ज को लेकर वकीलों ने जताया भारी आक्रोश



**लखनऊ।** अधिवक्ताओं पर गाजियाबाद मे हुई लाठीचार्ज और प्रदेश के कई जिलो मे अधिवक्ताओं के उत्पीड़न को लेकर बुधवार को आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन ने संघर्ष की हुंकार भरी। लखनऊ बार एसोशिएसन सभागार में हुई बैठक को संबोधित करते हुए आल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने कहा कि गाजियाबाद में पुलिसिया निरंकुशता ने अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकार के हनन की पराकाष्ठा पार कर गयी है। उन्होनें कहा कि इसके पहले लखनऊ मे भी पुलिस ने अधिवक्ताओ के साथ अमानवीय बर्बर कार्रवाई का घृषित काला अध्याय लिखा था। उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं के मौलिक अधिकारों के साथ पुलिस और बेंच का हमला अब कतई स्वीकार्य नही किया जा सकता।

उन्होने कहा कि अधिवक्ताओं पर चौतरफा हमला बंद न हुआ तो देश में दूसरी अधिवक्ता क्रांति की पृष्ठिभूमि तैयार होने से भी रोका नही जा सकेगा। अध्यक्षता करते हुए लखनऊ बार एसोशिएसन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी ने कहा कि एडवोकेटस प्रोटेक्शन एक्ट को सरकार जल्द से जल्द लागू करे। उन्होने कहा कि न्याय की पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं के मान सम्मान की सुरक्षा के लिए जारी संघर्ष को दबाया नही जा सकेगा। उन्होनें यह भी कहा कि अधिवक्ताओं ने काली पटटी बांधकर विरोध प्रदर्शन का लोकतांत्रिक संदेश दिया है। जरूरत पड़ने पर गाजियाबाद के अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए लखनऊ के अधिवक्ता आंदोलन में मुखर भूमिका निभाएंगे। संचालन करते हुए एसोशिएसन के राष्ट्रीय महासचिव अनिल त्रिपाठी महेश ने कहा कि केन्द्र सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम विधेयक को पास कराए वरना अधिवक्ता संसद भवन का घेराव भी करेंगे।

अधिवक्ताओं ने एडवोकेटस एक्ट के समर्थन में नारेबाजी भी की। वही गाजियाबाद में साथियों पर लाठीचार्ज के दोषी पुलिसकर्मियों की बर्खास्तगी को लेकर हुंकार भी भरी। बार एसोशिएसन के महामंत्री बृजभान सिंह भानू ने बैठक में चरणबद्ध आंदोलन की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष भूपेन्द्रमणि सिंह, कोषाध्यक्ष अभिनेश यादव, संयुक्त मंत्री प्रशासन नरेन्द्र शुक्ला, संयुक्त मंत्री आशीष राय, दीपक सिंह, शशिमणि पाण्डेय, संतोष सिंह अर्थवंशी, सुरेन्द्र सिंह यादव, सौरभ शुक्ला, जितेन्द्र सिंह यादव जीतू, अधिवक्ता महेन्द्र शुक्ला, जितेन्द्र तिवारी, टीपी सिंह, टीपी त्रिपाठी आदि रहे।

## घर में सो रही बच्ची को अगवा कर बलात्कार मुकदमा दर्ज

शाहजहांपुर। जिले में घर में सो रही चार साल की बच्ची को गांव से दूर ले जाकर उससे कथित रूप से बलात्कार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने बुधवार को बताया कि मामले में कई संदिग्ध लोगों से पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि कांट थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली चार साल की बच्ची मंगलवार की रात अपने घर में सो रही थी। आरोप है कि इसी दौरान गांव में ही रहने वाला एक व्यक्ति चुपके से घर में घुसा और बच्ची को उठा ले गया। परिजनों को जब रात में बच्ची बिस्तर पर नहीं मिली तो उन्होंने गांव में तथा आसपास बच्ची की तलाश की। कुमार ने बताया कि काफी तलाश करने के बाद बच्ची आज सुबह गांव से एक किलोमीटर दूर खेतों में बने ट्यूबवेल के पास निर्वस्त्र हालत में मिली। परिजन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बच्ची को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। बच्ची के परिजनों की ओर से एक व्यक्ति को नामजद करते हुए शिकायत दर्ज कराई गई है जिसके आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) (रात में घर में घुसना), 137(2) (अपहरण), 65(2) (बलात्कार करना) एवं पाक्सो अधिनियम की सुसंगत धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

## धूमधाम से निकली कलश शोभा यात्रा



**प्रतापगढ़।** रानीगंज कैथौला क्षेत्र के रोहाड़ा में सात दिवसीय श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गयी। आचार्य पं. जनार्दन मिश्र की अगुवाई में निकाली गयी कलश शोभा यात्रा क्षेत्र के मंदिरों में पहुंची। जहां श्रद्धालुओं ने विधिविधान से पूजन अर्चन किया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की आराधना को लेकर भजन में भावविभोर भी दिखे। वहीं ग्रामीणों ने कलश यात्रा पर जगह जगह पुष्पवर्षा भी किया। धार्मिक आयोजन में क्षेत्र भगवान वासुदेव के जयघोष से गुंजायमान दिखा। मुख्य यजमान पुष्पा तिवारी एवं पं. रामअनुज तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। रामकृष्ण तिवारी भइयाराम ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर रमापति तिवारी, रामराज तिवारी, रामहृदय तिवारी, शिवमूरत तिवारी, राजेन्द्र तिवारी, रामचन्द्र तिवारी, छोटेलाल तिवारी, रोहित तिवारी, पप्पू तिवारी, शिवकरन चतुर्वेदी आदि रहे।

## 24 घंटे बाद भी शव की नहीं हो सकी शिनाख्त

**प्रतापगढ़।** सांगीपुर थानान्तर्गत सई नदी में मंगलवार की सुबह उतराये मिले अज्ञात शव की शिनाख्त चौबीस घंटे बाद भी नही हो सकी। शव को मर्चरी हाउस में सुरक्षित रखवा कर पुलिस शव की शिनाख्त के प्रयास मे जुटी हुई है। सांगीपुर थाना के भोजपुर गांव अन्तर्गत अमान का पुरवा गांव से गुजरी सई नदी में मंगलवार की सुबह ग्रामीणों ने शव उतराया देखा था। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा शव की शिनाख्त न होने पर उसे मर्चरी हाउस में रखवाया गया है। पुलिस को आशंका है कि मृतक युवक का शव रायबरेली जनपद से बहकर यहां तक पहुंचा है। एसओ मनीष तिवारी का कहना है कि मर्चरी हाउस में बहत्तर घंटे तक शव को रखा जाएगा। तब तक शिनाख्त न होने पर उसका लावारिस दशा में अंतिम संस्कार करा दिया जाएगा।

## तीन के खिलाफ एससीएसटी का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** खेत में काम करने से मना करने पर आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा। मामले में कोतवाली पुलिस ने एससीएसटी समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे खरगू रानीगंज कैथौला गांव निवासी शिवम सरोज पुत्र सुभाष सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीमार होने से उसके चाचा हरकेश सरोज पुत्र माताफेर सरोज घर पर आराम कर रहे थे। एक नवंबर की सुबह करीब नौ बजे गांव के शिवशंकर उपाध्याय अपने पुत्रों विनीत व नवनीत के साथ उसके दरवाजे पर पहुंचे। आरोप है कि खेत में काम करने से मना करने पर आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों के प्रयोग से गालीगलौज करते हुए उसके चाचा को मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## 6 आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** कूड़ा फेंकने के विवाद को लेकर आरोपियों ने पीडित को जमकर मारापीटा। जांच के बाद पुलिस ने छः आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के जगन्नाथपुर गांव निवासी शैलेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र देशराज सिंह ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि तीस अक्टूबर की सुबह करीब साढे ग्यारह बजे वह अपनी आबादी की जमीन पर कूड़ा फेंक रहा था। पीडित का आरोप है कि इसी बीच गांव के नागेन्द्र सिंह उर्फ धुन्नू, महेन्द्र सिंह उर्फ कन्हैया पुत्रगण रामनरेश सिंह, शशांक सिंह, अभि सिंह पुत्रगण नागेन्द्र सिंह व अस्मिता सिंह पुत्री नागेन्द्र सिंह तथा नागेन्द्र सिंह की पत्नी एकराय होकर लाठी डंडा, कुल्हाडी से लैस उसके दरवाजे पर आ पहुंचे। आरोपियों ने गालीगलौज करते हुए पीडित को मारना पीटना शुरू कर दिया। जान बचाने को पीड़ित घर में भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर उसे जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से पीडित बेहोश हो गया। आरोपियो ने जानलेवा धमकी देते हुए घर में रखे सामानों मे तोडफोड की और घर पर ईट पत्थर भी चलाए जिससे घर की महिलाएं भी चुटहिल हो गयीं। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सिद्ध चक्र महामंडल विधान कल से

**इटावा।** अजितनाथ दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बल्लभपुर बरही मे अष्टान्हिका महापर्व के उपलक्ष्य मे सिद्धचक्र महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ रथ यात्रा महोत्सव 8 से 16 नवम्बर तक होने जा रहा है। क्षुल्लिका सुअथेष्ट माता का सानिध्य विधानचार्य पं मुकेश कुमार जैन शास्त्री संगीतकार धीरज एंड पार्टी व शास्त्र प्रवचन अनिल जैन कार्यक्रम संचालन दिनेश जैन द्वारा आयोजित किया जायेगा। प्रातःकाल श्रीजी अभिषेक व शांतिधारा पीले वस्त्र धारण कर मुकुट माला पहनकर इंद बनकर की जायेगी। घटयात्रा मे महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर सिर पर मंगलकलश लेकर मंदिर निकलकर गाजेबाजे के साथ गांव मे भम्रण कर मंदिर जी पुनः पहुंचेंगे भूमि शुद्वि मंत्रोच्चारण के साथ की गई इसके उपरांत संगीत के साथ विधान प्रारंभ किया जायेगा सायंकाल श्रीजी की महाआरती प्रवचन सांस्कृतिक कार्यक्रम किये जायेंगे। इसी बीच सिद्वचक्र महामंडल विधान कमेटी द्वारा अपर मुरव्य अधिकारी स्वाति जैन को आमंत्रण पत्रिका देकर आमंत्रित किया गया जिससे प्रभुदयाल जैन, पूर्व अध्यक्ष बरही कमेटी महावीर प्रसाद जैन, नरेश जैन, महेश चंद्र जैन, अकित जैन व सकल दिगंबर जैन समाज मौजूद रहेगा।



# बकेवर महोत्सव का उद्घाटन कबड्डी मैच के साथ



**बकेवर, इटावा।** कस्बा बकेवर में बकेवर महोत्सव का उद्घाटन कबड्डी मैच प्रतियोगिता के साथ बुधवार को दोपहर को हुआ। उद्घाटन मैच शातिर क्लब अहेरीपुर व चिन्डोली लखना की टीम के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने अच्छा प्रदर्शन किया। शातिर क्लब अहेरीपुर की टीम ने चिन्डोली की टीम को पराजित कर मैच जीता।

बुधवार को बकेवर महोत्सव व कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा सदर विधायक सरिता भदौरिया ने मंदिर पर पूजा अर्चना फीता काटकर किया। कबड्डी टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा वर्तमान में प्रदेश व देश की सरकार ने खेल को जो बढ़ावा दिया है उसे तमाम प्रतिभाएं निकल कर आई हैं कोई भी मैच हो कोई भी खेल हो खेल भावना से खेला जाना चाहिए। खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा होता है खेल हमारे शरीर और मस्तिष्क दोनों को ही मजबूत बनाता है। कार्यक्रम के आरंभ में बकेवर महोत्सव की आयोजक व मेला कमेटी के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक अशोक चौबे ने कमेटी के लोगो जसकरन सिंह, लैल ठाकुर, योगेंद्र, पुरुषोत्तम मिश्रा, अनुज अवस्थी निखिल, ऋषीश्वर, पंचम चौधरी के साथ मुख्य अतिथि को बड़ी माला तथा चाँदी का मुकुट पहनाकर तलवार भेंट करसम्मानित किया। कबड्डी प्रतियोगिता में उद्घाटन मैच में शातिर क्लब अहेरीपुर के कप्तान अचिन व चिंडोली लखना टीम के कप्तान अंकित के बीच मुख्य अतिथि ने हाथ मिलवाया। मैच शातिर क्लब अहेरी की टीम17 अंको जीती। दूसरा मैच तिलक क्लब औरैया की टीम व सहजपुर भरथना की टीम के बीच हुआ। जिसमें औरैया की टीम ने 18 अंक से जीत हासिल की। तीसरा मैच अहेरीपुर एसबीजेआई व चकरनगर की टीम के बीच खेला गया।जिसमें अहेरी पुर 1 की टीम 16 अंक से विजेता हुई।चैथा मैच मध्यप्रदेश के दतिया की टीम व बजरंग क्लब बकेवर के बीच हुआ जिसमें दतिया की टीम 20 अंकों से मैच जीती। मैच रेफरी अतुल ऋषीश्वर ने मैच कराये। इस दौरान बकेवर चेयरमैन विवेक यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता रामशरण गुप्ता, राकेश चैधरी, विकास भदौरिया, लालजी दुबे, ज्योति प्रकाश शर्मा, जाहिद, इशरत खान, अनूप पांडेय, अतुल, रामकुमार परिहार, गोविंद चैधरी, अक्षित पाठक, बादल कठेरिया, मनीष बाथम मौजूद रहे। संचालन रामानन्द त्रिपाठी ने लिया। मुख्य अतिथि ने मेला का भृमण कर दुकानदारों से भी बातचीत की।

# सहकारी समितियों में खाद की कमी से किसान परेशान



जिला संवाददाता (vol)

**प्रतापगढ़।** सहकारी समितियों में खाद की कमी से किसान परेशान हैं। लालगंज ब्लाक के कुछ समितियों में मंगलवार देर शाम खाद पहुंची तो बुधवार सुबह से ही किसानों की भीड़ लग गयी। खाद कम मात्रा में उपलब्ध होने से उसे वितरण को लेकर सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह व क्षेत्रीय लेखपाल परेशान हो उठे। सहकारी समिति भदारी कला में स्थिति ये हो गयी कि यहां वितरण को लेकर पुलिस की मदद लेनी पड़ी। इसके बावजूद यहां आयी डीएपी खाद का वितरण अत्यधिक भीड़ के चलते नहीं हो सका। इससे किसान मायूस घर को लौट गये। सचिव ज्ञानेन्द्र सिंह ने बताया कि कुल एक सौ साठ बोरी डीएपी आयी थी लेकिन किसानों की अधिक लम्बी कतार के चलते वितरण नहीं किया जा सका। शीघ्र ही खाद का वितरण कराया जाएगा। वहीं इलाके के किसानों कृष्ण कुमार तिवारी, घनश्याम तिवारी, रिंकू शुक्ला, जतिन तिवारी, नंदलाल तिवारी, छोटे लाल मिश्र, राममिलन यादव, नान्हू सिंह, रविकांत तिवारी, राजू तिवारी, अश्विनी गौतम, अजय सिंह, कल्लू शुक्ल, बबलू वर्मा व रामराज वर्मा, राजा सिंह, उदय प्रताप सिंह, श्यामलाल, बबलू आदि किसानों का आरोप है कि खाद आने पर उसे चहेतों में वितरण कर दिया जाता है। जिससे सामान्य किसान खाद के लिए भटक रहे हैं।

# वाहन की टक्कर से चाचा-भतीजे की मौत

जिला संवाददाता (vol)

**बलिया।** जिले के रसड़ा क्षेत्र में एक अज्ञात वाहन की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार दो लोगों की मौत हो गई।

पुलिस उपाधीक्षक मोहम्मद फहीम कुरैशी ने बुधवार को बताया कि रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के पहाड़पुर गांव के पास मंगलवार की शाम एक अज्ञात वाहन ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में मोटरसाइकिल सवार 40 वर्षीय विजेंद्र कन्नौजिया और उसके 20 साल के भतीजे रितेश कुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के समय विजेंद्र और रितेश किसी रिश्तेदार के घर से अपने गांव गोपालपुर संवरा लौट रहे थे। इस मामले में रितेश के भाई अभय ज्ञान की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

उधर, सिकंदरपुर थाना क्षेत्र के मालदह-बिहरा मार्ग पर मंगलवार की शाम एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बिजली के खंभे से जा टकराई। इस घटना में 26 वर्षीय जितेंद्र राजभर और 22 साल का पंकज गंभीर रूप से घायल हो गए।

सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने दोनों घायलों को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से जितेंद्र को, हालत गंभीर होने के कारण जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही जितेंद्र की मौत हो गयी। शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## मनुष्य की मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है श्रीमद्भागवत कथा : आचार्य आनंद शुक्ल

**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर अन्तर्गत आमीशंकरपुर गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले दिन कथाव्यास ने परीक्षित जन्म व भागवत कथा का महात्म्य विस्तार से बताया। कथाव्यास आचार्य आनन्द शुक्ल महराज ने बताया कि पाण्डवों के पांच पुत्रों युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल व सहदेव में अर्जुन के पुत्र अभिमन्यु थे। महाभारत के युद्ध में गुरू द्रोणाचार्य की मृत्यु से क्रोधित होकर उसके पुत्र अश्वत्थामा ने पांचों पाण्डवों को मृत्यु देने का निश्चय किया लेकिन उसके द्वारा चलाया गया ब्रम्हास्त्र अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा को लगा। जिससे गर्भवती उत्तरा का गर्भपात हो जाने से परीक्षित का जन्म हुआ। कथा प्रसंग में कथाव्यास आचार्य आनन्द ने बताया कि भागवत कथा मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करती है। यह कथा देवताओं को भी दुर्लभ है। कलियुग में भागवत कथा श्रवण से मनुष्य के समस्त संताप मिट जाते हैं और उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मुख्य यजमान इन्दू पाण्डेय ने व्यासपीठ का विधिविधान से पूजन किया। संयोजक अजय पाण्डेय ने श्रद्धालुओं का स्वागत व सह संयोजक अमित पाण्डेय ने श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर शिवप्रसाद पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, सुरभी पाण्डेय, मधू पाण्डेय, अमोघ तिवारी, अनीता तिवारी, संगीता पाण्डेय, अंश, अनिल, अरविन्द पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, अक्षत, तरू, रवि दुबे आदि मौजूद रहे।



## अलग-अलग घटनाओं में दो महिला सहित, दंपती घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** छिमारा मार्ग पर कुत्ते के अचानक सामने आ जाने से बाइक सवार दम्पति फिसल गई जिससे वे लोग गंभीर घायल हो गए। आशीष और उनकी 26 वषीर्या पत्नी रीता नगला ग्राम अर्जुन की रहने वाली अपने मायके विधूना से बाइक पर सवार होकर वापस ससुराल जसवंतनगर आ रहे थे, वह ग्राम छिमारा मार्ग पर पहुंचे ही थे, तभी उनकी बाइक के सामने अचानक कुत्ता आ गया जिससे उनकी बाइक फिसल गई, जिसमें आशीष और रीता घायल हो गए। हादसे में रीता का दाहिना हाथ टूट गया है, जबकि आशीष भी घायल हैं। दोनों को एम्बुलेंस की सहायता से स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।वहीं दूसरी घटना में लुधपुरा कॉलोनी की रहने वाली पुष्पेंद्र की27वर्षीय पत्नी रिंकी रेलमण्डी में घायल हो गईं जिन्हें एम्बुलेंस सीएचसी पर भर्ती कराया गया।

## सामूहिक बलात्कार की झूठी सूचना देने पर दो गिरफ्तार

**संभल।** जिले के रजपुरा क्षेत्र में सामूहिक बलात्कार की झूठी सूचना देने पर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने बुधवार को बताया कि रजपुरा क्षेत्र के मौलनपुर गांव के निवासी संजू ने पिछली तीन नवंबर को थाने में सूचना दी थी कि उसकी पत्नी पिछली एक नवंबर को दीपावली पर जा रही थी। इसी दौरान उसके गांव के निवासी बिजलेश, उसके भाई शेर सिंह और संजू सहित चार लोगों ने उसकी पत्नी को गाड़ी में बैठाकर उससे सामूहिक बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच में पुलिस ने पाया कि संजू ने अपनी पत्नी की पिटाई की थी, जिसके बाद उसकी पत्नी कहीं और जाकर रुक गई। बाद में संजू उसे वापस लेकर आया था। पुलिस को गलत सूचना देकर गुमराह करने के आरोप में संजू ओर उसके भाई गोविंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है।

# बाबा की मजार पर उर्स मुबारक आयोजित



**जसवंतनगर, इटावा।** दरगाह हजरत सूफी हुजुर सैयद शाह बाबा की मजार पर अंडावली गांव में 22 वां उर्स मुबारक आयोजित हुआ। कब्बालो ने कब्बलियों से पूरी रात समा बांधे रखी। लोग कब्बालियां सुनते मदमस्त रहे। कब्बालो को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मंगलवार की रात आयोजित इस उर्स मुबारक कार्यक्रम मे बरेली से आये कब्बाल आसिफ शाकिर कब्बाल ने कलाम पेश किया.. सारे नवियो में हैं रुतवा रसूलल्लाह का, तुमको पाया पाया है जमाने से किनारा करके। रामपुर के अनीश सावरी ने कब्बाली प्रस्तुत की जमी आसमा तक है रसाई सय्यद बाबा की , किनारे नहर के कितना हसी मंजर है कलियर में, ।इस दौरान कमेटी इसराइल खा, असगर अली, शहाबुद्दीन अली, रिहासुद्दीन, सलीम खा, रसीद, हसमुद्दीन, पप्पू , नंद किशोर गुप्ता, मंशाराम, चरण सिंह, नीरज आदि सदस्यो समेत ग्राम प्रधान ने अतिथियों का सम्मान किया।

## इटावा का 224वां स्थापना दिवस, 10 नवंबर को मनाया जायेगा उत्सव

**इटावा।** 10 नवंबर को जनपद अपने 224वें स्थापना दिवस का उत्सव मनाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर चंबल संग्रहालय पंचनद के महानिदेशक डॉ. शाह आलम राना ने डीएम अवनीश राय को पत्र लिखकर के समृद्ध और गौरवशाली इतिहास को जनमानस तक पहुंचाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, बल्कि इस भूमि की ऐतिहासिक धरोहर और परंपरा को सहेजने का भी है।10 नवंबर 1801 को जनपद का गठन उस समय हुआ जब अवध के नवाब सादत अली खां और ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुए समझौते के तहत यह क्षेत्र ब्रिटिश शासन के अधीन आया। इससे पहले, इटावा की अदालत और प्रशासन मियां अलमास अली खां के हाथों में था। यमुना नदी के किनारे बसा इटावा और इसका कुछ क्षेत्र ग्वालियर रियासत के अधीन आता था, जो बाद में 30 दिसंबर 1803 को सुरजी अर्जुन गांव में हुई संधि के बाद इटावा में शामिल कर लिया गया। धीरे-धीरे, ईस्ट इंडिया कंपनी ने अपनी पकड़ मजबूत कर यहां का प्रशासनिक ढांचा बदल दिया। डॉ.राना ने इस ऐतिहासिक अवसर पर नई पीढ़ी को जनपद के गौरवशाली इतिहास से परिचित कराने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की ओर से इस दिवस को मनाने का प्रयास केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि इसे सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पुनर्जीवित करने का अवसर है। स्थापना दिवस पर इटावा के इस इतिहास को सहेजकर युवाओं को प्रेरित करने का यह एक सार्थक प्रयास हो सकता है।

**लखनऊ छावनी परिषद्, लखनऊ**
31, नेहरू रोड, कैन्ट, लखनऊ
Ph : 0522-2480037, Email : ceoluck-stats@nic.in

**सार्वजनिक सूचना**

लखनऊ छावनी के समस्त निवासियों को सूचित किया जाता है कि यदि कोई भी व्यक्ति छावनी क्षेत्र में खुले में शौच अथवा निर्धारित स्थान के अलावा पेशाब करता पाया जाता है तो छावनी अधिनियम, 2006 की धारा 289, के अन्तर्गत रू. 500/– का जुर्माना एवं दण्ड का भागीदार होगा।

2. यदि कोई जन मानस अपने मकान के शौचालय / सामुदायिक शौचालय के अपशिष्ठ (स्लज) सैनिक अथवा असैनिक क्षेत्र में खुले में डी–स्लजिंग करता है, या स्लज को निर्धारित स्थान पर न छोड़कर किसी खुले स्थान पर छोड़ता है तो उसको छावनी अधिनियम, 2006 के 289 की उप धारा XV (बी, सी) के प्रावधान के अन्तर्गत 2500/– रूपये से 5000/– रूपये तक का जुर्माना वसूला जायेगा।

पत्रांक एल.सी.बी./6/स०वि०/2024
कार्यालय छावनी परिषद लखनऊ
दिनांक 6 नवम्बर, 2024

आज्ञा से
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद, लखनऊ

संक्षेप

## तीन दिवसीय प्रतियोगिता आज से

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कृषक समाज इंटर कॉलेज में स्व0 बाल गोविंद वर्मा स्मारक प्रतियोगिताएं प्रधानाचार्य ए पी सरोज जी की अध्यक्षता में 7 से 9 नवंबर तक आयोजित होगीं। जिसकी तैयारियो के बारे में जानकारी देते हुय डॉ अनिल कुमार ने बताया कि गुरूवार का सब जूनियर वर्ग भाषण प्रतियोगिता हमारा भोजन एवं स्वास्थ्य, जूनियर वर्ग में अध्ययन में एकाग्रता का महत्व, सीनियर वर्ग में कृत्रिम बुद्धिमत्ता चुनौतियां और अवसर, कहानी लेखन में सब जूनियर वर्ग में विषय मेरी यात्रा, जूनियर वर्ग में हमारे रीति रिवाज सीनियर वर्ग में विज्ञान और ईश्वर निबंध प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में विषय हमारे आदर्श कौन और क्यों, जूनियर वर्ग में पुस्तकालय की हमारे जीवन में उपयोगिता सीनियर वर्ग में आधुनिक जीवन शैली से पैदा होने वाली बीमारियां एवं उनका निदान पर होगी।

## कार की चपेट में आने पर छात्र की मौत

मोहम्मदी खीरी। क्षेत्र में शाहजहांपुर स्टेट हाईवे पर स्कूल में छुट्टी के बाद साइकिल से घर जाते समय छात्र को कार चालक ने टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक छात्र का शब लेकर सामुदायिक केंद्र पहुंची है। बुधवार को पुलिस के अनुसार स्टेट हाईवे पर बने पी बी इंटर कॉलेज में रछेला निवासी आसाराम का पुत्र सुमित 15 वर्ष कक्षा 9 का छात्र था। 3:30 करीब छुट्टी के बाद साइकिल से घर जा रहा था। तभी गोकन के पास शाहजहांपुर की ओर से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी चालक ने टक्कर मार दी जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई है। मौका पाकर गाड़ी चालक और सवार भाग निकले सूचना पर पहुंची पुलिस ने गाड़ी को कब्जे में लिया है। आई कार्ड से पहचान होने पर बच्चों के परिजनों को सूचना दी गई है। परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर अपने बच्चों की शिनाख्त करने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

## महिला से लूट के मामले में केस दर्ज

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में गुलौली रोड स्थित एक मकान में मीटर रीडर बनकर आए तीन बदमाशों द्वारा दिन दहाड़े घर में घुसकर लूटपाट करने के मामले में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।पीड़ित विनोद कश्यप ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया वह प्राइवेट स्कूल में टीचर है। मंगलवार को स्कूल में बच्चों को पढ़ाने गया था 12:30 बजे करीब पत्नी तृप्ति ने फोन कर पूछा तीन युवक एक बाइक से आए हैं जो अपने को मीटर रीडर बताते हैं। जिस पर उसने दरवाजा खोलकर मीटर चेक कर लेने की बात कहने पर उसने दरवाजा खोल दिया जिससे तीनों युवक मकान के अंदर दाखिल हो गए तभी एक युवक ने तमंचा निकालकर उसकी पत्नी के सामने लगाकर चुपचाप खड़ी रहने की बात कहते हुए उसके पहने हुए सारे गहने छीन लिए और मकान के अंदर रखे बक्से को खुलवाकर उसमें रखे गहने और 5 हजार रुपया की नगदी लेकर चले गए हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। सीओ अरुण कुमार सिंह का कहना है आरोपियों की पहचान सीसीटीवी फुटेज से की जा रही है। चार टीम गठित कर अलग-अलग क्षेत्र में भेजी गई हैं। जल्दी खुलासा कर दिया जाएगा।

# प्राइवेट कॉन्वेंट स्कूलों को पीछे छोड़ रहे सरकारी प्राइमरी स्कूल



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) ब्लॉक बिजुआ के उच्च प्राथमिक विद्यालय नौसर गुलरिया में ग्राम प्रधान/स्थानीय प्राधिकारी निकाय के सदस्यों एवं परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमन गिरि ने संगोष्ठी का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप जला कर किया।

विधायक अमन गिरि ने कहा कि वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय शिक्षा के मामले में कान्वेंट विद्यालयों को पीछे छोड़ रहे हैं। विद्यालय में ग्राम प्रधान भौतिक आवश्यकताओं को पूर्ण करने में सहयोग करें। जिससे हर अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करा सके और केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न शिक्षा नीतियों का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग के बच्चों को मिले।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बिजुआ वीरेंद्र भूषण, खंड विकास अधिकारी बिजुआ महावीर प्रसाद, डॉ बच्चू सिंह, वेद दीक्षित, प्रभाकर शर्मा, धीरेंद्र सिंह, जयपाल गौतम, आशीष तिवारी, सतनाम सिंह, अवधेश मिश्र, कलक्टर राज, सोडी भैया, बलराम मौर्य, आशुतोष वर्मा, अनिल वर्मा, संजय सिंह, रमेश वर्मा सुधीर बाजपेई,प्रतिपाल सिंह, सुधीश बाजपेई सहित तमाम अध्यापकगण एवं प्रधानगण मौजूद थे।

## डीएम-एसपी ने देखा छठ पूजा घाट, परखी तैयारियां



लखीमपुर खीरी। बुधवार को सेठघाट पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा ने लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा के लिए की गई तैयारियों को परखा, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। तहसील, ब्लॉक, जिला पंचायत और नगर पालिका प्रशासन को पूजा से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चाकचौबंद करने के निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने छठ पूजा आयोजन समिति के अध्यक्ष व संरक्षक से बातचीत की। इसके बाद पूजास्थल, घाट की साफसफाई, नदी में सुरक्षित दूरी तक बैरिकेडिंग सहित विभिन्न मूलभूत और जरूरी व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया, अधिकारियों को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित ढंग से छठ पूजा संपन्न कराने के निर्देश दिए। डीएम ने छठ पूजा पर्व की दृष्टिगत अपनी घोषणा के क्रम में क्रिटिकल गैप से बनवाए सड़क मार्ग का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी जनपदवासियों व श्रद्धालुजनों को भगवान सूर्य की उपासना के महापर्व 'छठ' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छठी मइया की कृपा से लोक आस्था का यह महापर्व संपूर्ण सृष्टि के लिए सुख-समृद्धि तथा आरोग्यता का कारक बने, यही कामना है।

इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) पवन गौतम, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी निर्माण खंड प्रथम केके झा, एसडीएम (सदर) अश्वनी कुमार सिंह, सीओ सिटी रमेश कुमार तिवारी, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, ईओ संजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## 70 वर्ष की उम्र पूरा कर चुके प्रमोद साहनी का निकाला पहला आयुष्मान कार्ड

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) 70 साल की उम्र के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनना शुरू हो गए हैं। बुधवार को पंजाबी कॉलोनी निवासी प्रमोद साहनी का आयुष्मान कार्ड का पहला प्रिंट निकाला गया। वैसे तो सीएचसी में आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया काफी दिनों से चल रही है। इधर सरकार के आदेश पर 70 वर्ष की उम्र से लेकर इससे अधिक उम्र तक के लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना है।



जिसकी प्रक्रिया बुधवार को शुरू हुई तो पंजाबी कॉलोनी निवासी प्रमोद साहनी अपनी पत्नी के साथ सीएचसी पहुंचे जहां प्रमोद साहनी का पहला प्रिंट निकला और दूसरा प्रिंट उनकी पत्नी शशि साहनी का निकला जिससे वह खुशी से झूम उठे।

## सड़क हादसे में दो की मौत

मैंगलगंज खीरी। थाना क्षेत्र के चौखड़ियां गांव के पास से निकले राष्ट्रीय राज मार्ग के बाईपास पर शाहजहांपुर की तरफ से आ रही कार मोटरसाईकिल से टकरा गई टक्कर इतनी तेज थी की मोटरसाइकिल पर सवार दोनों मृतक उछल के दूर गिरे और कार के बम्फर में फंसी मोटरसाईकिल लगभग 100 मीटर तक घसीटती चली गई। टक्कर से मोटरसाईकिल सवार उमता पत्नी बशीर 50 वर्ष की घटना स्थल पर हो गई और चालक अख्तर पुत्र सकुर निवासी ग्राम दहेली कुषेपा थाना लहरपुर की इलाज के लिए ले जाते समय रास्ते मे मौत हो गई। दोनों मृतक अपनी रिश्तेदारी में मंगलवार को जावेद की बेटी के निकाह में चौखड़ियां गांव आये थे शामिल होने निकाह उपरांत बुधवार को अपने घर दहेली वापस जा रहे थे। और ये दुखद घटना घट गई। सूचना पर घटनास्थल पर पहुँची पुलिस ने कार चालक जो कि महिला थी हिरासत में ले लिया दुर्घटना ग्रस्त कार व मोटरसाईकिल को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा।

## पंजीकृत किसान क्रय केंद्रों पर बेचें अपना धान

लखीमपुर खीरी। समर्थन मूल्य पर जनपद खीरी के किसान क्रय केंद्र पर बेचे अपना धान। किसान कृषि विभाग की वेबसाइट पर जाकर अपना पंजीकरण के बाद पंजीकृत किसान क्रय केंद्रों पर धान बेच सकते है। इस संदर्भ में संतोष कुमार पटेल जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद के पंजीकृत किसान क्रय केंद्र पर धान ले जाकर बेच सकते है। जिन किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं कराया है। वह नजदीकी जन सुविधा केंद्र पर जाकर पंजीकरण करा लें। श्री पटेल ने बताया कि जनपद में अब तक 4996 किसानों ने अपना पंजीकरण कर लिया है। एसडीएम स्तर से लेखपालों के माध्यम से पंजीकृत 3257 किसानों का सत्यापन करा लिया गया है। डिप्टी आरएमओ ने किसानों से अनुरोध किया है कि जिन किसानों ने अपना पंजीकरण नहीं कराया है वह अपना पंजीकरण अवश्य करा लें। उन्होंने बताया जनपद खीरी में 1 लाख 95 हजार मेट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा गया है। 2960 मेट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। पंजीकृत किसान क्रय केंद्रों पर 31 जनवरी 2024 तक धान बेच सकते हैं। सरकार द्वारा धान का समर्थन मल्य ?2300 निर्धारित किया गया है। ग्रेड ए का धान 2320 रुपए के समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा।

## लखीमपुर डिपो के बस अड्डे पर प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत योजना तोड़ रही दम



लखीमपुर खीरी । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन योजना शहरी लखीमपुर शहर के लखीमपुर डिपो के बसअड्डे पर दम तोड़ती नजर आ रही है। बताते चलें कि लखीमपुर शहर के रोडवेज बस अड्डे पर बुधवार को कूड़े का ढेर दिखाई दिया। रोडवेज बस अड्डे पर छठ पूजा के दिन भी कूढे का ढेर दिखाई दे रहा है इसका मतलब साफ है कभी कभी सफाई होती है। वही बस अड्डे पर लगा यूरिनल महीनों से साफ नहीं किया गया है। पान के धब्बे थूके पड़े है वही डेंगू जैसी बीमारी आजकल फैल रही है और रोडवेज बस अड्डे पर चारों तरफ गंदगी ही गंदगी देखी जा सकती है जिससे संक्रमण फैलने की पूरी संभावना दिखाई देती नजर आ रही है। वही लखीमपुर डिपो के जिम्मेदार अधिकारी सफाई व्यवस्था पर ध्यान नहीं दे रहे है। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सफाई व्यवस्था के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया जा रहा है। इसके बावजूद उसके रोडवेज पर लगी गदगी साफ नहीं हो पा रही है।

## किसानों को फरवरी से 14 दिन में मिलेगा गन्ना भुगतान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के पदाधिकारी ने लखनऊ पहुंच ने प्रदेश के गन्ना आयुक्त को ज्ञापन देकर प्रदेश में बजाज चीनी मिलों का इस पेराई सत्र का 14 दिन में भुगतान करवाने की मांग की। पदाधिकारियों के अनुसार गन्ना आयुक्त ने उन्हें फरवरी से 14 दिन में गन्ना भुगतान करवाने का आश्वासन दिया है।

राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्रीकृष्ण वर्मा और राष्ट्रीय प्रवक्ता कैप्टन मनोज कुमार सिंह ने बुधवार को प्रदेश के गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह से मुलाकात कर बजाज ग्रुप की 14 चीनी मिलों के गन्ना किसानों की व्यथा सुनाकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में लिखा गया है कि लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर और पीलीभीत में स्थित बजाज ग्रुप की चीनी मिलों के गांव-गांव स्थित किसानों ने पंचायत कर इस पेराई सत्र 2024- 2025 में खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में किए जाने का सर्वसम्मति से फैसला किया है।5 नवंबर को बजाज मिल गोला गोकर्ण क्षेत्र के गन्ना किसानों एवं गन्ना समिति के दर्जनों डेलीगेट्स ने राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन के बैनर तले पंचायत कर चीनी मिल के इस पेराई सत्र 2024 के खरीदे गन्ने का भुगतान 14 दिन में किए जाने के प्रस्ताव पर सहमति जताई है।पंचायत में गोला स्थित बजाज चीनी मिल के केन जीएम पीएस चतुवेर्दी ने कहा था कि गन्ना आयुक्त यदि पिछले सत्र के गन्ना भुगतान को रोककर नवीन पेराई सत्र का भुगतान



गन्ना खरीद के 14 दिन में करने का आदेश कर दे तो उसका पालन किया जाएगा। पंचायत में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि पिछले पेराई सत्र 2023- 24 का बकाया गन्ना भुगतान दिसंबर माह 2024 तक किया जाए, किंतु नवीन पेराई सत्र का भुगतान 14 दिन में ही किया जाए, अन्यथा दिसंबर माह से किसान चीनी मिलों की गन्ना आपूर्ति ठप कर देंगे। पटेल श्रीकृष्ण वर्मा ने बताया कि वार्ता में गन्ना आयुक्त प्रभु नारायण सिंह ने पदाधिकारियों को बताया कि बजाज चीनी मिल की सभी 14 चीनी मिलों के लिए बैंकों में सीसी क्रेडिट लिमिट बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है, जनवरी माह तक सीसी क्रेडिट लिमिट बन जाएगी।

## गोपाष्टमी महोत्सव में सीडीओ ने स्कूली बच्चों को दिलाया गौ रक्षा संकल्प



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) श्री धमार्दा समिति गौशाला के सात दिवसीय गोपाष्टमी महोत्सव के चैथे दिन विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति के सह आयोजन में गौ रक्षा संकल्प कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार, विशिष्ट अतिथि रामदेव शास्त्री, डा. अभिषेक मेहरोत्रा, शिव मंदिर के पुजारी पंडित दिनेश मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सुरेन्द्र कुमार, खण्ड विकास अधिकारी कुम्भी हनुमान प्रसाद मिश्रा, कार्यक्रम के अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य जिला प्रभारी भाजपा वासुदेव मौर्य के द्वारा गौ पूजन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इसके बाद समिति के पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह ,अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार ने बच्चों को गौ रक्षा का संकल्प देते हुए कहा कि गौ बहुउपयोगी है इसलिए हम गौ माता का पूजन करते है, सदैव गौ माता की सेवा के साथ इस गौशाला को भी याद रखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राम देव शास्त्री ने कहा कि दूध, दही, घी, गौ मूत्र ,गोवर का रस यह पंच गव्य का सेवन करने से बुद्धि तीव्र होती है। कार्यक्रम अध्यक्ष पिछडा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य ने कहा गौ माता की हमारे जीवन में महत्त्वपूर्ण भूमिका रही।मोदी-योगी सरकार ने गौ संरक्षण के लिए गौ सेवा आयोग का गठन किया है। गोपाष्टमी महोत्सव के आयोजक पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि गौ माता की सेवा एवं आशीर्वाद से बहुत कुछ मिला है। सभी सहयोगी संगठनों के साथ अतिथियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य कल्याण समिति एवं पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ,प्रांतीय महामंत्री शैलेन्द्र सक्सेना, प्रांतीय कोषाध्यक्ष अनुज खरे,प्रांतीय मीडिया प्रभारी श्याम किशोर अवस्थी अवधेश मिश्रा, संजय तिवारी, डीपी श्रीवास्तव, अवनीश मिश्रा, रविन्द्र भूषण, आलोक तिवारी, सुयश त्रिवेदी, सभासद धर्मेन्द्र तिवारी टीटू,डा. कमलेश वर्मा, शत्रोहन मिश्रा, रविन्द्र कटियार, विजय मिश्रा, विमलेश वर्मा,अविनाश गुप्ता, सुनील मिश्रा सहित अनेक गौ सेवक मौजूद थे।

## डीएम के आदेश के बाद जांच करने पहुंची टीम को मिला तालाबों पर कब्जा

शाहजहांपुर/जनपद के विकासखंड जैतीपुर की ग्राम पंचायत गढ़िया रंगीन में भ्रष्टाचार विकास कार्यों में और सूरज ने हमारा घटिया सामग्री के प्रयोग को लेकर हाई कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद , जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा गठित तीन सदस्य टीम , बुधवार को गढ़िया रंगीन पहुंची जहां 16 बिंदुओं पर टीम को जांच करनी थी , जिसमें प्रमुख रूप से तीन बिंदुओं पर जांच की गई जिसमें ग्राम पंचायत में बने खेल के मैदान, गांव में बनाए गए आर. आर. सी. सेंटर कूड़ा निस्तारण केंद्र , और तालाब पर अवैध कब्जे पर टीम द्वारा जांच की गई जहां टीम द्वारा एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र की बाउंड्री बाल उखाड़ कर पांच ईंटें और मसाला सील किया गया जिसकी जांच कराई जाएगी।

वहीं तीन सदस्य टीम में शामिल यूपी जिला अधिकारी तिलहर, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, व सहायक अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग शाहजहांपुर उदय प्रताप सिंह ने मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत में कई तालाबों का निरीक्षण किया जिनकी



40% जमीनों पर अवैध कब्जे पाए गए उप जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्रीय

- **शिकायतकर्ता ने ग्राम प्रधान पर तालाब की जमीन बिक्री करने का लगाया था आरोप**

लेखपाल एवं नायब तहसीलदार को पैमाइश कराकर अवैध कब्जे हटाए जाने के निर्देश दिए गए हैं जांच टीम को ग्राम पंचायत में बनी ग्राम पंचायत की सरकारी दुकानों पर भी अवैध कब्जा मिला है जिसको लेकर एसडीएम तिलहर ने ग्राम विकास अधिकारी और संबंधित को तत्काल अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए हैं जहां टीम द्वारा खेल के मैदान को भी मौके पर जाकर देखा गया जहां आधी अधूरी बनी बाउंड्री वाल को ग्राम प्रधान द्वारा आनन-फानन में तैयार कराया गया था अधिकारियों ने पंचायत विभाग के अधिकारियों से खेल के मैदान के संबंध में खर्च की धनराशि और संबंधित दस्तावेज मांगे हैं फिलहाल जांच के दौरान 16 बिंदुओं की जगह जांच टीम मात्र तीन से चार बिंदुओं पर ही जांच कर पाई , मुख बिंदुओं में ग्राम पंचायत में लगने वाली है हाट बाजार की अवैध वसूली, और ग्राम पंचायत में कराए गए कई विकास कार्यों एवं हैंड पंप रिवोर से संबंधित जांच बुधवार को नहीं हो सकी ।

### जांच में की जा रही खानापूर्ति

शिकायतकर्ता भगवान शरण शर्मा ने जांच टीम जाने के बाद मीडिया को बताया है कि जांच अधिकारियों की टीम आई थी लेकिन जांच करने की जगह खानापूर्ति कर गई भगवान शरण ने बताया मेरी शिकायत के अनुसार पूरी ग्राम पंचायत में तालाबों पर अवैध कब्जा पाया गया है जिनको कब्जा मुक्त करने के लिए बगैर नोटिस दिए बगैर किसी कार्रवाई के टीम चली गई ग्राम पंचायत में जिस हाट बाजार का 15 से 20 लाख रुपया प्रति वर्ष अवैध वसूली होता है जिसका ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में ठेका होने के बावजूद भी वर्तमान में ठेका नहीं होने दिया जाता इस बिंदु पर जांच टीम ने कोई जांच नहीं की है 16 बिंदुओं में मात्र 6 बिंदुओं पर खानापूर्ति की गई है उसमें अधिकारी क्या रिपोर्ट देते हैं यह बाद में पता चलेगा जांच के दौरान गढ़िया रंगीन ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान लालू भी मौजूद रहे लालू ने मीडिया को बताया है कि मैंने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया है इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत में एक बार जांच हो चुकी है मैं ब्लॉक में जिला अधिकारी द्वारा पुरस्कृत ग्राम प्रधान हूं द्वेष भावना से मेरी वार-वार जांच कराई जा रही है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर (सीतापुर)

पत्रांक :- 383 /न.पा.परि.लहरपुर/रा.वि. 2024-25 दिनांक 06.11.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर द्वारा राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से नगर के विभिन्न मोहल्लों के बोर्ड मीटिंग में प्रस्तावित निर्माण कार्य कराना चाहती है। जिसके टेण्डर फार्म निर्धारित निविदा शुल्क जमा कर दिनांक 25.11.2024 को समय 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर से प्राप्त कर सकते है। मुहर बन्द निविदायें दिनांक 25.11.2024 को दोपहर 02 बजे तक नगर पालिका परिषद लहरपुर में रखे टेण्डर बाक्स में डाल सकते है । जो उसी दिन ठेकेदारों व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष 04 बजे अपरान्ह नगर पालिका परिषद लहरपुर कार्यालय में खोले जायेगें। निविदा के साथ धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी तथा निविदा मूल्य नगर पालिका परिषद लहरपुर के भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 38686316966 IFSC CODE SBIN0008314 में जमा कर रशीद संलग्न करना अनिवार्य होगा। निविदादाता से न्यूनतम निविदा प्राप्त होने के उपरान्त सम्बन्धित नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों मे पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क डिमांड ड्राफ्ट/ई-बैंकिग के माध्यम से जमा कराते हुए निविदादाता का पंजीकरण कर निविदा की शर्तो के अनुसार जमानत आदि की धनराशि जमा कराते हुए नियमानुसार अनुबन्ध गठित किया जायेगा। निविदा सम्बन्धी समस्त जानकारी व शर्ते कार्यालय नगर पालिका परिषद लहरपुर जनपद सीतापुर से की जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद लहरपुर का होगा। निविदा खोलने के दिवस में यदि अवकाश पड़ता है तो निविदा अगले दिन खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि 10% | निविदा मूल्य+ GST 18% | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मो. ठठेरीटोला में मुन्नी अली हसन के मकान से इस्तियाक के मकान तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 490400 | 40213 | 500 | 3 माह |
| 2 | मो. चौपड़ीटोला में काफिल घोड़े वाले से एखलाक के प्लाट तक नाली इंटरलाकिंग कार्य। | 473100 | 38794 | 480 | 3 माह |
| 3 | मो. ठठेरीटोला पूर्वी में इसरार के मकान से हाशिम के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 290400 | 23813 | 300 | 3 माह |
| 4 | मो. कटरा में लियाकत के मकान से कासिफ कम्प्यूटर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 392100 | 32152 | 400 | 3 माह |
| 5 | मो. लोखरियापुर में शादाब के मकान से भोले के मकान तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य। | 432500 | 35465 | 450 | 3 माह |
| 6 | मजाशाह चौराहा तम्बौर रोड गेट (दक्षिण की तरफ) गोल्डेन एस.एस. लेटर से लिखने का कार्य। | 499840 | 40987 | 500 | 3 माह |
| 7 | मजाशाह चौराहा तम्बौर रोड गेट (उत्तर की तरफ) गोल्डेन एस.एस. लेटर से लिखने का कार्य। | 499840 | 40987 | 500 | 3 माह |

नोट:- समस्त कार्यो की जमानत व निविदा मूल्य की अलग अलग रसीद संलग्न करना अनिवार्य होगा।

(अनरूद्ध कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
लहरपुर सीतापुर

(जावेद अहमद)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
लहरपुर सीतापुर

संक्षेप

## दो बंदरों के शवों को सम्मान पूर्वक कराया अंतिम संस्कार

रेउसा/सीतापुर। बुधवार बिसवां रोड पर नारायण हेल्थ केयर के समाने अज्ञात वाहन की टक्कर से दो बंदरों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय लोगों ने रेउसा हनुमंत तिवारी के को सूचना दी थानाध्यक्ष के दिशा निर्देशन पर पुलिस विभाग से कनेस्टेबल राम बहादुर पटेल और पीआरडी कमांडर सरवन कुमार द्वारा शवों को फूल माला पहनकर सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार करवाया। बेजुबानों लावारिश पड़े शवों का सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार करवाने वाले थानाध्यक्ष हनुमंत तिवारी और पुलिस विभाग के कर्मचारियों की लोग प्रशंसा की मौके पर मौजूद टी एन मिश्रा ने कहा की थानाध्यक्ष के निर्देश पर पुलिस के जवानों ने अति पुनीत पावन कार्य किया है इसके लिए रेउसा पुलिस बधाई के पात्र है श्री मिश्रा ने कहा की रेउसा पुलिस मनुष्यों के साथ साथ बेजुबान जनावरो के के प्रति भी ऐसा भाव रखते है की एक सूचना तुरंत उपस्थित होकर अंतिम संस्कार विधि विधान से करवाना सराहनीय है उपस्थित लोगो ने रेउसा पुलिस की सराहना की।

## बैल को बाघ ने बनाया निवाला

सीतापुर। महोली क्षेत्र मे करीब 1 साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी क्षेत्र मे भटक रहा बाघ ग्रामीणों के लिए मुशीबत बना हुआ हैं।महोली रेंज के अंतर्गत बाघ के आतंक से दर्जनों गांव के लोग परेशान हैं। बुधवार को ग्राम सीतारामपुर निवासी जग्गू पुत्र रामेश्वर के एक बैल को उसने अपना निवाला बनाया हैं।ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन रेंज महोली को दी जिसके बाद वन दरोगा अक्षय कुमार पांडे टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी और लौट आए अब देखना है की वन विभाग आगे क्या कार्रवाई करता है।

## स्टाफ की लापरवाही से मरीज की मौत

सीतापुर। जनपद में प्राइवेट अस्पताल के जिम्मेदारो की लापरवाही के चलते छत्रपति शिवाजी महराज हॉस्पिटल के स्टाप की लापरवाही से मरीज की मौत पर परिजनों मे जम कर हंगामा काटा, और अस्पताल के स्टाप पर गलत उपचार होने से मौत का आरोप लगाया है।बताते चले कि शहर के मोहल्ला प्रेम नगर स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल के स्टाप की लापरवाही के चलते भोगनाथ पुत्र बचनू निवासी उंदापुर की मौत हो गई। स्टाप की लापरवाही से हुई मौत से परिजनों मे अस्पताल मे जम कर हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल स्टाप के गलत इंजेक्शन लगाते ही मरीज की मौत हो गई। मृतक का भाई प्रेम व दामाद राजकुमार ने आरोप लगाते हुए कहा कि पैर मे दर्द व सूजन होने के चलते छत्रपति शिवाजी महाराज हॉस्पिटल मे भर्ती कराया गया था। जहा पर स्टाप से कई बार पूछा गया डाक्टर आते नहीं है तो स्टाप स्वयं को डाक्टर बता कर उपचार करता रहा। बुधवार लगभग 12 बजे भोगनाथ ठीक ठाक थे और उन्हें जैसे ही इंजेक्शन लगाते ही झटपटाने लगा और कुछ ही मिनटों मे मरीज की मौत हो गई। अब देखना यह है कि जिला प्रशाशन व स्वास्थ्य विभाग के कार्रवाई करते हैं या नहीं।

## उन्नयन गोष्ठी का आयोजन

पुरवा-उन्नाव। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई असोहा द्वारा परिषदीय स्कूलों के सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह एवं शैक्षणिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन आगामी 8 नवम्बर को असोहा बीआरसी पर आयोजित होगा। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष संदीप द्विवेदी ने दी। आगामी 8 नवम्बर दिन शुक्रवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई असोहा द्वारा परिषदीय विद्यालयों के सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह तथा शैक्षणिक उन्नयन गोष्ठी का आयोजन 12 बजे से बीआरसी परिसर में किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक अनिल सिंह व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह शामिल होंगी। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय करेंगे। इस दौरान ब्लाक असोहा की खण्ड शिक्षा अधिकारी आंचल सिंह, जिलामंत्री गजेन्द्र वर्मा, तहसील प्रभारी पुरवा शिवम चैरसिया समेत सभी शिक्षक व संगठन के सभी पदाधिकारी शामिल होंगे। साथ ही विगत वर्ष सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। उक्त जानकारी ब्लाक अध्यक्ष असोहा संदीप द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि सभी कार्यक्रम की तैयारियां की जा रही हैं।

# महिलाओं ने छठ पूजा के दूसरे दिन खरना कर रखा उपवास

### गन्ने के रस की खीर और रोटी से लगाया भोग, आज होगी छठ पूजा

जिला संवाददाता(vol)



सीतापुर। संतान की दीघार्यु और खुशहाली के लिए की जाने वाली छठ पूजा के दूसरे दिन बुधवार को खरना कर निर्जला व्रत रखकर महिलाओं ने सूर्य देव की उपासना की।

घरों में शाम के समय गेहूं की रोटी, गन्ने के रस की खीर आदि से भोग लगाने के बाद प्रसाद ग्रहण किया। इससे पूर्व बाजारों में छठ पूजा की तैयारियों के चलते पूजन सामग्री, गन्ने, कोसी, कपड़े, श्रृंगार का सामान आदि की खरीदारी के लिए दुकानों पर लोगों की पूरे दिन भीड़ रही। बुधवार को महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर सूर्य देव की उपासना की। महिलाओं ने विशेष तरीके से गन्ने के रस की खीर बनाई गई। इसके अलावा गेहूं की रोटी बनाई गई। उपवास रखने वाली महिलाओं ने शाम के समय अपने-अपने घरों में सूर्य की उपासना कर गेहूं की रोटी, खीर का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। भद्रकाली सीमित के अध्यक्ष पं धनजंय शास्त्री ने बताया कि संतान की दीघार्यु और खुशहाली के लिए की जाने वाली छठ पूजा का पर्व चार दिन तक मनाया जाता है। बुधवार को दूसरा दिन था। गुरुवार को तीसरे दिन शाम को महिलाएं छठ पूजा स्थल पर एकत्र होंगी। यहां पर कृत्रिम तालाब बना है। तालाब के पानी में खड़े होकर महिलाएं डूबते सूर्य देव को अर्घ्य देंगी। शुक्रवार को चैथे दिन तड़के उगते सूर्य देव को अर्घ्य दिया जाएगा। इसके लिए छठ पूजा स्थल पर पहले से ही साफ. सफाई कराई जा चुकी है। इसके अलावा विभिन्न स्थानों को फूलों और बिजली की रंग-बिरंगी झालरों से सजाया जा रहा है। उधर लोगों ने नारियल, काला चना, चावल, सुपारी, लकड़ी की सांच, छाज, डलिया, कोसी, ढकना, ढकनी, गुड़, गन्ने, फल, सब्जी आदि की जमकर खरीदारी की। इससे बाजारों में पूरे दिन चहल-पहल रही।

### इन पुराणों में छठ पूजा का जिक्र

छठ पूजा का उल्लेख विष्णुपुराण, भगवत पुराण, ब्रह्मपुराण में भी मिलता है। इसे लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं, रामायण काल से लेकर महाभारत काल तक इसका उल्लेख मिलता है। एक कथा के अनुसार ऋषि अर्क को स्वयं आकाशवाणी से इस महान पर्व को करने की प्रेरणा मिली थी। वे कुष्ठ रोग से पीड़ित थे। पीड़ा के कारण वे अपना शरीर तक त्यागना चाहते थे, पर तभी आकाशवाणी हुई और उन्हें इस पर्व की महिमा का ज्ञान मिला, जिसके बाद ऋषि अर्क ने श्रद्धा से इस व्रत को किया। भगवान सूर्य की अनुकंपा से वे पूरी तरह ठीक हो गए, इसलिए यह छठ मैया का पावन पर्व यश -वैभव, धन-संपदा वृद्धि के साथ शरीर को भी निरोगी बनाता है।

### छठ पूजा पर सूर्य उपासना का वैज्ञानिक व आध्यात्मिक महत्व

छठ पर्व की परंपरा में वैज्ञानिक और ज्योतिषीय महत्व भी छिपा है। षष्ठी तिथि एक विशेष खगोलीय अवसर है। इस समय धरती के दक्षिणी गोलार्ध में सूर्य रहता है और दक्षिणायन के सूर्य की अल्ट्रावायलेट किरणें धरती पर सामान्य से अधिक मात्रा में एकत्रित हो जाती हैं, क्योंकि इस दौरान सूर्य अपनी नीच राशि तुला में होता है। ज्योतिषाचार्य पंडित राकेश पाण्डेय ने बताया कि इन दूषित किरणों का सीधा प्रभाव जनसाधारण की आंखों, पेट, त्वचा आदि पर पड़ता है। सूर्य की उपासना के इस पर्व का सबसे पहला उल्लेख ऋग्वेद में मिलता है।

## ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ पर चला आरा



लहरपुर /सीतापुर। विकासखंड के ग्राम अकैचनपुर फरीदपुर के मजरा भानपुर में ग्राम समाज की भूमि पर लगे पेड़ पर चला आरा, राजस्व विभाग की टीम ने लकड़ी को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई तक सुपुर्दगी में दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को विकासखंड क्षेत्र के ग्राम अकैचनपुर फरीदपुर के मजरा भानपुर में गाटा संख्या 86 रकबा 0.761 हेक्टयर ग्राम समाज की भूमि वृक्षारोपण के लिए दर्ज है उपरोक्त गाटा संख्या में आम, नीम, जामुन के पेड़ लगे हैं। जिसमें से एक आम के पेड़ को गांव के राम प्रसाद के द्वारा काट दिया गया पेड़ कटने की सूचना पर मौके पर जमा ग्रामीणों ने कटी हुई लकड़ी को रोक दिया और पेड़ के काटे जाने की सूचना तहसील प्रशासन को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल सुभाष ने कटे हुए आम के पेड़ की लकड़ी के बारे में ग्राम प्रधान को जानकारी देते हुए गांव के ही वसीम खान को अग्रिम कार्रवाई तक सुपुर्दगी में दे दिया। इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल ने बताया कि रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज कर कार्यवाही की जा रही है।

## एसपी ने प्रभारियों व एसआई के साथ समीक्षा की बैठक



सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने महमूदाबाद कोतवाली परिसर में सर्किल के चारों थानों महमूदाबाद, सदरपुर, थानगांव और रामपुर मथुरा के प्रभारियों व एसआई के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान एसपी ने लंबित विवेचनाओं का षीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के साथ जन समस्याओं को मौके पर पहुंच निस्तारण किए जाने के निर्देष दिए। एसपी ने महमूदाबाद, सदरपुर, थानगांव और रामपुर मथुरा थानों प्रभारियों से जानकारी हासिल करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देष दिए। समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्राधिकारी दिनेष षुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह, सदरपुर के एसओ राकेष सिंह, रामपुर मथुरा के एसओ कृष्णनंदन तिवारी, थानगांव के थाना प्रभारी उमेष चंद्र चैरसिया सहित समस्त एसआई मौजूद रहे।

## पढ़ाई करते वक्त बच्चों की निगरानी जरूरीः अभिषेक आनंद

- डीएम कार्यशाला में निपुण भारत के लक्ष्यों को पूरा करने का निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। वियनित क्षेत्र भूमिजा बहुद्देशीय हाल खैराबाद में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निपुण सेल की कार्यशाला में प्रतिभाग कर निपुण सेल से होने वाले फायदों को बताया और उन्होंने कहा कि पढ़ाई करते वक्त छोटे बच्चों की निगरानी जरूरी है।

खासकर क्लास एक से तीन तक के बच्चों की। यही उम्र है जब बालमन कोई भी शब्द अपने मानसपटल पर अंकित कर लेता है। इसके लिए बुनियादी शिक्षा को बेहतर बनाने की जरूरत है। तभी भारत तेजी से विकसित होगा और बच्चे निपुण होंगे। जिलाधिकारी ने कहा बुनियादी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने में एआरपी और बीईओ की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यही पाठ्यक्रम में हुए बदलाव को शिक्षकों तक पहुंचाने और निगरानी करने का कार्य करते है। शिक्षक की जिम्मेदारी है कि वह बच्चों का मूल्यांकन हर सप्ताह करें और अभिभावक के संपर्क रहे। जिससे समय समय पर उन्हें भी अवगत कराया जा सके कि बच्चा पढ़ाई में कैसा है। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि एफएलएन के जरिए संख्या और अक्षर की जानकारी छोटे बच्चों को अच्छे से हो जाए तो आगे की कक्षाओं में पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आएगी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि पिछले वर्ष की तुलना में इस साल 57 प्रतिशत बच्चे निपुण श्रेणी में आ चुके है। कार्यशाला में मौजूद ए0आर0पी0 एलिन ने पढ़ाने के दौरान की समस्या और उसके निराकरण के बारे में अन्य शिक्षकों से साझा किया। कार्यशाला में अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश की अकादमिक संस्था एफ0एल0एन0 एवं सी0एस0एफ0 के साथ समन्वय स्थापित कर शिक्षा कार्य को और बेहतर बनाने पर बल दिया। कहा कि समय समय पर इस तरह की कार्यशालाएं आयोजित होती रहनी चाहिए जिससे शिक्षण कार्य को और बेतहर बनाया जा सके। कार्यशाला में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, सीएसएफ की कृतग्या सहित संबंधित अधिकारी एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## जमीनी विवाद में दो पक्षो में हुई मारपीट, वीडियो वायरल



सीतापुर। इमलिया सुल्तानपुर इलाके काजी कमालपुर पुलिस की निष्क्रियता के चलते बुधवार को पुराने विवाद को लेकर दो पक्ष भिड़ गये। दोनो तरफ से लाठी डण्डे व ईंट पत्थर फेंके गये। किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने दोनो पक्षों के लोगों को थाने पहुंचाया। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर लेकर केस दर्ज करते हुये दोनो पक्ष के आधा दर्जन लोगों को पाबन्द करते हुये पुलिस अभिरक्षा में उपजिलाधिकारी न्यायालय भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र की पुलिस चौकी काजी कमालपुर के गाँव कमोलिया में रास्ते किनारे दीवार बनाने को लेकर काफी समय से दो पक्षों में विवाद चल रहा था। जिसकी शिकायत पर शिकायत होती रही, पुलिस अपनी जवाब देही से बचने के लिये हर बार पाबन्द करती रही। बुधवार की सुबह दोनो पक्ष एक दूसरे पर हमलावर हो गये। इस विवाद में महिला व नाबालिग भी कूद पड़े। मारपीट के दौरान किसी के दांत टूट गये। तो किसी के सर पर चोट आई है। किसी चश्मदीद ने मारपीट का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होते ही पुलिस सकते में आ गई। आनन फानन गाँव पहुंचकर दोनों पक्ष के लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचे। जहां एक पक्ष की ममता नामक महिला ने पुलिस को लिखित तहरीर दी। दूसरे पक्ष की तरफ से तहरीर देने कोई नहीं पहुंचा। बताते हैं कि दूसरा पक्ष थानी पुलिस पर विश्वास न करके अपना चिकित्सीय परीक्षण व पैरवी हेतु सीतापुर चला गया। पुलिस ने दोनो पक्षों को एक बार पुनः पाबन्द करते हुये उपजिलाधिकारी महोली के न्यायालय भेज दिया।

## वर्तमान समय में विद्यालय की सबसे बड़ी चुनौती छात्रों की उपस्थितिः अनवर अली

लहरपुर /सीतापुर। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय ईरापुर में विधालय प्रबंधन समिति की बैठक का आयोजन बुधवार को किया गया। जिसमें अभिभावकों ने विद्यालय को बेहतर बनाने के लिए साझा प्रयासों पर चर्चा की,इस मौके पर माह अक्टूबर में शत-प्रतिशत उपस्थिति रहने वाले एवं निपुण लक्ष्य को प्राप्त करने वाले बच्चों को फूल माला पहनाकर तथा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बैठक में मौजूद अभिभावकों को संबोधित करते हुए संकुल शिक्षक अनवर अली ने कहा कि, वर्तमान समय में विद्यालय की सबसे बड़ी चुनौती छात्रों की उपस्थिति है। अभिभावकों के सहयोग से ही इस समस्या का समाधान सम्भव है, सभी अभिभावक अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय अवश्य भेजें। शिक्षक सरोज कुमार वर्मा ने शिक्षा का अधिकार कानून एवं नई शिक्षा नीति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उमेश चन्द्र ने यातायात माह के महत्व पर चर्चा करते हुए यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की। इस मौके पर शिक्षक राजीव ,रामावती वर्मा एएनएम जयदेवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रेमवती ने भी अपने विचार व्यक्त किए। एसएमसी अध्यक्ष हरिपाल ने उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।




## फोटोयुक्त पहचान पत्र बनाये जाने को लेकर बैठक

पाटन, उन्नाव। आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन क्षेत्र में फोटो युक्त पहचान पत्र बनाए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी ने बैठक कर आयोग द्वारा निर्धारित तिथियों की जानकारी दी तथा नाम घटाएं बढ़ाए जाने के कार्य में सहयोग की बात कही। तहसील बीघापुर के मुख्यालय पाटन में वह जिलाधिकारी रणबीर सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अर्हता तिथि 1 जनवरी 2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटो युक्त निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु की गई बैठक में बताया कि सूची में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए फॉर्म 6 6 संशोधन के लिए फॉर्म 8 तथा विलोपित के लिए फार्म साथ का भरा जाना सुनिश्चित किया गया है जिसकी अवधि की जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्य 28 नवंबर 2024 तक किया जाएगा। बैठक के माध्यम से उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण होना है इसके लिए आयोग द्वारा विशेष अभियान तथा तृतीय निर्धारित की गई हैं जिनके संबंध में बताया कि 910 2324 नवंबर की तिथियां निर्धारित की गई है। इस विशेष अभियान के दौरान बी एल ओ अपने अपने बूथों पर उपस्थित रहकर मतदाताओं से फॉर्म प्राप्त कर बी एल ओ ऐप से ऑनलाइन फीडिंग का कार्य भी करेंगे। उप जिलाधिकारी ने इस विशेष अभियान व कार्य में लोगों से सहयोग करने की अपील की है। इस मौके पर तहसीलदार अरसला नाज, नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला, खंड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी, खंड शिक्षा अधिकारी अखिलेश वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## रालोद का अनिश्चितकालीन धरना समाप्त



सीतापुर। रालोद प्रदेश महासचिव आर पी सिंह चैहान के नेतृत्व में कमलापुर साधन सहकारी समिति पर डी ए पी की मांग को लेकर किए जा रहे धरने के दूसरे दिन सहायक निबंधक साधन सहकारी समितियां नवीन शुक्ला एन पी के उर्वरक को ट्रक में लेकर धरना स्थल पर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने धरने पर बैठे रालोद नेता आर पी सिंह चैहान भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रशक्ति के प्रदेश अध्यक्ष मनीष त्रिपाठी और भारतीय किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष और राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरज सिंह धीरू की इफको के क्षेत्रीय प्रबंधक शिव शुक्ला से फोन पर बात कराई जिसमें शिव शुक्ला ने बताया कि डी ए में नाइट्रोजन और फास्फोरस मात्र दो तत्व होते हैं जबकि एन पी के 12:32:16 में नाइट्रोजन फॉस्फोरस और पोटास कुल मिलाकर तीन तत्व होते हैं और यह संपूर्ण उर्वरक है जो कि डी ए पी की अपेक्षा बेहतर काम करती है। उन्होंने यह भी बताया कि डी ए पी का हम अपनी जरूरत का लगभग एक लाख करोड़ टन उर्वरक 100प्रतिशत आयात करते हैं और चीन ने पहले ही मना कर दिया था और लाल सागर में संकट के चलते रूस ईरान और मोरक्को आदि देशों से डी ए पी का आयात हो नहीं पा रहा है। रालोद महासचिव आर पी सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश का कृषि विभाग किसानों को सही जानकारी नहीं दे रहा है इसीलिए किसानों में उहापोह और असमंजस बना हुआ है। कृषि विभाग को बताना चाहिए कि डी ए पी उपलब्ध नहीं है और वैकल्पिक ऊर्वरकों की उपयोगिता और प्रयोग की विधि कृषि गोष्ठियां अयोजित करके दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस तरह स्याही शारदा नहर काट देती है उसी तरह डी ए पी को कौन हजम कर रहा है कृषि विभाग को यह बताना चाहिए। रालोद नेता ने कहा कि किसान नौजवान हमारी प्राथमिकता है और हम इनकी अनदेखी और इन पर जुल्म बर्दाश्त नहीं करेंगे।

## खेल लीग प्रतियोगिता में नवाबगंज के बच्चों ने लहराया परचम

नवाबगंज, उन्नाव। ब्लाक स्थित राजकीय बालिका विद्यालय चमरौली में युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग के तत्वाधान में आयोजित उ० प्र० ग्रामीण खेल लीग 2024-25 का आयोजन किया गया। जिसमें अंकित कराटे अकादमी नवाबगंज के बच्चो ने अपना पंचम लहराया। लक्ष्मी प्रजापति ने 800 मी. दौड में प्रथम, रितिक विमल ने 200 मी. दौड में सेकेंड, नन्दनी ने 400 मी0 दौड में प्रथम, वही कबड्डी में जूनियर व सब जूनियर में नवाबगंज टीम प्रथम रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख प्र0 रवि प्रताप सिंह व तहसील क्रीड़ा प्रभारी धर्मेश प्रताप सिंह ने विजेता खिलाड़ियों को मैडल पहना कर सम्मानित किया और धर्मेश प्रताप सिंह ने सभी बच्चो का मनोबल बढ़ाया और कहा कि खेल सम्बंधित कोई भी जनकारी लेना हो कुछ समझ में न आये तो आप लोग मुझे किसी भी समय आकर मिल कर जानकारी प्राप्त करें। वही नवाबगंज पत्रकार राजा गुप्ता ने अंकित कराटे अकादमी के बच्चों को बधाई दिया।

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक को लगी गोली

- गांव के ही एक युवक पर परिजनों ने गोली मारने का लगाया आरोप
- हिरासत में लेकर युवक से पुलिस कर रही जांच पड़ताल



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। महोली कोतवाली क्षेत्र के अढौरी गांव में मंगलवार देर शाम एक युवक के संदिग्ध परिस्थिति में गोली लग गयी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों ने उसे सीएचसी भर्ती कराया है। जहां से चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। जिला अस्पताल में हालत गंभीर होने के चलते ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है जहां पर उसका उपचार चल रहा है। अढौरा गांव के सतीश पुत्र ओमकार अपने गांव के ही साथी रामजीवन के साथ गांव में ही थे। देर रात गांव के बाहर अचानक हुई फायरिंग की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके की तरफ दौड़े जहां का नजारा देख दंग रह गए मौके पर सतीश खून से लतपथ अचेत पड़ा था। उसके पेट में गोली लगी थी। आनन फानन में परिजन उसे लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में हालत मे सुधार न होने पर चिकित्सक ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है।सतीश के पुत्र अरुण ने बताया कि मंगलवार देर शाम गांव के ही राम जीवन पिता को घर से बुलाकर अपने घर ले गए। जहां पर उन्हें शराब पिलाई इसके बाद गांव के बाहर ले जाकर गोली मार दी। परिजनो के मुताबिक दोनो एक दूसरे के दोस्त हैं कोई पुरानी रंजिश भी नहीं है। शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर विवाद हुआ है जिसपर रामजीवन ने गोली मारी है।सूचना पाकर देर रात मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस रामजीवन को लेकर कोतवाली आई। जहां पर उससे पूछताछ की जा रही है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अभी तक तहरीर नहीं मिली है।तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## धमाके से गिरी कोठरी में दबकर महिला की मौत



सीतापुर। अटरिया इलाके के कस्बा नीलगांव में स्थित मकान में बुधवार की शाम अचानक हुए धमाके से दो कच्ची कोठरी गिरने से एक महिला की दबकर मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू कर महिला को बाहर निकाला।

बताते चलें कि थाना क्षेत्र के नीलगांव में बुधवार शाम छह बजे कफील पुत्र मोहम्मद रफीक के मकान में अचानक तेज धमाका हुआ। जिसमें उसके कच्चे मकान की दो कोठरी (कमरे )गिर गई। जिसमें शाम को खाना बना रही कफील की पत्नी राजिया की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घर के बाहर मौजूद कफील सदमे में आकर बेहोश हो गया। जिसे लोगों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय लोगों की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जेसीबी से रेस्क्यू कर कड़ी मशक्कत के बाद मलवा हटवाया। ग्रामीणों में चर्चा है कि घर में हुए अचानक धमाका वह पटाखे से हुआ है। बीते वर्ष इसी मकान में अवैध पटाखे बनते पकड़े गये।उधर सूचना मिलते ही सिधौली क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार भी मौके का मुआयना किया। थाना प्रभारी रोहित दुबे ने बताया कि प्रथम दृष्टया गैस सिलेंडर फटने से हादसा हुआ है फिलहाल घटना की गहनता से जांच-पड़ताल की जा रही है।

## कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय भागवत कथा का शुभारंभ

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन के अंतर्गत ग्राम दुगार्गंज में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शिवनारायण सेवा समिति के तत्वाधान में किया गया है जो 6 नवंबर से 12 नवंबर तक चलेगी तथा भंडारा 11 नवंबर को होगा। कथा के प्रथम दिन कथा के यजमान राजू गुप्ता व उनकी पत्नी गीता गुप्ता द्वारा शिव मंदिर में पूजा अर्चना के बाद कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया जो गांव के विभिन्न मार्गो से होकर मंदिर पहुंची। इस मौके पर श्रीमद् भागवत कथा वाचक पंडित सुशील त्रिपाठी साधन धाम बिठूर ने कलश यात्रा का महत्व बताते हुए बताया कि प्रथम वरुण पूजन एवं समस्त देवी देवताओं का आवाहन किया जाता है इसके उपरांत श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ जिसमें प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत के महत्व की कथा धुंधकारी का चरित्र श्रवण कराया गया। धुंधकारी ब्राह्मण कुल में जन्म लेने के बाद कुसंग के कारण उसका जीवन कुसंग मय हो गया और उसका स्वभाव बदल गया तथा विचित्र स्थितियों में पड़ गया। कुसंग के कारण उसकी मृत्यू उपरांत प्रेत योनि में जाना पड़ा और प्रेत योनि में मोक्ष के लिए श्रीमद् भागवत कथा गोकर्ण जी के द्वारा श्रवण कराई गई जिससे धुंधकारी नामक प्रेत का मोक्ष हुआ।

## महिला जिला कांग्रेस अध्यक्ष को कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

सीतापुर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सन्तोष भार्गव के नेतृत्व में दिवंगत महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष स्व.निर्मला चौधरी को कांग्रेसियों ने दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। श्रद्धांजलि सभा मे शहर अध्यक्ष सन्तोष भार्गव, महिला आयोग की पूर्व सदस्य शमीना शफीक, पूर्व मिश्रिख लोकसभा प्रत्याशी मंजरी राही, पूर्व जिला अध्यक्ष विनीत दीक्षित, पूर्व शहर अध्यक्ष पुष्पा भार्गव, महिला शहर अध्यक्ष शवनम घोषी, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष आमोद मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष चोक्ष विभु अवस्थी, राजकिशोर सिंह,,शिशिर बाजपेई, विनीता राजवंशी, आशा कनोजिया, दीपा वैश्य, मीना मिश्रा, किरन शुक्ला, अनुपमा द्विवेदी, श्रीश चन्द्र, उपदेश गुप्ता, श्रवण राठौर, राकेश पाल, एम एल पाण्डेय, अवधेश मिश्रा, संजय दीक्षित, अनिल दिवान, सन्तराम बंशल, पीयूष मिश्रा, प्रमोद सिंह आदि पदादिकरियो उपस्थित रहे।

# अमेरिका में ट्रंप सरकार

दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र अमेरिका के मतदाताओं ने ट्रंप के उन वायदों और भाषणों पर एक बार फिर भरोसा जताया है जिसमें वह बार-बार कहते रहे हैं कि हम अमेरिका को महान देश बनायेंगे। बेशक अमेरिका एक महान देश है। आर्थिक और सैन्य दृष्टि से तो महाशक्ति है ही लेकिन शिक्षा, ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मामले में भी अमेरिका दुनिया में पहले पायदान पर खड़ा है। लेकिन हाल के वर्षों में अमेरिका के वैश्विक रुतबे में खासी गिरावट दर्ज की गयी है और यह गिरावट आर्गेनिक नहीं थीं। दरअसल जियो-इकोनॉमिक्स और जियो पॉलिटिक्स के इस दौर में नये महाशक्तियों का उभार हुआ है। आर्थिक, सैन्य, ज्ञान-विज्ञान और प्रौद्योगिकी के मामले बेशक अमेरिका पहले पायदान पर है लेकिन साथ ही विशाल भू संसाधनों और परमाणु जखीरे के साथ रूस ने भी महाशक्ति के दर्जे को न सिर्फ बरकरार रखा है बल्कि पुतिन के नेतृत्व में रूस की ताकत और बढ़ी है। चीन अपनी विशाल आबादी, मैन्युफैक्चरिंग हब के तौर पर और व्यापक सैन्य शक्ति



**बाइडेन प्रशासन ने अनेक मौकों पर भारत को बहुत ही टफ टाइम दिया है, बांग्लादेश व खालिस्तान मुद्दे पर ट्रंप से भारत को सहूलियत होगी।**

और संसाधनों के कारण महाशक्ति का दर्जा हासिल हो चुका है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद शीत युद्ध का जो लंबा दौर चला उसमें दुनिया दो खेमों के बंटी थी। इसमें पूंजीवादी खेमा अमेरिका के नेतृत्व में गोलबंद हुआ और समाजवादी खेमा सोवियत संघ के नेतृत्व में एकजुटता दिखा रहा था। इस तरह दुनिया दो महाशक्तियों के ईर्द-गिर्द ही घूम रही थी। लेकिन अब दुनिया बाईपोलर नहीं रह गयी है। अब शक्ति के कुछ नये केन्द्र भी उभरे हैं और दुनिया इसे स्वीकार भी कर रही है। अमेरिका महाशक्ति है ही। सोवियत संघ का स्थान रूस ले चुका है। वैश्विक महाशक्ति में चीन नया खिलाड़ी है और भारत अपनी विशाल आबादी, लोकतंत्र, तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और दुनिया भर में फैला विशाल टेक्नो डायसपोरा के दम पर न सिर्फ साफ्ट पावर बनकर उभरा है बल्कि आर्थिक और सैन्य क्षेत्र में दुनिया की चौथी महाशक्ति के रूप में स्थापित हो चुका है। अमरीकी एजेंसियां ही इस बात की तस्दीक बार-बार करती हैं। दुनिया में चार महाशक्तियां हों, बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था में वैश्विक कूटनीति आगे बढ़ने को कदमताल कर रही हो, तब यह संभव नहीं है कि पूरी दुनिया अमेरिका के इशारे पर चले। ऐसे में ट्रंप अमरीका का वह दौर तो नहीं लौटा पायेंगे जैसा दौर अमेरिका ने सोवियत रूस के पतन के बाद तीन दशकों तक देखा है। क्योंकि इस दौर में अमेरिका एकमात्र महाशक्ति थी और उसके सामने कोई बड़ी चुनौती नहीं थी। लेकिन फिर भी ट्रंप के पास अमेरिका को देने के लिए बहुत कुछ है। बाइडेन की सरकार में जिस तरह अमरीका में आंतरिक चुनौतियां बढ़ीं, अवैध प्रवास समस्या बना, बेरोजगारी और महंगाई बढ़ी, दुनिया भर के युद्ध और विवादों में अमरीका उलझता गया, यूएस डीप स्टेट ने जिस तरह पूरी दुनिया में पोस्ट कोरोना चुनौतियों से जूझ रहे राष्ट्रों के समक्ष परेशानियां खड़ी कीं, उससे ट्रंप निजात दिला सकते हैं। इससे अमरीका की गरिमा भी बढ़ेगी, लोगों की चुनौतियां कम होंगी और एक बार फिर अमरीका प्रगति के रास्ते पर लौटेगा। जहां तक ट्रंप के दौर में भारत के साथ रिश्तों की बात है, यह नई ऊंचाइयों पर पहुंच सकते हैं। बाइडेन प्रशासन जिसे परोक्ष रूप से ओबामा चला रहे थे, ने भारत को अनेक मौकों पर टफ टाइम दिया। यूएस डीप स्टेट ने बांग्लादेश में जिस तरह तख्तापलट कराया, निज्जर मामले में कनाडा के साथ खड़ा हुआ और पन्नू के मामले को तूल दिया, उससे भारत-अमरीका के रिश्तों में कुछ ठहराव आया है। ट्रंप इन मामलों में नरम रुख अपना सकते हैं, आतंकवाद, चीन और पाकिस्तान पर पहले से ही उनका रुख सख्त है। कुल मिलाकर ट्रंप प्रशासन में भारत के साथ अमेरिकी रिश्तों में नयी गर्माहट आ सकती है जो कि बाइडेन काल में ठंडा पड़ गया था।

## विचार

मेरे शब्द ऊपर उड़ जाते हैं, किन्तु मेरे विचार पृथ्वी पर ही रह जाते हैं। शब्द बिना विचारों के कभी स्वर्ग नहीं जा सकते।

-शेक्सपियर.

यदि वृद्धावस्था की झुर्रियां पड़ती हैं तो उन्हें हृदय पर मत पड़ने दो। कभी भी आत्मा को वृद्ध मत होने दो।

-जेम्स गारफील्ड.

यदि कोई व्यक्ति या शिक्षा हमें यह सिखाने की कोशिश करे कि हम अकेले चलना सीखें तो यह ठीक है, किसी के सहारे चलना अपने व्यक्तित्व का नाश करना है।

-सुभाष चन्द्र बोस.

जो उपदेश पसंद नहीं करते हैं वे सहायता के हकदार भी नहीं हो सकते।

-फ्रेंकलिन.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, मद, अहंकार और लोभ की थोड़ी सी मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान ही होते हैं।

-संत कबीर.

# कैंसर से बचाव के लिए जागरुकता अहम



अरविन्द जयतिलक

आज राष्ट्रीय कैंसर जागरुकता दिवस है। कैंसर भारत सहित दुनिया भर में गैर-संचारी रोगों की वजह से होने वाली बीमारियों एवं मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार वैश्विक स्तर पर लगभग 18 मिलियन मामले कैंसर से संबंधित थे जिनमें से 1.5 मिलियन मामले अकेले भारत से थे। गत वर्ष आईसीएमआर और बंगलूरु स्थित राष्ट्रीय रोग सूचना एवं अनुसंधान केंद्र (एनसीडीआईआर) द्वारा खुलासा किया गया था कि देश में कैंसर के मामले में अगले पांच वर्ष में 12 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी हो सकती है। नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम रिपोर्ट से भी उद्घाटित हो चुका है कि अगले पांच सालों में महिलाओं में सबसे ज्यादा ब्रेस्ट कैंसर के मामले सामने आ सकते हैं। भारत में सालाना होने वाली कुल मौतों में से 6 प्रतिशत मौतें कैंसर की वजह से होती हैं। भारत में कैंसर की प्रमुख वजहों में अशिक्षा, कुपोषण, गरीबी, कम उम्र में विवाह, महिलाओं का बार-बार गर्भवती होना और खराब सेहत है। अगर इस दिशा में सुधार के कदम उठाएं जाए तो परिणाम बेहतर हो सकते हैं।

**यूनियन फॉर इंटरनेशनल कैंसर कंट्रोल का दावा है कि विकासशील देश में फैली कैंसर की बीमारी उपचार के विकल्प की कमियों का नमूना भर है। यूनियन का कहना है कि अगर एचपीवी टीका कैंसर के मरीजों के बीच अच्छी तरह वितरित किया जाए तो सर्वाइकल कैंसर को समाप्त किया जा सकता है।**

विशेषज्ञों का कहना है कि कैंसर के उपचार के विकल्प को मात्र तीन तरीके से पाटा जा सकता है। इसके लिए सबसे पहले वैश्विक समुदाय को विकासशील देशों में कैंसर की जांच के लिए कार्यक्रम चलाने में मदद देनी चाहिए। इसके तहत रेडियोथेरेपी मशीनें उपलब्ध कराने के साथ ही भारत सरकार की राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना की तरह आम लोगों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य बीमा को अपनाने को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। विशेषज्ञों का मानना है कि अगर हर साल कैंसर के उपचार में पूरी दुनिया में 320 अरब डॉलर का निवेश किया जाता है तो कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या आधी हो जाएगी। अगर सर्वाइकल व स्तन कैंसर से पीड़ित महिलाएं समय रहते पपानीकोलाउ (पैप) स्मीयर और मैमोग्राम स्क्रीनिंग टेस्ट कराकर तुरंत इलाज कराएं तो इस भयंकर बीमारी से छुटकारा मिल सकता है। आईएमआरसी के मुताबिक बेहतर उपचार होने की स्थिति में बचने वाले पांच मरीजों में से चार विकासशील देशों के होंगे। लेकिन विडंबना है कि कैंसर पीड़ित मरीजों विशेषकर महिलाओं में इस भयावह बीमारी को लेकर जागरुकता का घोर अभाव है और दूसरा तथ्य यह भी कि उन्हें समय पर इलाज भी नहीं मिल रहा है। इंटरनेशनल एजेंसी फॉर रिसर्च ऑन कैंसर द्वारा गत वर्ष जारी ग्लोबोकैन की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में कैंसर के करीब 1.93 करोड़ मामले सामने आए और एक करोड़ लोगों की मौत हुई। अभी गत वर्ष ही जेसीओ ग्लोबल ऑन्कोलॉजी में प्रकाशित यह अध्ययन चिंतित करने वाला है कि भारत में कैंसर से महिलाओं की मौत सर्वाधिक हो रही है। अध्ययन के मुताबिक वर्ष 2000 से वर्ष 2019 के बीच पुरुषों में कैंसर मृत्यु दर में सालाना 0.19 फीसदी की गिरावट आई है वहीं महिलाओं में 0.25 फीसदी की वृद्धि हुई है। भारत की बात करें तो 17.5 लाख कैंसर के नए मामले हर वर्ष सामने आते हैं।





**राष्ट्रीय कैंसर दिवस**

एक रिपोर्ट के मुताबिक हर आठ मिनट में ग्रीवा के कैंसर से एक महिला की मौत होती है। हर दिन 2500 लोगों की मौत तंबाकू सेवन से उपजे कैंसर के कारण होती है। 19 वर्ष की उम्र तक हर वर्ष 50 हजार बच्चे कैंसर के शिकार होते हैं। 20 हजार बच्चे इलाज के अभाव में और 30 फीसद बच्चे जांच न हो पाने के कारण दम तोड़ देते हैं। अच्छी बात यह है कि 2016-18 के दौरान 'वी कैन, आई कैन' की थीम निर्धारित किया गया उसे लेकर जागरुकता बढ़ी है। इसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति के सामूहिक व व्यक्तिगत स्तर पर वैश्विक रुप से कैंसर की रोकथाम की दिशा में प्रयास करना है। देखा भी जा रहा है कि इस थीम के तहत लोगबाग अपनी जीवनशैली को स्वस्थ रखकर तथा परिवार एवं समुदाय को इसके प्रति जागरुक रखकर कैंसर की रोकथाम और उससे बचाव की दिशा में अहम योगदान कर रहे हैं। यह इसलिए भी आवश्यक है कि गत वर्ष अमेरिकन कैंसर सोसायटी और प्रतिष्ठित मेडिकल जर्नल लैंसेट ने दावा किया था कि 2030 तक कैंसर से होने वाली मौतों में 60 प्रतिशत का इजाफा होगा। उसने यह भी कहा था कि कैंसर से सालाना 55 लाख महिलाओं को अपनी जान से हाथ धोना पड़ सकता है। दरअसल विशेषज्ञों ने शोध में पाया है कि वर्तमान समय में दुनिया की प्रत्येक 7 महिलाओं की मौतों में एक की मौत कैंसर से हो रही है। एक अन्य शोध से उद्घाटित हुआ है कि 2030 तक सर्वाइकल (बच्चेदानी का मुंह) कैंसर से पीडित महिलाओं की संख्या में 25 प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में सर्वाइकल कैंसर की चपेट में आकर हर साल दुनिया में तकरीबन 2 लाख 75 हजार महिलाओं की मौत हो रही है।

आंकड़ों पर गौर करें तो सर्वाइकल कैंसर के कारण दम तोड़ने वाली महिलाओं की 85 फीसदी आबादी केवल विकासशील देशों से है। कैंसर के कारण मरने वाले 70 फीसद से अधिक लोग इन्हीं तीन महाद्वीपों के होते हैं। चिंता की बात यह भी कि कैंसर से पीड़ित महिलाओं के सर्वाधिक मामले भी गरीब देशों में ही देखे जा रहे हैं। आंकड़ों के मुताबिक विगत वर्षों में महिलाओं के कैसर के मामलों में 56 प्रतिशत और 64 प्रतिशत मौतें गरीब देशों में हुई। उल्लेखनीय तथ्य यह कि गरीब देशों में कैंसर से होने वाली कुल मौतों में दो तिहाई स्तन कैंसर और 10 में से 9 सर्वाइकल कैंसर से होती है। शोधकताओं की मानें तो तेजी से होते आर्थिक बदलाव से बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता, असंतुलित खुराक, मोटापा और प्रजनन कारकों के चलते गरीब देशों में कैंसर पीड़ित महिलाओं की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। अगर नियमित शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा दिया जाए तो इससे शरीर संतुलित रहेगा और एक तिहाई कैंसर के मामले रोके जा सकते हैं। ह्यइंडस हेल्थ प्लसह्न की रिपोर्ट की मानें तो शहरों में बढ़ते हुए मोटापे के कारण 10 से 12 प्रतिशत जनसंख्या पेट के कैंसर के जोखिम के दायरे में आ गयी है। 25 से 30 वर्ष के आयु वर्ग की 17 प्रतिशत जनसंख्या में धुम्रपान एवं तंबाकू के सेवन के कारण मुख एवं फेफड़े के कैंसर का उच्च स्तरीय खतरा बन गया है।

चिकित्सकों का कहना है कि एक तिहाई से ज्यादा कैंसर तंबाकू या उससे बने उत्पादों के सेवन की देन है जबकि एक तिहाई खान-पान व रहन-सहन या दूसरे कारणों हो होते हैं। जहां तक महिलाओं द्वारा तंबाकू का सेवन का सवाल है तो इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। लेकिन महिलाओं को तंबाकू के सेवन से बचना चाहिए। क्योंकि उनका शरीर तंबाकू के प्रति उच्च संवेदनशील होता है। तंबाकू के सेवन से उनमें सर्वाइकल कैंसर का खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। तंबाकू के सेवन के अलावा घर व बाहर का वायु प्रदूषण भी कैंसर के बढ़ते खतरे का शबब बनता जा रहा है।

भारत में बढ़ते वायु प्रदूषण के कारण दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में 35 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के लोग विभिन्न प्रकार के कैंसर के जोखिम के दायरे में आ रहे हैं जिसके लिए काफी हद तक वायु प्रदूषण भी जिम्मेदार है। वाहन एवं उद्योगों से निकलने वाले जहरीले धुंए से होने वाले प्रदूषण के कारण पिछले वर्ष फेफड़े के कैंसर मामले में 5 से 6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दक्षिण पूर्व एशिया में यह समस्या ज्यादा विकट है। वर्तमान समय में विश्व के शीर्ष 20 प्रदूषित शहरों में 14 दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र से हैं।

## सोशल मीडिया

मैं गलत नहीं बोलता जब कहता हूं भाजपा झूठ व नफरत की शोरूम है, हम झारखंडियों को विरासत में संघर्ष मिला, पर इन तानाशाहों को सिर्फ नफरत फैलाने का ज्ञान मिला। हेमंत सोरेन.



आ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में आज केंद्रीय कैबिनेट ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु पीएम विद्या लक्ष्मी योजना को मंजूरी दी है। शिवराज सिंह चौहान.



दिल्ली की मेहरबानी नहीं चाहिए बिहार के लोगों को, यहां के लोग इतना सक्षम बनेंगे कि दूसरे राज्यों की मदद करेंगे, शराबबंदी खत्म होती, इससे जो कर मिलेगा वह शिक्षा पर खर्च होगा। पीके.



# मानव सेवा का भाव

हमारी कई आदतें एवं स्वभाव ऐसे होते हैं जो हमारे व्यक्तित्व को गहरे से प्रभावित करते हैं। अगर हम इन आदतों से बचकर रहें तो निश्चय ही हमारा जीवन अधिक सरल एवं सुगम होगा। इस संदर्भ में धम्मपद में गौतम बुद्ध कहते हैं, पांच चीजों को दरवाजे से ही भगा दो, और इनके साथ पांच और हैं, और फिर पांच वह हैं जिनका स्वागत करना है और जब पांच को किनारे पर ही छोड़ दिया जाता है, तो तलाश करने वाले को ओघतिन्नोती कहा जाता है यानी 'जिसने (समुद्र) पार कर लिया है। स्वार्थ, शक, छद्म आध्यात्मिकता, जोश व नफरत वह पांच चीजें हैं जो हमेशा आपके दरवाजे पर खड़ी रहती हैं। तनिक सी लापरवाही और वह अंदर प्रवेश कर जाती हैं। इसलिए अधिक सतर्कता की आवश्यकता है कि उन्हें दरवाजे से ही लौटा दिया जाये। दरअसल, जो लोग यह सोचते हैं कि वह निस्वार्थ सेवा कर रहे हैं, वह भी निस्वार्थ सेवा नहीं कर रहे होते हैं। उनकी सेवा स्वार्थ भरी होती है। वह स्वार्थी होते हैं। उन्हें किसी महान पुरस्कार की तलाश होती है- स्वर्ग और स्वर्ग के आनंद की। स्वार्थीपन से सतर्क रहें। जो लोग आस्था रखते हैं, वह भी शक से भरे होते हैं, तथ्य यह है कि जो लोग शक से भरे नहीं होते, उन्हें आस्था की आवश्यकता ही नहीं है। आस्था का सीधा सा अर्थ है कि आपने शक को ढक लिया है। जब लोग आध्यात्मिक होना चाहते हैं तो छद्म आध्यात्मिक होना आसान हो जाता है। आप मंदिर में जाकर कुछ रीति रिवाजों का पालन करते हैं या पूजा पाठ करते हैं तो आप हिंदू हो जाते हैं, यही काम रविवार को गिरजाघर में जाकर करते हैं तो ईसाई हो जाते हैं और मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ते तो मुस्लिम हो जाते हैं। असल आध्यात्म हर सड़ी गली चीज, हर गुजरी हुई चीज, हर वह चीज जो दूसरों के द्वारा आप पर थोपी जा रही है, हर प्रकार की कंडीशनिंग के विरुद्ध विद्रोह है। ...और जोश... गौतम बुद्ध ने कहा, सावधान! आप इसे यहां दबा लेंगे, लेकिन कहीं और इसकी इच्छा करने लगेंगे। जोश आपको इतनी आसानी से नहीं छोड़ता है। अंतिम चीज है नफरत। आपके सारे अंग नफरत से भरे हैं- पापियों के लिए नफरत से। इसलिए उन्होंने नरक की रचना की है। अपने लिए स्वर्ग और पापियों के लिए नरक। अपने लिए स्वर्ग और नरक उन लोगों के लिए जो उनके धर्म का पालन नहीं करते। यह नफरत है। यह वही मानसिकता है, वही बदसूरत मन जो नए खेल, खेल रहा है, लेकिन बदला कुछ नहीं है। पांच और चीजें हैं... जो दिखाई नहीं देतीं, लेकिन वह भी हैं, जो इन पांच के पीछे छुपे हुए हैं। यह हैं- जीने की हवस, महिला के लिए हवस या पुरुष के लिए हवस को छोड़ा जा सकता है। लेकिन स्वयं जीवन के लिए हवस को छोड़ना बहुत कठिन है। हर कोई जीना चाहता है और जब तक संभव हो जीना चाहता है।

अंतर्दृष्टि

# उत्तम किस्म के चमचे चाहिए!

व्यंग्यलोक

वह परीक्षा किस काम की जिस में पेपर आउट ना हो! प्रश्नों को हल करने में किसी प्रकार का डाउट ना हो! हर एक वोटर को देना होगा इसका खर्चा। चुनाव प्रचार में दलदल पार्टी का नेता वोटरों के आगे प्रतिदिन अपनी नाक को 1.1 मिलीमीटर घिसता रहा। रबड़दल पार्टी का नेता अपनी नाक 1.2 मिलीमीटर घिसता है। चुनाव परिणाम के दिन दलदल पार्टी की नाक 5.5 मीटर घिस चुकी थी जबकि रबड़दल पार्टी की नाक 5 मीटर ही घिसी बताइए दोनों ने कितने कितने दिन चुनाव प्रचार किया? सामान्यतया वोटरों में शराब बांटने से 1.7 प्रतिशत, रुपए बांटने से 1.2 प्रतिशत और कपड़े बांटने से 0.7 प्रतिशत वोटों की वृद्धि होती है। एक पार्टी अपने वोटों को पिछले चुनावों की तुलना में 17.5 प्रतिशत बढ़ाना चाहती है, तो बताइए उसे 60 करोड़ वोटरों के लिए कितनी मात्रा में शराब कपड़े और रुपयों की व्यवस्था करनी पड़ेगी? एक विरोधी नेता की सभा में हंगामा मचाने के लिए 10 उत्तम किस्म के चमचे चाहिए। इस किस्म के एक चमचे पर कुल 0.4 लाख रुपयों का खर्चा पड़ता है।



राम विलास जॉंगिड़

एक पार्टी ने ऐसे चमचों पर 11.5 करोड़ रुपए खर्च किए तो बताइए उसने कुल कितनी विरोधी सभाओं में हंगामा मचाया? एक पार्टी अपने फंड में 30 प्रतिशत रुपए भ्रष्टाचार से 10 प्रतिशत रूपए कमीशन से 25 प्रतिशत रुपए रिश्वत से 20 प्रतिशत रुपए ट्रांसफर से व शेष रुपए चंदे से जमा करती है। यदि पार्टी फंड में इस वर्ष 8000 करोड़ रुपए जमा हुए तो बताइए पार्टी ने ट्रांसफर बिजनेस में कितना रुपया कूटा? ब्लॉक, जिला व राज्य स्तर के किसी विरोधी गुट के नेता को तोड़ने में दी जाने वाली राशि का अनुपात 1:2:3 का रहता है। अगर कोई पार्टी विरोधी गुट के जिला स्तरीय नेता को 0.7 करोड़ में तोड़ती है, तो उसे राज्य स्तरीय 8 नेताओं को तोड़ने में कितने रुपयों की जरूरत होगी? एक पार्टी ने दलित वोटों के लिए 500 कैरेट शराब, पिछड़े वोटों के लिए 400 टन कबाब और सवर्ण नोटों के लिए 570 शबाब की व्यवस्था की, बताइए पार्टी को मिलने वाले वोटों में दलित, पिछड़े व सवर्ण के वोटों का कितना अनुपात रहेगा? एक नेता को तोड़ने में 5 करोड़ रुपए व चार सुंदरियों की जरूरत होती है। पार्टी को सरकार बनाने के लिए 38 नेताओं की जरूरत है। बताइए सरकार बनाने के लिए उसे कितने रुपए व कितनी सुंदरियों की जरूरत होगी। चुनाव जीतने में एक नेता ने 10 करोड़ खर्च किए व मंत्री पद उसने 15 करोड़ में खरीदा। अगर उसे प्रति भ्रष्टाचार 5 लाख प्रति कमीशन डीलिंग 3 लाख व प्रति ट्रांसफर 1 लाख रुपयों की आय होती है। तब बताइए कि उसे कुल कितने भ्रष्टाचार, कमीशन और ट्रांसफर केस डील करने होंगे ताकि वह नेता व्यवसाय में अपनी लागत का 5 गुना रुपया आराम से निकाल सके?

# पवित्रता, पर्यावरण और भक्ति का पर्व है छठ





धर्म-अध्यात्म

प्रो. आर.एन. त्रिपाठी

भारत उत्सव धर्मी देश है जहां त्योहार और पर्व को उत्साह पूर्वक मनाने और हर पर्व में प्रकृति से स्वयं को जोड़ने की सदियों पुरानी परंपरा रही है। ऐसे में ही छठ एक ऐसा महापर्व है जो सर्व- समाज समावेशी पर्व है जिसमें जाति, गरीबी-अमीरी, ऊंच-नीच के सारे भेद तिरोहित हो जाते हैं और समाज में समावेशन के आधार पर सभी लोग श्रद्धाभाव से इस पर्व को मनाते हैं। छठ प्रकृति से मनुष्य का सीधा साक्षात्कार कराने वाला पर्व है। इसमें पूजन के लिए नदी का जल वह भी समान रूप से सबके लिए उपलब्ध है। किसी के लिए कोई बाध्यता नहीं है। इस छठ पर्व के आराध्य भगवान सूर्य हैं जो संपूर्ण ब्रह्मांड के लिए समान भाव से हमेशा सबको प्रकाश देते हैं। इस पर्व पर गीत जो गाये जाते हैं वह गीत भी पारंपरिक स्थानीयता के अनुसार पृथ्वी की पर्यावरणीय सुरक्षा और उसकी महता में ही गाए जाते हैं।

इस पर्व की अगर पूजन की विधि पर विचार करें तो नदी के किनारे वह घाट जो किसी का स्थान नहीं होता, वह सार्वजनिक स्थान ही होता है। जैसे नदी सार्वजनिक होती है, वैसे स्थान भी सार्वजनिक होता है। इससे यह संदेश मिलता है कि सुख सामूहिकता में ही है, वैयक्तिकता में नहीं। सभी लोग अपनी पूजन सामग्री लेकर जो एक ही प्रकार की पूजन सामग्री है, और जो प्रकृति से ही ली जाती है चाहे वह शकरकंद हो, केला हो या फूल-फल हो, वह सब प्रकृति से उत्पादित होता है। सूप हो या दौरी, वह सबके लिए समान होती है। कोई बहुत महंगा प्रसाद या सामान इसमें नहीं प्रयुक्त होता है। इस पर्व पर समानता और समावेशन ऐसा है कि प्रसाद का भोक्ता हर जाति हर धर्म का व्यक्ति भी होता है और जैसे सूर्य का प्रकाश बिना किसी भेदभाव के सबको मिलता है वैसे ही बिना भेदभाव से मनाए जाने वाला यह पर्व समभाव समाजीकरण का सबसे बड़ा उदाहरण है। भारत के सभी पर्व ऊर्जा केंद्रित होते हैं। विशेषकर हमारा छठ पर्व। यह पूर्ण वैज्ञानिक ऊर्जा प्राप्ति का पर्व है क्योंकि संपूर्ण ऊर्जा का स्त्रोत एकमात्र सूर्य है। उदीयमान सूर्य, अस्ताचलगामी सूर्य की इसमें समान रूप से पूजा की जाती है। इस बहाने जैसे यह कहा जा रहा हो कि प्रकृति प्रदत्त जो कुछ भी है, वह हमारा नहीं है। हम इसके एकमात्र ट्रस्टी हैं। हम इसके मात्र आंशिक भोक्ता हैं और एक दिन यह सब छोड़कर जाना ह। इसीलिए अपने आगे आने वाली पीढ़ी के लिए भी छोड़िए और इतना उपभोग न करिए कि आगे आने वाली पीढ़ी बेकार हो जाए। उसके लिए कुछ बचे ही नहीं। 'धारणीय विकास' जिसे सस्टेनेबल डेवलपमेंट कहा जाता है का यह सबसे अच्छा उदाहरण है। हम मनुष्य सारे जीव-जंतु, जड़-चेतन में कोई भिन्नता नहीं होती इस त्यौहार में, और न तो किसी को ज्यादा या कम अधिकार प्राप्त है। न तो किसी के साथ भेदभाव है। समता और सहजता बनी रहे, इसलिए सूर्य की पूजा की जाती है और वह भी सार्वजनिक स्थान पर की जाती है। आध्यात्मिक दृष्टि से देखें तो हमारा यह शरीर पंच तत्वों से रचित है जिसमें क्षिति अर्थात पृथ्वी, जल, पावक गगन और समीर की पूजा होती है, यही पूजा इस छठ पर भी की जाती है पवन, नदी का जल, सूर्य का प्रकाश, वायुमंडल की वायु, दीप के माध्यम से अग्नि आदि की पूजा यह सब प्रकृति की ही तो पूजा है। इस संपूर्ण रचनाधर्मिता के मध्य एक मात्र मनुष्य ही होता है। कहा जाता है कि यही एक आशिक भोक्ता है, बाकी सभी दाता हैं। इसलिए यह त्यौहार बताता है कि प्रकृति पर विजय प्राप्त करने की कोशिश न करें और संसाधनों का नाजायज दोहन भी न करें। चार दिन चलने वाला यह पर्व शारीरिक, मानसिक और वैचारिक पवित्रता को प्राप्त कराता है। हमारी समस्त अंतर्शक्तियां इसमें जागृत हो जाती हैं और हमारे अंतस में जो छल, द्वेष, पाखंड और अपने शारीरिक सुंदरता का प्रदर्शन है वह समाप्त हो जाता है। हमारे अंतस में समता आ जाती है जिससे चित्त में शांति आ जाती है। प्रकृति और सार्वजनिक स्थलों की देखभाल के लिए भी यह एक अच्छा पर्व है इस पर्व की प्रत्येक वस्तु का अपना-अपना सबका महत्व है जैसी गन्ने की मिठास कहती है कि मिठास अपनी वाणी में रखो। अपने अंतर्मन में रखो और चावल के पकवान कहते हैं कि जिस रूप से भी पकाना हो, पका जाइए केवल आहार बनिए और प्रकृति के उपहार बनिये। हमारे पारम्परिक पर्व अमरत्व के पर्व होते हैं इस पर्व पर हम अपनी भारतीयता अर्थात उदारचरितानाम तु वसुधैव कुटुंबकम का अपना सिद्धांत पालन करते हैं और छठ का प्रसाद सभी को बांटते हैं।

**(लेखक बीएचयू में समाजशात्र के प्रोफेसर हैं)**

## आपकी बात

### जरूरी है सामाजिक सुरक्षा

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। सरकार भी अपना कुछ कंट्रीब्यूशन एक सीमा तक बढ़ाये और जब साठ साल पर पेंशन की पात्रता मिले तो पेंशन की राशि इतनी हो जो तीन हजार रुपये की वर्तमान वैल्यू के बराबर हो जाये। उसके साथ हर साल इन्फ्लेशन के हिसाब से पेंशन राशि बढ़ती जाये। इससे जहां एक तरफ पेंशन राशि से मिलने वाली सेवाओं एवं वस्तुओं की मात्रा एवं वैल्यू पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा वहीं दूसरी तरफ श्रमिक धीरे-धीरे आराम से अपना कंट्रीब्यूशन बढ़ाकर बचत भी बढ़ा सकेंगे। कोई भी योजना जब शुरू होती है तो उसमें अनेक खामियां होती हैं और उसमें सुधार के प्रयास होते रहने चाहिए। फिलहाल इस योजना का सबसे सकारात्मक पहलू यह है कि सरकार ने ऐसे श्रमिकों के बारे में सोचा जिनको अभी किसी भी तरह की पेंशन या सामाजिक सुरक्षा का सहारा नहीं मिलता है। किसी भी समाज में सामाजिक सुरक्षा के लिहाज से यह जरूरी है कि सरकार एक व्यापक पेंशन आधारित समाज का निर्माण करना चाहती। श्रम योगी मानधन, किसान मानधन, कर्मयोगी मानधन जैसी योजनाओं के जरिए सरकार उन लोगों को सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने का प्रयास कर रही है जो किसी संगठित योजना के दायरे में नहीं हैं। यह अच्छी पहल है लेकिन इससे सबको जोड़ना चाहिए ताकि एक व्यापक पेंशन भोगी समाज बने और सबको सामाजिक आर्थिक सुरक्षा सरकार से मिलता रहे।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### जलवायु परिवर्तन का संकट

पर्यावरण एक ऐसा मुद्दा है जिस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है जबकि इस दिशा में काम करने की जरूरत है। प्रदूषण शहरों के लिए कितना खतरनाक बन गया है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि अत्यधिक प्रदूषण वाले शहरों के नागरिकों की औसत आयु चार से छह वर्ष तक प्रदूषण जनित बीमारियों के कारण कम हो गयी है। वायु प्रदूषण हर साल बड़ा संकट बनकर वर्षात के बाद आता है। यह सिलसिला हर साल बरसात के बाद शुरू होते हैं और फरवरी के आखिर तक बना रहता है। सर्दियों के दौरान हर साल उत्तर भारत के शहरों की आबोहवा विषैली हो जाती है, लोग बीमार पड़ने लगते हैं, बुजुर्गों व दमा रोगियों के लिए तो किसी आपदा जैसी होती है, लेकिन जो लोग स्वस्थ हैं वे भी धीरे-धीरे जहरीली हवा की चपेट में आकर बीमार होने को मजबूर हैं। सरकारों की नीति भी ऐसी है कि निकट भविष्य में कोई बड़ा बदलाव आयेगा ऐसी उम्मीद करना बेमानी है। इसलिए पर्यावरण के मुद्दे पर ठोस पहल की जरूरत है ताकि जलवायु परिवर्तन के संकट से निबटा जा सके।

**देवेश कुमार सिंह, लखनऊ.**

संक्षेप

## कैंपस प्लेसमेंट में 38 छात्र छात्राओं को मिला नियुक्ति पत्र

**कुमारगंज-अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में फार्मर फेस कंपनी ने छात्रों के प्लेसमेंट के लिए साक्षात्कार आयोजित किया। इस साक्षात्कार में लगभग 100 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विश्वविद्यालय स्थित डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट की प्रक्रिया कुलपति डा. बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कुलपति ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य की कामना की है। कैंपस प्लेसमेंट के लिए विभिन्न महाविद्यालय के स्नातक एवं परास्नातक के अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। फार्मर फेस कंपनी के निदेशक की ओर से विश्वविद्यालय के कुल 38 छात्र-छात्राओं को चयनित कर उन्हें नियुक्ति पत्र दिया गया। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह, डायरेक्टरेट ऑफ प्लेसमेंट के निदेशक डा. डी. नियोगी, प्लेसमेंट, डा. सुप्रिया, डॉ आनंद, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सरयू तट पर छठ उत्सव मनायेंगी महिलाएं



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** बिहार ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश में भी छठ महापर्व की धूम है। लोक आस्था का महापर्व छठ भी दिव्य व भव्य हो, इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद भी कह चुके

- जल और स्थल, दोनों जगह रहेगी विशेष सुरक्षा व्यवस्था

हैं कि इस पर्व के दौरान इसकी दिव्यता और भव्यता पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसे लेकर अयोध्या में भी प्रशासनिक अमले ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। घाटों पर सफाई व्यवस्था के साथ बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जा रही है। बता दें कि पूर्वांचल में बड़ी संख्या में लोग छठ महापर्व मनाते हैं। अयोध्या जिले के कोने-कोने में भी इस पर्व को मनाने के लिए श्रद्धालुओं में खास उत्साह देखा जा सकता है।

अयोध्या में गुप्तारघाट और नयाघाट के अलावा गोसाईगंज, रुदौली में नदियों के तट पर व्रती महिलाएं अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देती हैं। बाजारों में फल और दौरा की बिक्री जोरों पर है।चार दिवसीय छठ पूजा पांच नवम्बर को नहाय-खाय के साथ शुरू हो चुकी है।

छह नवम्बर को व्रती महिलाएं खरना पूजन करेंगी। इसके बाद 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू होगा। सात नवम्बर को डूबते हुए सूरज को व्रती महिलाएं नदी में कमर तक पानी में खड़ी होकर अर्घ्य देंगी। अगले दिन आठ नवम्बर को घाट से उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर परिवार के सुख-समृद्धि की कामना की जाएगी।

छठ महापर्व का मुख्य उत्सव नदियों के किनारे ही होता है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र के सरयू तटों पर साफ सफाई की व्यवस्था कराई जा रही है। प्रकाश व्यवस्था बेहतर रखने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि शाम और सुबह अर्घ्य देने पहुंची व्रती महिलाओं और उनके परिवारजनों की किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। चार दिवसीय छठ पर्व का आगाज होते ही बाजारों में चहल-पहल बढ़ गई है। शहर से लेकर देहात तक पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है।

एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि सभी क्षेत्राधिकारियों को अलर्ट रखा गया है। बाजार से लेकर घाट तक निगरानी बढ़ा दी गई है।

## व्रती महिलाएं आज अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी

**गोसाईंगंज-अयोध्या।** लोक आस्था के महापर्व की चार दिवसीय छठ पूजा शुरू हो चुकी है।नहाय खाय से शुरू हुए पर्व के दूसरे दिन व्रतियों ने खरना रखा।गुरूवार को व्रती महिलाएं अस्तांचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी और शुक्रवार को भोर में उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को पूर्ण करेंगी।अर्घ्य देने के लिए महिलाएं नदियों व तालाबो पर जाती है।

गोसाईंगंज कस्बे में महादेवा घाट व ठकुराइन के पोखरे पर बने बेंदी के साथ पूरी घाट को सजा संवार दिया गया है।बुधवार को व्रती महिलाओ ने दिन भर निर्जला व्रत रखा।सूर्यास्त के समय सूर्यदेव को नैवेद्य अर्पण कर प्रसाद के रुप में ग्रहण किया।इसी के



साथ व्रती महिलाओं का 36 घण्टे का निर्जला व्रत शुरू हो गया।

दिन भर धार्मिक कार्यक्रमो को सम्पन्न कराने के बाद महिलाएं चावल,गुड़ व गन्ने के रस से खीर बनाने में जुटी दिखी। शाम को पूजन के बाद परम्परा अनुसार परिवारीजनों,रिश्तेदारों व मित्रो को खीरप्रसाद का वितरण किया गया। इसके बाद छठ पूजा का विशेष प्रसाद ठेकुआ बनाने में जुटी दिखी। छठ पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी जायसवाल व ईओ इंद्रभान सफाई नायक के साथ दोनो स्थलों का निरीक्षण किया और दोनो स्थलों पर लाइटिंग, साफ सफाई, चूना छिड़काव करने के लिए आदेश दिया।

## नगर विकास मंत्री ने विकास कार्यों और छठ पर्व की तैयारियों का किया निरीक्षण



**बाराबंकी।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के शर्मा ने जनपद मे विभिन्न क्षेत्रों में कराए जा रहे विकास कार्यो एंव छठ पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ऊर्जा मंत्री श्री शर्मा ने स्थानीय नागरिको से मिल उनकी समस्याओ को सुना। तथा सम्बधित अधिकारियो को तत्काल निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया। नगर विकास मंत्री श्री शर्मा नागेश्वरनाथ तालाब में छठ पूजा को लेकर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करते हुय चेयरमैन व अधिशाषी अधिकारी संजय शुक्ला को स्थलों की बेहतर व्यवस्था बनाने, लाइटिंग कराने, महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम, सुरक्षा व्यवस्था, पूजा स्थलों में अर्पण कलश बनाने, साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए। तथा नगर की साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, नाली, खड़ंजे, सड़कों, डेंगू, चिकुनगुनिया, मच्छर जनित बीमारियों, संचारी रोगों की जानकारी ली। तथा लोगों को साफ सफाई और डेंगू, अन्य बीमारियों के प्रति जागरूक किया। इसके उपरान्त मंत्री श्री शर्मा ने नागेश्वरनाथ मंदिर में भगवान महादेव और हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन किया। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका परिषद चेयरमैन शीला सिंह, पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, एडीएम अरुण कुमार, मुख्तार अहमद, ताम्र ध्वजानंद, सुशील गुप्ता, संजय जयसवाल, बृजेश यादव, शरीक हुसैन, वैभव पांडेय मौजूद रहे।

## 70 अभियुक्तों पर शांतिभंग की कार्रवाई

**बाराबंकी।** जनपद में संदिग्ध व्यक्तियों, वांछित अभियुक्तों, वारण्टियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान में 3 वारंटी व 3 वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। तथा 70 अभियुक्तों के विरुद्ध शांतिभंग की धाराओं में कार्यवाही की गयी।

## अभियुक्त गिरफ्तार, तमंचा, कारतूस बरामद

बाराबंकी। थाना फतेहपुर पुलिस ने अभियुक्त लालजी यादव पुत्र स्व0 राजेन्द्र प्रसाद निवासी ग्राम अहिरनपुरवा मजरे बसारा थाना फतेहपुर को एक अदद अवैध तमंचा मय 1 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद करते हुये गिरफ्तार किया।

## साकेत प्राचार्य का पठन-पाठन, अनुशासन व स्वच्छता पर प्रबल जोर

**अयोध्या।** का.सु, साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय के आयोग से चयनित नवनियुक्त प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी ने महाविद्यालय में पठन-पाठन अनुशासन व्यवस्था और स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया है। प्राचार्य ने कक्षाओं के सुचारु रूप से संचालन करने के लिए सभी विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया है। महाविद्यालय परिसर में अराजक तत्वों के प्रवेश को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। सभी विद्यार्थियों के परिचय पत्र को नियन्ता मण्डल के द्वारा देखे जाने पर भी विशेष बल दिया गया है।

महाविद्यालय में स्वच्छता के लिए मुख्य नियन्ता डॉ. बी. के. सिंह और सहायक अवधेश अग्रहरि को सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु नामित किया है। डा सिंह ने सफाई कर्मियों की एक सूची जारी की, जिसमें सभी विभागों की साफ-सफाई के लिए सफाईकर्मियों के नाम एवं मोबाइल नंबर सभी विभागाध्यक्षों को उपलब्ध कराया गया है। कैंपस को तम्बाकू, गुटका आदि पदार्थों के सेवन के लिए निषिद्ध कर दिया गया है। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रो आशुतोष त्रिपाठी ने दी।

## सहायक शिक्षा निदेशक के प्रधान सहायक राधेश्याम यादव हुए सेवानिवृत्त



**अयोध्या।** सहायक शिक्षा निदेशक अयोध्या मंडल के प्रधान सहायक राधे श्याम यादव सेवानिवृत हुए। सहायक शिक्षा निदेशक कार्यालय पर सेनानिवृत हुए राधेश्याम का विदाई समारोह का कार्यक्रम संपन्न हुआ।इस विदाई समारोह में बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारी संतोष राय और मंडल सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक मंडल देवीपाटन राम सागरपति त्रिपाठी शामिल हुए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) अयोध्या मंडल अयोध्या के कौस्तुभ कुमार सिंह ने किया। इस दौरान सभी स्टॉफ लोगो ने राधेश्याम यादव का बुके और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया।वही राधेश्याम यादव ने बताया कि यहां का कार्यालय हमारा सबसे उत्तम कार्यालय रहा है।और यहां के साथी हमारे अपनत का व्यवहार रखते हैं।और किसी के साथ किसी भी प्रकार का कोई भी भेदभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि हम यहां पर सहायक प्रधान पद पर कार्यरत थे..और बड़े बाबू के रूप पर कार्यरत रहे है। हमें अपने परिवार से जाना तो दुख हो ही रहा है..जिन्होंने अपना माना है। विदाई समारोह के मौके पर विभाग के सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

# बाल संस्कार केंद्र का शुभारम्भ, निर्धन बच्चों को मिलेगी शिक्षा

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** पुनीत फाउंडेशन और सेवा भारती द्वारा अयोध्या के सिधौना गांव में बाल संस्कार केंद्र की स्थापना करना एक सराहनीय कदम है, जिससे निर्धन और साधन विहीन बच्चों को शिक्षा और संस्कार मिलेंगे।इस पहल से न केवल

- मिल्कीपुर मंडल में 9 नये बाल संस्कार केंद्र खोले जायेंगे

बच्चों को शिक्षा मिलेगी, बल्कि उन्हें संस्कार और आत्मविश्वास भी मिलेगा, जिससे वे भविष्य में राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें।मिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र के सिधौना गांव में पुनीत फाउंडेशन एवं सेवा भारती ने बाल संस्कार केंद्र की मोहल्ला कक्षा का शुभारम्भ किया गया। इसमें क्षेत्र के निर्धन एवं साधन विहीन बच्चों को शिक्षा दी जाएगी। पढ़ने वाले बच्चों को शैक्षिक सामग्री एवं आवश्यक स्टेशनरी सामग्री का वितरण भी किया गया। राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह रमाशंकर ने सेवा विभाग के कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए संस्कार केंद्रों की उपयोगिता को बताया और कहा कि यही बच्चे संस्कार शाला से सीखकर कल को राष्ट्र का निर्माण करेंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय विद्यापीठ इंटर कॉलेज पिठला कुमारगंज के प्रधानाचार्य डॉ रमेश मिश्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे मिट्टी के समान की तरह होते हैं जिन्हें गढ़ना, आकार देना शिक्षक का कार्य है।एक दिन फिर वही मिट्टी का बर्तन चमकने लगता है।इस तरीके से जब बाल कल से अच्छी शिक्षा मिलेगी तो उन्ही छात्र आगे चलकर राष्ट्र का निर्माण करेंगे।जिला सेवा प्रमुख पुष्कर दत्त तिवारी ने बताया कि सेवा विभाग के चार आयाम चलते हैं। जिसमें शिक्षा, स्वावलंबन, स्वास्थ्य, सामाजिक जिस बस्ती में जिसकी आवश्यकता है उस आयाम का केंद्र वहां सेवा भारती की ओर से खोल दिया जाता है। इनके माध्यम से निशुल्क उनको संस्कार दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारत देश को विश्व गुरु बनाने में हमारा सभी का सहयोग जरूरी है। खंड सेवा प्रमुख आकाश सिंह ने कहा सेवा विभाग का काम समाज में सामाजिक समरसता लाना है। बालक बालिकाओं के भीतर सामर्थ्य का असीम भण्डार छुपा हुआ है, जिसे प्रकट करने के लिए जरूरी है उत्तम संस्कारों का सिंचन, उत्तम चारित्रिक शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के गौरव का परिचय ।उन्होंने कहा कि सेवा विभाग की ओर से समय समय पर नए प्रकल्प खोले जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया किया जा सके।इससे सेवा विभाग द्वारा कई जगहों पर बाल संस्कार केंद्र व सिलाई केंद्र खोले गए हैं। संस्कार केंद्र की शिक्षिका श्रीमती प्रीती सिंह ने बच्चों को शैक्षणिक समय सारिणी के बारे में बताया। इस मौके पर पुनीत फाउंडेशन के अध्यक्ष विष्णु बहादुर सिंह, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य बैजनाथ त्रिपाठी तथा कई गणमान्य नागरिक अभिभावक एवं बच्चें उपस्थित रहे।

# सवारिया भर बिना फिटेनस बस मिलने पर एआरटीओ ने किया सीज

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** ओवरलोड वाहनों समेत बिना फिटनेस वाहनो के विरुद्ध परिवहन विभाग का अभियान को निंरतर गति देता हुआ नजर आ रहा है। अभियान मे ओवरलोड, अनाधिकृत डग्गामार, बिना फिटनेस समेत

- बिना पंजीयन व राग साइड़ से आ रही ट्रैक्टर-ट्रालिया पीटीओ ने की सीज
- अभियान मे दर्जनो ओवरलोड़, डग्गामार बसों के चालान

अनफिट के दर्जनो वाहनों के चालान कर भारी जुमार्ना वसूला गया। अभियान का नेतृत्व कर रही सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने



बताया कि हाइवे पर चेकिंग के दौरान लखनऊ से बस्ती-फैजाबाद-गोरखपुर सवारियो को भरकर बिना फिटनेस की बस को नवीन बस अड्डे पर सीज किया गया। तथा सवारियो को दूसरे वाहन से गंतव्य की ओर रवाना किया गया।

इसके साथ ही दर्जनो ओवरलोड़, डग्गामार बसो के चालान किये गये। एंव हाइवे पर संचालित मिलने पर आधा दर्जन ई-रिक्शा के चालान करते हुये सख्त चेतावनी दी गई। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने राग साइड से आ रहे टैज्क्टर-ट्राली एंव 1 वर्ष से बिना पंजीयन के सड़को पर दौड़ रही टैज्क्टर-ट्राली समेत 3 वाहन सीज व 8 ओवरलोड़ वाहनो के चालान कर जुमार्ना वसूला। तथा बिना रेटो रिफ्लेक्टर टेप के सड़को पर फरार्टा भरने वाले ट्रैक्टर-ट्राली संचालको को नियमो का पाठ पढ़ाते हुये चेतावनी दी।

## छात्राओं को सिखाये गये आत्म रक्षा के गुण

**सोहावल-अयोध्या।** मिशन शक्ति योजना में पंख पोर्टल कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजित कर राजकीय बालिका इंटर कालेज सलोनिया की छात्राओं को आत्म रक्षा के गुण सिखाए गए। बुधवार को जिला विद्यालय निरीक्षक डाक्टर पवन कुमार की मौजूदगी में संपन्न इस कार्यक्रम में पुलिस विभाग की उप निरीक्षक कोमल मिश्रा सहित महिला सिपाहियों ने भी प्रतिभाग किया।

प्रधानाचार्या श्रीमती तारा देवी वर्मा ने मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक का उपहार भेंट कर स्वागत किया। इन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बालिकाओं को बेहतर शिक्षा प्राप्त कर उज्जवल भविष्य बनाने के लिए शासन द्वारा मिलने वाली सहायता की जानकारी पंख कैरियर पोर्टल से अब मिल सकती है।

नोडल अध्यापिका सेल्फ सुरक्षा एवं पुलिस द्वारा मिलने वाली सुरक्षा के प्रति महिला पुलिस जानकारी दी।

# राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुभारंभ

**बहराइच ।** डिस्ट्रिक्ट ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैटमिंटन एसोसिएशन से सम्बद्ध स्व. मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता का आज इंदिरा स्टेडियम में शुभारंभ

- प्रदेश भर से ढाई सौ खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग

हुआ। मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर रवि गिरी महाराज ने फीता काटकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, एमएलसी पदमसेन चैधरी, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह, एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, नगर पालिका चेयरमैन सुधा देवी मौजूद रहीं।प्रतियोगिता का पहला मुकाबला अंडर-15 वर्ग में आर्यन चैहान लखनऊ व श्रेष्ठ शुक्ला के मध्य खेला गया, जिसमें श्रेष्ठ 30- 26 से विजयी रहे। दूसरा मुकाबला प्रदीप



बहराइच व कार्तिक बहराइच के मध्य खेला गया, जिसमें कार्तिक ने 30- 21 से मुकाबला जीता। अथर्व लखनऊ व आयुष कानपुर के मध्य खेले गये तीसरे मुकाबले में आयुष कानपुर 30-14 से विजयी रहे। चैथा मुकाबला मो. आलियान बहराइच व कृष्णवर्धन बरेली के मध्य खेला गया। जिसमें कृष्णवर्धन 30-10 से विजय रहे। पांचवा मुकाबला प्रांजल लखनऊ व बहराइच के मध्य खेला गया, प्रांजल 30-7 से विजयी रहे। पारस लखनऊ व आलोक सिद्धार्थनगर के मध्य खेले गये छठे मुकाबले में पारस 30 -11 से विजयी रहे।टूर्नामेंट के संयोजक श्याम करण टेकड़ीवाल ने बताया कि प्रतियोगिता चार दिवस तक खेली जाएगी, प्रदेश के अंडर 15, अंडर 17, बालक- बालिका व पुरूष-महिला ओपेन सिंगल डबल्स संवर्ग के लगभग 250 खिलाड़ी इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं। निर्णायक के रूप में शकील, बरखा गुप्ता, रिया सिंह, अंशराज, मोनिस खान व मैच कंट्रोलर प्रवीण राज मौजूद रहे। टूनार्मेंट समन्वयक ए.आर. अंसारी रहे। कार्यक्रम को ओलंपिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज गुप्ता, जितेंद्र प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, राना अनिल सिंह, सुरेश गुप्ता, राम किशोर गुप्ता, अनिल जायसवाल, पिंटू सोलंकी, क्रीड़ा अधिकारी आनंद श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

कार्यक्रम में ओलंपिक एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक अशोक मातनहेलिया, व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक सोनी, महामंत्री बृजमोहन मातनहेलिया, आशीष कंसल, डा. एन. सी. बावा, डाक्टर अनिल अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एम.एल.सी. पदमसेन चैधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय, जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला आशा व्यक्त की किप्रत्येक वर्ष यह प्रतियोगिता आयोजित होगी और निरन्तर इसका स्वरूप भी विस्तारित होता रहेगा।

## कॉमर्स एंड मैनेजमेंट क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रो. मिर्जा शहाब शाह हुए सम्मानित



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** इंडियन कॉमर्स एसोसिएशन द्वारा पेसेफिक यूनिवर्सिटी, उदयपुर में आयोजित अपनी 75वीं ऑल इंडिया कामर्स कॉन्फ्रेंस में प्रो. मिर्जा शहाब शाह को कॉमर्स एंड मैनेजमेंट के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मान पत्र प्रदान किया गया, जिसे साकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी द्वारा प्रो शहाब को प्राचार्य कक्ष में प्रदान किया गया। इस अवसर पर कॉमर्स एंड मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा प्रकाशित जर्नल कॉमर्स एंड बिजनेस स्टेडीज के 34 वे अंक का विमोचन भी प्राचार्य प्रो. दानपति तिवारी द्वारा किया गया। वर्ष 2008 से प्रकाशित होने वाले इस जर्नल के प्रबंध संपादक प्रो. मिर्जा शहाब शाह एव मुख्य संपादक प्रो. बी के झा है। इस सम्मान पर प्रो. ए.के मिश्र, प्रो. अनुराग मिश्रा, प्रो. आशुतोष त्रिपाठी, प्रो. अमूल्य कुमार सिंह, प्रो. जन्मेजय तिवारी, डॉक्टर पूनम जोशी प्रो. वंदना जायसवाल, प्रोफेसर कविता सिंह, प्रो. अरविंद मिश्रा, डॉ लवलेश मिश्रा आदि प्राध्यापकों, डा सद्दाम खान- अयोध्या, एव डा राम लखन सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए प्रो शहाब को बधाई दी।

# पर्यटन सत्र की शुरुआत, वन मंत्री ने किया उद्घाटन

**बहराइच ।** जनपद बहराइच में कतर्नियाघाट ईको पर्यटन सत्र का शुभारंभ बुधवार को भव्य तरीके से किया गया। सत्र की शुरूआत बुधवार छह नवम्बर को मुख्य अतिथि अरुण कुमार सक्सेना मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) वन पर्यावरण एंव जलवायु परिवर्तन विभाग के हाथों से शुभारंभ के साथ हुआ। बतादें कि इस बार पर्यटन सत्र का मुख्य उद्घाटन कार्यक्रम

- मंगलवार की भी खुला रहेगा कतर्नियाघाट

कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के कतर्नियाघाट रेंज में रखा गया जिसमें बुधवार को दोपहर 2 बजे कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर (घड़ियाल सेंटर) पर भव्य तैयारियों के बीच वन विभाग, वन निगम, डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, गजमित्र (न्यूज), बाघमित्र की टीम व स्थानीय ग्रामीणों की मौजूदगी में वन मंत्री द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में की शुरूआत वन मंत्री व विधायक ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंत्री सक्सेना ने पर्यटन मौजूद लोगों को सम्बोधित करते हुए पर्यटन को बढ़ावा देने व पर्यटन के क्षेत्र में सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों व



उपलब्धियों को बताया गया।एफडी ने नेचर प्रटेशन सेंटर में मौजूद लोगों को प्रोजेक्टर पर जंगल व पर्यटन पर बनी वीडियो शॉर्ट फिल्म दिखाते हुए लोगों के इस पर्यटन सत्र की व्यवस्थाएं और विशेषताएं बताया। जिसके बाद उद्घाटन के दौरान मंत्री सक्सेना ने विधायक व वन विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ जिनान जिप्सी से जंगल सफारी व बोटिंग कर पर्यटन सत्र की तैयारियों का जायजा लिया। पर्यटन प्रभारी वन दरोगा मयंक पांडे ने बताया कि पर्यटक सत्र के पहले दिन से ही कतर्नियाघाट व निशानगाड़ा रेंज के घने जंगलों में जंगल सफारी कर जंगल की सुंदरता का दीदार कर सकेंगे साथ ही गेरुआ नदी में बोटिंग का आनंद ले सकेंगे।

इस अवसर पर सुधीर शर्मा प्रधान मुख्य वन संरक्षक, मनोज सिंह अपर मुख्य सचिव, संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक, पीपी सिंह सीएसएफ, अदिति शर्मा सीएसएफ, विधायक सरोज सोनकर, राजेश गुप्ता मंडल अध्यक्ष, प्रीतम निषाद प्रधान प्रतिनिधि, इकरार अंसारी प्रधान, घूरे प्रसाद मौर्य, प्रमोद आर्य, मुकेश चन्द्रा मुख्य विकास अधिकारी, अरुण कुमार, एसडीओ वन विभाग संतोष कुमार, डीएलएम वन निगम नारायण सिंह गुप्ताल, रेंजर कतर्नियाघाट आशीष गौड़, वन दरोगा मयंक पांडे, रेंजर मुर्तिहा रतनेश कुमार, रेंजर सुजौली रोहित कुमार, रेंजर निशानगाड़ा सुरेंद्र श्रीवास्तव, दबीर हशन परियोजना अधिकारी डब्ल्यू डब्ल्यू एफ, मंसूर अली, राजा हशन, ऋषभ प्रताप सिंह, अजय सिंह, योगेश सिंह, अन्नु शुक्ला, हीरालाल यादव, कल्लू सिंह, विजय पांडे, डिंपल, अनूप कुमार, महावत मोहर्रम अली, विनोद कुमार, इरशाद अली, राहुल, सरोज यादव, पंजाब सिंह आदि मौजूद रहे।थारू हस्तशिल्प उत्पादों की प्रदर्शनी रही आकर्षण का केंद्र पर्यटन सत्र के उद्घाटन के मौके पर प्रधानमंत्री वन धन योजना के अंतर्गत कतर्नियाघाट के नेचर इंटर प्रटेशन सेंटर पर जनजाति महिलाओं द्वारा वन निगम के सहयोग से थारू हस्तशिल्प उत्पाद प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें थारू कल्चर के तहत पेड़ पौधों से बने स्वदेशी उत्पादों का स्टॉल लगाया गया जसमें दो दर्जन से अधिक उत्पादों को बिक्री के लिए लगया गया जिसमें पिटरिया, गमला, टोकरी, चप्पल, पर्स, पावदान, टोपी आदि बिक्री हेतु लगाया गया।

उद्घाटन के दिन पहले ग्राहक गिरीजापुरी शारदा सहायक परियोजना इंटर कॉलेज के शिक्षक पुनीत गुप्ता रहे जिन्होंने एक टोपी 300 रुपए में खरीदी इस दहस्तशिल्प चीजों को खरीद कर जनजाति लोगों का हौसला बढ़ाना चाहिए।

# अवैध खनन कारोबारियों पर प्रशासन मेहरबान

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** मिल्कीपुर तहसील के इनायत नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अलीपुर खजूरी पूरे गंगा पाल गांव में खनन माफियाओं द्वारा दिन दहाड़े अवैध खनन किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायतों के बाद खनन माफियाओं पर तहसील व पुलिस प्रशासन दरिया दिली दिखाते हुए अभय दान दे दिया



गया है।बता दे कि इनायत नगर थाना के अलीपुर खजूरी पूरे गंगा पाल गांव में अवैध खनन की शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मिट्टी लोड डंफर को मौके से पकड़ कर खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करने

- शिकायतों के बाद भी तहसील व पुलिस प्रशासन बना मूकदर्शक

का आश्वासन दिया गया। वही ग्रामीणों द्वारा पुलिस कर्मियों पर मिट्टी से लदा डंपर को मौके से रंगे हाथ पकड़ कर सड़क के किनारे मिट्टी गिरवा कर थाने लाने से पहले रास्ते से ही छोड़ दिए जाने का भी आरोप लगाया है। वही अलीपुर खजूरी पूरे गंगा पाल गांव निवासी वेदप्रकाश तिवारी का कहना है कि अवैध खनन की जानकारी एसडीएम मिल्कीपुर व इनायत नगर पुलिस को दूरभाष द्वारा दिया गया था। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी मशीन व मिट्टी लोड डंफर जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर यूपी 27 टी 3915 को अवैध खनन करते पकड़ लिया है।

जिसके बाद राहुल यादव निवासी पारा मरेमा की जेसीबी तथा डंफर पकड़ कर थाने लाते हुए कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। लेकिन थाने ला रहे पुलिस कर्मियों द्वारा रास्ते में ही डंफर व जेसीबी मशीन को छोड़ दिया गया है।

संक्षेप

## मारपीट में एक महिला घायल

**कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** पुराने मकान के कब्जे दारी को लेकर चल रहे विवाद में हुई मारपीट में एक महिला घायल हो गई। कस्बे के अनिरुद्ध नगर मोहल्ले में पुराने मकान के कब्जे को लेकर प्रतिमा अग्रहरि पत्नी मानसिंह अग्रहरि का विपक्षियों से विवाद चल रहा था। आरोप है कि तीन नवंबर को शाम को विपत्तियां ने रंजिश बस लाठी डंडों से मारा पीटा। जिससे प्रतिमा को काफी चोट आई। बुधवार को पीड़िता की दी गई, तहरीर पर पुलिस ने मोहल्ले के शोभनाथ एवं रेशु के विरुद्ध नाम जद केस दर्ज कर लिया है।

## सपा जिला सचिव गौतम वर्मा का निधन, शोक



**दोस्तपुर, सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना क्षेत्र के हटीवा गांव निवासी समाजवादी पार्टी (सपा) के जिला सचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौतम वर्मा (60 वर्ष) की हार्ट अटैक के कारण उनकी मौत हो गई। उनकी मृत्यु की सूचना मिलते ही इलाके में गहरा शोक व्याप्त हो गया। गौतम वर्मा का योगदान क्षेत्र के सामाजिक और राजनीतिक जीवन में महत्वपूर्ण था। उनके निधन से परिवार, समर्थकों और क्षेत्रवासियों में शोक की लहर फैल गई है। गौतम वर्मा की यादें और उनके कार्य हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगी। उनके परिवार और समर्थकों को इस कठिन घड़ी में सांत्वना देने के लिए आसपास के लोग उनके घर पहुंच रहे हैं।

## गुरुकुल के बच्चों ने हवन पूजन के साथ सीखे विविध प्रकार के गुर



**शाहगढ़, अमेठी।** स्वामी रामदेव गुरुकुल विद्यापीठ शाहगढ़ में ₹ शिक्षा कैसी हो₹ विषय पर कार्यकम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप मैं मैं वैदिक कन्या गुरुकुलम देव प्रयाग की ब्रह्मचारिणी नन्दिनी भट्ट उपस्थित रही। विद्यालय योग गुरू बाबा राम देव द्वारा संचालित किया जाता है। नन्दिनी भट्ट के शुरूकुल के ब्क्चों के साथ वैदिक-यज्ञ में भाग लिया।. उन्होने बताया कि बहुत अच्छा स्कालर बनने के लिए विद्यार्थी अथक प्रयास करना पड़ता है, वहाँ आवासीय स्कूल है जहाँ सभी की दिनचर्या प्रातः चार बजे से हो जाती है. नन्दिनी भट्ट ने कराटे, भरत नाट्यम के गुर भी बच्चों को सिखाया. नंदिनी में बच्चो जापानी व फ्रेंच दो विदेशी भाषाओं को सामान्य जानकारी भी दी।

# बदमाशों ने असलहे के दम पर लूटे लाखों के आभूषण

## हमले में व्यापारी घायल, एसपी ने किया घटनास्थल का मुआयना





**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भरथीपुर के पास कार सवार बदमाशों ने आभूषण व्यवसाई के सिर पर असलहे के बट से हमला कर लाखों का आभूषण लूट कर फरार हो गए। सीओ रमेश कुमार ने पुलिस टीम के साथ मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है। घायल आभूषण व्यवसाई को इलाज के लिए सीएचसी कूरेभार ले जाया गया है।

थानाक्षेत्र भरथीपुर निवासी सुरेश चंद्र सोनी (34) पुत्र जय जयराम सोनी की सुदनापुर बाजार में सुरेश ज्वेलर्स नाम की आभूषण की दुकान है। वह बुधवार शाम को दुकान बंदकर बाइक से घर को लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे वह सुदनापुर बाबूगंज मार्ग भरथीपुर नहर से सौ मीटर पहले पहुँचा था कि कार सवार बदमाशों ने बाइक में टक्कर मारकर आभूषण व्यवसाई को गिरा दिया। जब सुरेश चंद्र नीचे गिर पड़ा तो कार से उतरे चार बदमाश आभूषण से भरा बैग छीनकर भागने लगे। विरोध करने पर बदमाशों ने व्यवसाई के सिर पर असलहे के बट से हमला बोल दिया। जब सुरेश लहूलुहान होकर गिर पड़ा तो कार सवार बदमाश लाखों का आभूषण लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुँचे सीओ रमेश कुमार, इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा और चैकी इंचार्ज शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बदमाशों की घेराबंदी की, लेकिन उनका सुराग नही लग सका। बताया जा रहा है कि आभूषण की कीमत बीस लाख से ऊपर की थी। घायल अवस्था मे सुरेश चंद्र को सीएचसी कूरेभार ले जाया गया है। गंभीर हालत देखते हुए डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर एसपी सोमेन बर्मा पहुचंकर जांच पड़ताल की और जांच के लिए टीम गठित की है।

# बाइक और मोबाइल लूट का खुलासा, 3 अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** संग्रामपुर थाना क्षेत्र के जरौटा गांव केडी ईंट भट्टे के पास हुई मोटरसाइकिल और मोबाइल लूट के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शशांक यादव निवासी भुवालापुर भौसिंहपुर, थाना संग्रामपुर, प्रतिदिन अपनी मोटरसाइकिल से अमेठी की एक कंपनी में काम करने जाते हैं। बीते 3 नवम्बर को सुबह 07 बजे, जब वह कंपनी जा रहे थे, तब जरौटा गांव के पास पल्सर मोटरसाइकिल सवार तीन अज्ञात व्यक्तियों ने उनकी स्प्लेन्डर मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन छीन लिया। इस घटना की सूचना पर थाना संग्रामपुर में मुकदमा संख्या 194/24, धारा 309(4) बीएनएस में तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक अमेठी ने घटना के शीघ्र खुलासे और अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीमों का गठन किया।

बुधवार को प्रभारी निरीक्षक श्री ईश नारायण मिश्र और स्वाट/सर्विलांस टीम के प्रभारी उपनिरीक्षक अनूप कुमार सिंह की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट के तीन संदिग्ध व्यक्ति काली पल्सर बाइक से प्रतापगढ़ की ओर जा रहे हैं। सहजीपुर रेलवे क्रॉसिंग पर इंतजार करते समय, तीन व्यक्तियों को काली पल्सर बाइक से आते देखा गया। टीम ने इन तीनों को पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्तियों ने अपने नाम ओमशिव यादव उर्फ संजय पुत्र रामखिलावन (24), निवासी तिलक राम पाण्डेय का पुरवा, संदीप मौर्या पुत्र दूधनाथ मौर्या (25), निवासी अफोइया, और कृष्णकुमार यादव पुत्र रामकृपाल यादव (24), निवासी ग्राम पलिया, थाना गौरीगंज, जनपद अमेठी बताए। अभियुक्त ओमशिव यादव के पास से दो मोबाइल फोन बरामद हुए, जिसमें एक शशांक यादव का पोको मोबाइल था। पूछताछ में ओमशिव ने बताया शशांक से उसकी पहले से जान-पहचान थी, और एक सोशल मीडिया विवाद के चलते उसे बदला लेने के लिए इस घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में अभियुक्त ओमशिव ने स्वीकार किया कि शशांक यादव के सोशल मीडिया पर स्टेटस पर उसने मुंह चिढ़ाने का इमोजी लगाया था, जिससे नाराज शशांक ने गाली भरे ऑडियो को स्टोरी में डाल दिया, जिससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को ठेस पहुँची। इसी का बदला लेने के लिए उसने साथियों के साथ इस घटना को अंजाम दिया। 4 नवम्बर को वादी शशांक के पड़ोसी प्रमोद कुमार की सूचना पर संग्रामपुर पुलिस ने लूट की बाइक पूरे गोविन्द ग्राम के पास से बरामद की।

# बालश्रम उन्मूलन के लिए चलाया गया जागरूकता अभियान



**अमेठी।** बुधवार को एसपी अमेठी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक, नोडल अधिकारी महोदय के पर्यवेक्षण में मिशन शक्ति फेज 5 के ऑपरेशन बचपन व अखिल भारतीय बाल बचाव एवं पुनर्वास, किशोर श्रम उन्मूलन हेतु 21 अक्टूबर से 30 दिवसीय अभियान के अंतर्गत अल्ळव जनपद अमेठी की टीम निरीक्षक हंसराज कुशवाहा, का0 शिव प्रताप सिंह व श्रम परिवर्तन अधिकारी डीके वर्मा, आरबी लाल की संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान थानाक्षेत्र गौरीगंज व मुन्शीगंज में व्यावसायिक यौनशोषण, जबरन श्रम, जबरन विवाह, घेरलू दासता, महिलाओं और बच्चों की तस्करी, गोद लेना, भीख मांगना, कारखानों, होटल, ढाबों, उद्योगों, दुकानों, ईट भट्ठा निर्माण स्थल आदि संगठित अपराधों, बालश्रम की चेकिंग कर मालिकों को हिदायत किया गया कि किसी भी दशा में 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों को काम पर न रखा जाए ऐसा करना दण्डनीय अपराध है। अभियान के दौरान 2 बच्चों को बालश्रम से मुक्त कराया गया तथा श्रम परिवर्तन अधिकारी द्वारा आवश्यक कार्यवाही की गयी एवं गौरीगंज स्थित शहरी बेघरों हेतु आश्रय गृह को चेक किया गया।

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए किया जागरूक

**अमेठी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन, में बुधवार को यातायात जागरूकता माह नवंबर के छठवें दिन यातायात पुलिस जनपद अमेठी द्वारा थानाक्षेत्र गौरीगंज एमजेएस इंटर कॉलेज गौरीगंज में बच्चों को जागरूक किया गया व पंपलेट वितरण कर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने हेतु निवेदन किया गया तथा दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे- गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

## क्षेत्राधिकारी ने छठ घाटों का किया निरीक्षण

गगहा, गोरखपुर। छठ पर्व की तैयारियो को लेकर क्षेत्राधिकारी बांसगांव ने गगहा थाना एरिया के प्रमुख छठ घाटों का निरीक्षण करने के साथ ड्रोन कैमरे से घाटों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बुधवार को थाना एरिया में छठ महापर्व पर ग्राम पंचायत करवल मझगांवा स्थित छठ घाट पर पहुंचकर व्यवस्था को देखा। साथ ही एरिया के प्रमुख घाटों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान छठ घाटों पर ड्रोन कैमरे से निगरानी करते हुए छठघाटों का जायजा लिया। इस दौरान थानाध्यक्ष गौरव कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सोनेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक दीनबंधु प्रसाद, हेड कांस्टेबल कमला यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एडीओ पंचायत ने किया पिपरौली छठ घाट का निरीक्षण

**पिपरौली, गोरखपुर।** पिपरौली बाजार स्थित छठ घाट का एडीओ पंचायत अरविंद कुमार सिंह द्वारा निरिक्षण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था का काम अधूरा है। कल दिन में 12 बजे तक सफाई व्यवस्था के संबंध में समस्त कार्य हो जाने चाहिए। जिससे लोक आस्था के इस पर्व पर लोगों को कठिनाई न हो। इस अवसर पर ग्राम प्रधान अब्दुल खालिक, चंद्र कुमार सिंह, सुनील निगम, अरविंद गुप्ता, दीपक, सोनू, नरेश सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# संस्था ने पक्षियों की अकारण मौत पर जतायी चिंता

- खेत में मृत मिले कई मुनिया पक्षी



**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र में मुनिया पक्षी के कुनबे की मौत पर संरक्षण के लिये काम करने वाले लोगों ने चिंता जताई है।

गांव गली और चैबारो के साथ खेत खलिहानों मे फुदकने.वाली नन्ही चिडि ?ा जिसे मुनिया के नाम से जाना जाता है। विगत महीनों से इस पक्षी की मौत का अकारण सिलसिला चल पडा है। पिछले सप्ताह बुधवार को बल्दीराय क्षेत्र के खरकहिया गांव के निकट एक खेत के कुछ दूरी पर कई मुनिया पक्षी मृत मिले तो शनिवार को पाली गांव मे सुबह मुनिया पक्षी मृत मिले। जिसकी सूचना मिलने पर पक्षियो के संरक्षण के लिये काम करने वाली संस्था सेंचुरी वेल फेयर सोसायटी के कार्यकर्ता भी पंहुचे और अकारण मुनिया पक्षियों की हो रही मौत पर चिंता जताई और लोगों को फसलों पर रासायनिक कीट नाशको के प्रयोग न करने की सलाह दी। संस्था के प्रबंधक हनुमान तिवारी ने बताया कि धान फसल और सब्जी फसलों को कीटों से बचाने. के लिये इधर हाल मे खूब अंधाधुध रासायनिक कीटनाशकों का प्रयोग. हुआ। इन कीटनाशकों का असर फसलों पर बराबर बना हुआ है। पक्षी भोजन के रूप मे फसलों के दानो को खा रहे हैं और प्रभावित हो रहे हैं। जिसके कारण मुनिया पक्षी के जीवन पर भी संकट खडा.हो रहा है। संभावना यह भी है कि मुनिया पक्षी ज्यादातर अपने घोंसले मानव आबादी के निकट छोटी झाडियों मे बनातें है। इधर दीपावली मे पटाखों को खूब जलाया गया। जिससे निकलने वाली खतरनाक गैसों से भी यह नन्हा जीव प्रभावित हुआ और इसके कुनबे पर संकट खडा हुआ। इस संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। मुनिया पक्षियों की संख्या तेजी से घट रही है जो इसके अस्तित्व पर बडा संकट है। घर से निकलने वाले कूंडे और खासकर सिंगलयूज प्लास्टिक, बेस्टेज को जलायें नहीं।

### परागण क्रिया में बड़ी सहायक है मुनिया पक्षी

**बल्दीराय।** मुनिया पक्षी को भारतीय सिल्वरबिल के नाम से भी जाना जाता है। इस पक्षी की उपयोगिता पर गौर करें तो यह तमाम तरह के फसलों, पुष्पों, मे परागण क्रिया मे बडी सहायक है। इसे फसलों की बालियों और पुष्पों के ऊपर मंडराते हुये भोजन की तलाश करते देखा जा सकता है। यह चिंडिया झाडियों और लताओं के बीच समूह मे घोसला बनाकर रहना पसंद करती है।

## जिपं अध्यक्ष ने किया निर्माणाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण



**अमेठी।** जिला पंचायत अध्यक्ष अग्रहरि ने बुधवार को पनियार, मुसाफिरखाना और जामों में निमार्णाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण किया और टेक्निकल टीम के साथ गुणवत्ता की जांच की जिला पंचायत अध्यक्ष फिलहाल आए दिन इस तरह की चेकिंग करते रहते हैं क्योंकि उनका मानक पर विशेष जोर है उनकी मंशा रहती है कि विकास के जो भी काम हो अच्छे हो और मानक के तहत, इसी क्रम में आज उन्होंने पनियार के पूरे रामदत्त, माना मदनपुर मुसाफिरखाना, पलिया पूरब मुसाफिरखाना और पूरे अयोध्या शुक्ल जामों में निमार्णाधीन सड़कों का औचक निरीक्षण किया जिला पंचायत अध्यक्ष के साथ जिला पंचायत के अधिकारियों के साथ ही इंजीनियर भी मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष ने टीम के साथ सड़कों की खुदाई करा कर गुणवत्ता की जांच की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मानक से कोई समझौता नहीं हो सकता है उनका प्रयास है ऐसी सड़के बनाई जाए जिन पर 20 साल तक कोई काम न करना पड़े यही सरकार की मंशा है यही जिला पंचायत का प्रयास है ना खायेंगे ना खाने देगे के फामूर्ले पर वह काम कर रहे हैं और जिस भी ठेकेदार ने इसमें किसी भी तरह की लापरवाही की उसके लिए जिला पंचायत के दरवाजे बंद हो जाएंगे और भुगतान भी नहीं होगा।

# माक नैट परीक्षा शांति पूर्ण आयोजित, 91 फीसदी से अधिक बच्चे उपस्थित रहे

**अमेठी।** जिले के सभी विकास खंडों और नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को माक नैट परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में अधिकांश स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति नब्बे फीसदी से अधिक रही। परीक्षा का आयोजन 12 बजे से 2 बजे तक किया गया। खंड शिक्षा अधिकारियों के साथ बीडीओ और एडीओ ने भी परीक्षा का निरीक्षण किया। मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त परिषदीय विद्यालयों में छात्रों को आगामी नैट परीक्षा के लिए तैयार करने हेतु विशेष अभ्यास सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें समस्त विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा की संरचना, महत्वपूर्ण विषयों और समय प्रबंधन के बारे में अवगत कराना था। इस अभ्यास सत्र में अनुभवी शिक्षकों द्वारा नैट परीक्षा के मॉडल पेपर और समय-सीमा के तहत प्रश्न हल करने के तरीके पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास सत्र छात्रों की आत्मविश्वास को बढ़ाने और उन्हें वास्तविक परीक्षा के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में सहायक साबित होंगे। इसके अलावा, विद्यार्थियों को आगामी शिक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। परीक्षा का आयोजन दोपहर 12 से 2 बजे तक किया गया, जिसमें जनपद के लगभग 90 फीसदी छात्रा छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। परीक्षा का निरीक्षण विभिन्न जनपद एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। विकास खंड गौरीगंज में अवस्थित प्राथमिक विद्यालय पहाड़पुर का निरीक्षण जिला विकास अधिकारी द्वारा किया गया जहां वे बच्चों से सवाल जवाब करते हुए नजर आए। सभी बच्चों द्वारा सवालों के सही जवाब देने पर संतोष जाहिर किया गया। एडीओ पंचायत जगदीशपुर द्वारा प्राथमिक विद्यालय लोनहट, सीडीपीओ अमेठी द्वारा उच्च प्राथमिक विद्यालय लोनियापुर, जेईएमआई अजय शुकुलबाजार द्वारा प्राथमिक विद्यालय पूरे झाऊ एवं दाखिनगांव क्यार का निरीक्षण किया गया। विकास खंड भादर एवं भेटुआ में 91 प्रतिशत से अधिक छात्रा छात्राओं द्वारा परीक्षा में प्रतिभाग किया गया। परीक्षा का परिणाम 8 नवंबर 2024 को जारी किया जाएगा। विकास खंड भादर में माक नैट परीक्षा में नामांकन के सापेक्ष 92फीसदी बच्चे शामिल हुए। टीकरमाफी न्याय पंचायत में सबसे अधिक 94फीसदी बच्चे परीक्षा में बैठे। बीइओ शिवकुमार यादव ने आधा दर्जन से अधिक स्कूलों का निरीक्षण किया।

# सदर सांसद ने छठ घाटों पर तैयारियों का लिया जायजा

जिला संवाददाता (vol)

**गोरखपुर।** छठ महापर्व के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से गोरखपुर सदर सांसद रवि किशन शुक्ला ने राप्ती नदी के राजघाट पर तैयारियों का निरीक्षण किया। सांसद रवि किशन ने घाट पर की गई व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

निरीक्षण के दौरान सांसद ने विशेष रूप से घाटों पर साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, और प्रकाश व्यवस्था का ध्यान रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए एकत्रित होते हैं, ऐसे में प्रत्येक व्यवस्था का दुरुस्त रहना आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिए कि घाट पर रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था हो और जहां जरूरत हो, वहां जनरेटर भी उपलब्ध कराए जाएं। सांसद रवि किशन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को घाटों पर बैरिकेडिंग मजबूत बनाने और व्रतियों के लिए साफ-सुथरा वातावरण प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने श्रद्धालुओं से भी अपील की कि वे स्वच्छता का ध्यान रखें और प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करें। सांसद श्री शुक्ला ने कहा कि छठ महापर्व हमारी संस्कृति और आस्था का प्रतीक है। सभी श्रद्धालुओं को सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में पूजा करने का अवसर मिले, यही हमारी प्राथमिकता है।

## सरकार महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा के लिए कटिबद्ध : प्राचार्य

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बुधवार को स्थानीय गनपत सहाय पी.जी. कॉलेज सुलतानपुर में प्रबंधक के आशीर्वाद से मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत वर्तमान समय में भारत की सामाजिक कुरीतियों और घरेलू हिंसा विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह राणा ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि आज भारत सरकार महिलाओं की शिक्षा और सुरक्षा के लिए कटिबद्ध है। सशक्त नारी ही सशक्त समाज का निमार्ता है। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनीता दूबे समाजशास्त्र विभाग मुन्नालाल जय नारायण खेमका गर्ल्स कॉलेज सहारनपुर उत्तर प्रदेश उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ने कहा कि आज घरेलू हिंसा का रूप बदला है। शारीरिक हिंसा के अपेक्षा भावनात्मक और मानसिक हिंसा बड़ी है। जिसके कारण बड़ी संख्या में महिलाएं अवसाद ग्रस्तता की बीमारी से जूझ रही हैं। इसके साथ ही नाहिदा बानो, आकांक्षा पांडेय, शिवानी गुप्ता, काजल आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर डॉ. आलोक तिवारी, डॉ दीपा सिंह, डॉ. भोलानाथ, डॉ. ज्योतिमा, डॉ. शैलजा, डॉ. ज्योति, डॉ. उर्मिला मिश्रा डॉ. शिखा श्रीवास्तव, डॉ. पूजा श्रीवास्तव डॉ. रीना तिवारी, डॉ. अंजु सिंह, डॉ. ममता श्रीवास्तव, विशाल विश्वकर्मा, राजकुमार पांडेय, आशुतोष श्रीवास्तव, जयेंद्र तिवारी, कुँवर दिनकर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, हुए सम्मानित




**सुलतानपुर (वीओएल)।** कुड़वार ब्लॉक में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में प्राइमरी स्कूल के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया। खंड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार सिंह के संयोजन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया और दौड़ स्पर्धा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया। इसके बाद बच्चों ने योगासन और एकांकी का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष निजाम खान, मंत्री बृजेश मिश्र, रणधीर सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, मंत्री तौहीद अहमद, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा, और शिक्षामित्र संगठन के प्रदीप यादव, मृदुल तिवारी आदि मौजूद रहे। ब्लॉक व्यायाम शिक्षक धर्मेंद्र तिवारी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन लईक अहमद और दिनेश तिवारी ने किया।

# अनियंत्रित चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** अनियंत्रित वाहन की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हें आनन-फानन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वाहन समेत चालक को पकड़कर पुलिस विधिक कार्यवाही में जुटी है।



जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र परसणा गांव निवासी राजदेव पुत्र राम किशोर 38 वर्ष बुधवार की सुबह लगभग 9 बजे मोटरसाइकिल से किसी काम से घर से बाहर निकले थे जैसे ही वह पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के बिझूरी मार्ग अंडरपास से सर्विस रोड पर पहुंचे थे तभी तेज रफ्तार बोलेरों ने टक्कर मार दी, जिससे वह गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए परिजनों द्वारा मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनकर परिवार वालो का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। मृतक के चार बच्चे आंचल 10, पायल 8 जानवी 7, ऋषभ 5 को छोड़कर गया है। स्थानीय लोगों द्वारा बोलेरो और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। चालक की पहचान फकरुद्दीन पुत्र सलीम निवासी पूरे अमानुल्लाह मिल्कीपुर अयोध्या के रूप में हुई है। दुर्घटना की सूचना पर तहसीलदार मयंक मिश्र, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि डॉक्टर सूरज कुमार उर्फ पिंटू ने परिजनों को पहुंचकर ढाढस बंधाया और हर संभव मदद का आश्वासन दिया। कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध सिंह ने बताया कि पंचनामा करवाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मनुष्य को परमात्मा पर सदैव भरोसा करना चाहिए : पं. राम शंकर





**जामो, अमेठी।** ब्लॉक के कल्याणपुर श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम पर कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया से कार्तिक शुक्ल पक्ष नवमी तक दिनांक 3 नवंबर रविवार से 10 नवंबर रविवार तक आयोजित हो रही श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा महोत्सव के संरक्षक श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरिचैतन्य ब्रह्मचारी जी महराज जी के आशीर्वाद से संपन्न हो रही। कल श्रीमत स्वामी परमहंस आश्रम कल्याणपुर में कथा व्यास पंडित राम शंकर दास शास्त्री जी महाराज जी ने कथा में भगवती सती भगवान राम पर शंका करती हैं जिसके कारण भगवान शिव से सती का वियोग हुआ सो आगे चलकर राम पर शंका करने के कारण सती को शरीर त्यागना पड़ा, अतः मनुष्य को परमात्मा पर सदैव भरोसा करना चाहिए। भगवान शिव भगवान राम के अनन्य भक्त हैं और अनन्यता के साथ भगवान का स्मरण करते हैं। व्यवस्थापक श्री श्री स्वामी राघवेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज की उपस्थिति में आयोजक श्रीमद् स्वामी परमहंस जन सेवा संस्थान कल्याणपुर जामो अमेठी में संपन्न हो रहा है। शतचंडी महायज्ञ एवं राम कथा के आज के मुख्य यजमान चन्द्रमौलि सिंह प्रवक्ता, भाजपा रहे। शतचंडी महायज्ञ के आचार्य श्री अभिषेक उपाध्याय, आचार्य प्रभाकर मिश्र, बाबा मनीष पंडित, आचार्य आयुष पांडेय द्वारा संपन्न करायी जा रही है।

## व्रती महिलाओं ने की छठ माता की पूजा

**कादीपुर, सुलतानपुर।** छठ पूजा की व्रती महिलाएं खरना के दिन सूर्य और छठ माता की पूजा अर्चना की। बुधवार को खरना के दिन व्रती महिलाएं भगवान सूर्य व छठ मैया की विशेष पूजा अर्चना करते हुए प्रसाद के रूप में गुड़ की खीर व अन्य पकवान का भोग लगाकर भगवान सूर्य की उपासना कर उपस्थित श्रद्धालुओं को वितरित किया। सात नवम्बर कोर क्षेत्र की महिलाएं नगर में शोभायात्रा के साथ चलकर शाहगंज रोड रानीपुर कायस्थ गांव में रानीतारा सरोवर पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत को आगे बढ़ायेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में छठ महोत्सव समिति के महामंत्री सतीश मोदनवाल, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष विजय भान सिंह सन्दीप अग्रहरि, सहित अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं।

संक्षेप

## चार वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा अलग अलग स्थानों से 4 वांछित अभियुक्तगण को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना टूण्डला पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन व चैकिंग के दौरान दीपा चौराहा को जाने वाले रोड पर रेलवे फाटक थाना क्षेत्र टूंडला से दो वांछित अभियुक्तगण शिवजीत उर्फ शिवाजीत पुत्र श्रीनाथ रविन्द्र कुमार पुत्र श्रीनाथ निवासीगण देवी नगर लाइनपार थाना टूण्डला जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। वहीं 2 अन्य वांछित अभियुक्तगण दिनेश कुमार पुत्र कायम सिंह उर्फ कमल सिंह लता कुमारी उर्फ प्रेम देवी पत्नी दिनेश कुमार निवासीगण केशोराय थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया है।

## कार्तिक मास में बह रही भक्ति की धारा

**मथुरा।** कार्तिक कृष्ण एकादशी से शुरू हुई नियम सेवा देवोत्थान एकादशी की पूर्णिमा तक चलेगी। सुबह तीन बजे से राधा कुंड के राधा श्याम सुंदर मंदिर से मंगला आरती के बाद राधा गोपीनाथ, राधा गोविंद देव, राधा दामोदर, राधा मदन मोहन सहित सभी मंदिरों में मंगला आरती के बाद जगह जगह भागवत कथा, प्रवचन सुनकर भक्त नियम सेवा कर रहे है। संध्या के समय राधाकुंड के घाटों पर दीपदान भक्तों द्वारा किया जा रहा है। भागवताचार्य कृष्णा पुरोहित ने बताया कार्तिक मास मे नियम सेवा करने से भगवान के चरणों की भक्ति एवं कृपा प्राप्त होती है। कार्तिक मास मे प्रतिदिन भक्तों को ठाकुर जी का खिचड़ी प्रसाद वितरित किया जा रहा है। राधाकुण्ड में नियम व्रत सेवा कार्तिक मास से चल रही है। बढ़-चढ़कर बाहर से आए लोग इसमें भाग ले रहे हैं।

## ग्रीन हार्टफुलनेस रन के तीसरे संस्करण का आयोजन 17 को

**मथुरा।** तीसरा ग्रीन हार्टफुलनेस रन (जीजीएचआर) 17 नवंबर को मथुरा के सतोहा, गोवर्धन रोड स्थित हार्टफुलनेस केंद्र में आयोजित किया जा रहा है। फिट इंडिया के समर्थन से हो रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में सकारात्मक कदम उठाना है। पिछले वर्ष, इस रन का दूसरा संस्करण 19 नवंबर 2023 को मथुरा केंद्र पर बड़े ही उत्साह और जोश के साथ संपन्न हुआ था, जिसने समाज के सभी वर्गों से भागीदारी को प्रेरित किया। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य उद्देश्य फॉरेस्ट्स बाय हार्टफुलनेस पहल के तहत अधिक से अधिक पेड़ लगाना है। इसके माध्यम से हार्टफुलनेस संस्थान समुदाय के साथ जुड़ाव, पर्यावरणीय जागरूकता और पौधारोपण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। इस आयोजन में कई दौड़ श्रेणियां शामिल की गई हैं, जिनमें 3 किमी, 5 किमी, 10 किमी, और हाफ मैराथन जैसे विकल्प हैं। दौड़ में भाग लेने के लिए प्रतिभागियों को उनकी उम्र के अनुसार श्रेणियों में बांटा गया है, ताकि सभी उम्र के लोग इस आयोजन में सम्मिलित होकर शारीरिक फिटनेस और पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास में योगदान दे सकें। मथुरा के नागरिकों, विशेषकर युवाओं से इस पहल में बढ़-चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया गया है। यह आयोजन उन्हें अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के साथ- साथ प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का एहसास करने का अवसर प्रदान करेगा।

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध के तहत निकली शहर में रैली



- राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष ने रैली का किया शुभारंभ

**मथुरा।** जनपद मथुरा में ह्यएक युद्ध नशे के विरूद्धह्ल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारम्भ डा. देवेन्द्र शर्मा अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर) उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, लखनऊ के द्वारा हरी झण्डी दिखाकर किया गया। यह रैली सेठ बीएन पोद्दार इंटर कॉलेज, मथुरा से आरम्भ होकर श्रीमती चम्पा अग्रवाल इंटर कॉलेज, मथुरा पर समाप्त हुई। इस दौरान उपस्थित सभी बच्चों एवं प्रतिभागियों द्वारा नशे के विरूद्ध शपथ भी ली गयी। उपरोक्त रैली में जनपद मथुरा के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 8000 छात्र/छात्रायें, लगभग 500 अध्यापक / अध्यापिकायें, लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला संरक्षण इकाई, वन स्टाप सेन्टर, चाइल्ड लाइन, क्षेत्राधिकारी यातायात एवं लगभग 50 पुलिस कर्मचारियों द्वारा उक्त रैली में प्रतिभाग किया गया। उ0प्र0 राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा. देवेन्द्र शर्मा ने कहा इस रैली का उद्देश्य आज की युवा पीढी को नशे के दुष्प्रभाव से बचाना है। राज्य बाल आयोग द्वारा पूरे प्रदेश में नशे के समूलनाश हेतु ह्लएक युद्ध नशे के विरूद्धह्ल जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है एवं दण्डात्मक कार्यवाही की करायी जा रही है। पूरे प्रदेश में अब तक अरबो रूपयों की मादक पदार्थों को नष्ट किया जा चुका है। प्रदेश के विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में स्थिति नशीले पदार्थों की दुकानों को प्रतिबंधित किया गया है। बाल श्रम एवं भिक्षावृत्ति में संप्लित बच्चों को मुक्त कराकर शिक्षा एवं बाल कल्याण कारी योजनाओं से जोडने का कार्य किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र द्वारा बताया गया कि आज की युवा पीढी नशे के कारण नाश की ओर अग्रसित हो रही है। इस रैली उद्देश्य युवाओं को नशे से दूरकर स्वस्थ समाज की स्थापना करना है। इसके उपरान्त रैली में उपस्थित अध्यक्ष समस्त विभागाध्यक्षों, अध्यापकों, विद्यालयों के छात्र/छात्राओं आदि को रैली में प्रतिभाग करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# पत्नी से अवैध संबंधों के चलते की थी सतेन्द्र की हत्या



- पुलिस ने अभियुक्त को गिरफ्तार कर हत्या की घटना का अनावरण किया

**फिरोजाबाद।** थाना रामगढ पुलिस टीम द्वारा हत्या का सफल अनावरण करते हुए नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। दिनांक 3.11.2024 को सूचना मिली कि थाना रामगढ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हिम्मतपुर में एक अज्ञात शव पडा हुआ है। उपरोक्त सूचना पर उच्चाधिकारीगण मय फील्ड यूनिट के मौके पर पहुँचे।

शव की शिनाख्त परिजनों द्वारा सतेन्द्र उर्फ रानू पुत्र स्व0 दलवीर सिंह निवासी ओझानगर थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के रूप में की गयी। प्रकरण में मृतक की बहन की तहरीर के आधार पर मुकदमा थाना रामगढ लोकेश पुत्र रामशंकर निवासी ओझा नगर करन सिंह का नगला थाना उत्तर जनपद फिरोजाबाद के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा बुधवार को मुखबिर की सूचना पर चनौरा गाँव से रैपुरा की तरफ जाने वाले रास्ते पर नगर निगम के खत्ता के पास से नामजद अभियुक्त लोकेश पुत्र रमाशंकर राजोरिया उर्फ भूरा निवासी ओझानगर थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को गिरफ्तार किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त लोकेश की पत्नी के मृतक से अवैध संबंध थे। लोकेश ने सतेन्द्र पुत्र दलवीर सिंह निवासी ओझानगर थाना उत्तर फिरोजाबाद को अपनी पत्नी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। और सतेंद्र को मौत के घाट उतारने की योजना बनाई योजनानुसार लोकेश ने सतेन्द्र को शराब पिलाने के बहाने से बुला लिया और रैपुरा से हिम्मतपुर जाने वाले कच्चे रास्ते पर ले गया था जिसके बाद उसने योजनाबद्ध तरीके से सतेन्द्र उर्फ रानू की अपने पिताजी की लाइसेन्सी रिवाल्वर से गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त रिवाल्वर मय दो खोखा कारतूस तीन मिस कारतूस व घटना में प्रयुक्त मोटरसाईकिल बरामद कर विधिक कार्यवाही की है।

# सचिन जैन को बनाया करहल विधान सभा अल्पसंख्यक मोर्चा से चुनाव प्रभारी



**टूंडला।** भारतीय जनता पार्टी अल्प संख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश नेतृत्व द्वारा टूंडला निवासी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन को करहल विधानसभा जिला मैनपुरी के निमित्व प्रभारी बनाया गया है। इस अवसर पर अल्प संख्यक मोर्चा के पदाधिकारीयों ने हर्ष व्यक्त किया प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली और क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार गुरुप्रीत सिंह के द्वारा ब्रज क्षेत्र से प्रदेश महामंत्री जहीर अब्बास जैदी,क्षेत्रीय महामंत्री बंटी ग्रोवर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन,मैनपुरी जिला अध्यक्ष मो.आसिफ इस्लाम को भी करहल प्रभारी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया करहल विधानसभा प्रभारी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सचिन जैन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अल्प संख्यक मोर्चा पूरी ताकत से करहल विधानसभा भाजपा प्रत्याशी अनुजेश यादव को जिताने में मजबूत भूमिका अदा करेगा और करहल विधानसभा की जनता मोदी और योगी जी के जनहित विकास और सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के काम पर मजबूती प्रदान करने का काम करेगी और करहल को नई विकास की राह पर ले जाने का कार्य करेगी इस मौके पर भाजपा फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह और नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता और समस्त भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा ने ब्रज क्षेत्र के नव नियुक्त प्रभारियों के बनाए जाने के लिए हर्ष व्यक्त किया।

# पालिका में आय संपत्ति का ब्यौरा न देने पर बागी हुए थे दर्जनभर सभासद

**एत्मादपुर (आगरा)।** बीते दिनों नगर पालिका प्रशासन की कार्य प्रणाली को लेकर बागी हुए दर्जनभर सभासदो ने डीएम भानु चंद्र गोस्वामी और मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी से लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से नगर पालिका में हो रहे भ्रष्टाचार और अधिकारियों की मनमानी को लेकर शिकायत की थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिलाधिकारी आगरा को नगर पालिका में हो रही मनमानी और भ्रष्टाचार की जांच सौपी है। जिसको लेकर एडीएम राजस्व ने जांच अधिकारी नियुक्त कर एसडीएम एत्मादपुर संगम लाल गुप्ता को जांच करने के निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने एत्मादपुर नगर पालिका पहुंचकर बागी दर्जनभर सभासदों के समक्ष पालिका प्रशासन से दस्तावेज प्रस्तुत कराए, जिस पर बागी सभासद असंतुष्ट नजर आए। उनका कहना है कि जांच टीम जिन भ्रष्टाचारी स्थलों का निरीक्षण नहीं करेगी, तब तक जांच अधूरी मानी जाएगी। बागी सभासदों के प्रतिनिधि मंडल के वरिष्ठ सभासद राज कपूर मौर्य ने बताया कि नगर पालिका ने 2 वर्ष के अंतराल में हुए विकास कार्यों का अभी तक लेखा जोखा नहीं दिया है। आउटसोर्सिंग में कितने कर्मचारी लगाए गए हैं उनकी भी जांच होनी चाहिए। एत्मादपुर के गांव रनपई के पास करोड़ों रुपए की लागत से कूड़ा निस्तारण केंद्र (टफ्रऋछअठळ) लगाया गया है। उसकी भी जांच होनी चाहिए। उनका कहना है कि जांच अधिकारी ने समय के अभाव को लेकर जांच प्रक्रिया पूरी नहीं की है। जिससे सभासद असंतुष्ट है। इस दौरान सभासद राज कपूर मौर्या, राजदीपक गुप्ता, अमित राठौर, नीतू, मिथलेश देवी, गुड़िया रानी, मुजीम खान, सावित्री, आकाश और धर्मेंद्र आदि सभासद मौजूद रहे।

# चोरों ने की 4 बंद मकानों से की लाखों रुपये की चोरी

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी क्षेत्र में चोरों ने बंद मकानों को निशाना बनाते हुए लाखों रूपए के जेवरात सहित नकदी पर हाथ साफ कर दिया है, लगातार चोरी की हुई घटनाओं से क्षेत्रीय लोगों का रिफाइनरी पुलिस से विश्वास ही उठ गया है। त्योहार पर पुलिस द्वारा पेट्रोलिंग न करना भी एक मुख्य कारण निकल कर सामने आ रहा है। त्योहार पर चोरी की पहली घटना थाना रिफाइनरी क्षेत्र के पुष्पांजलि द्वारिका कालॉनी की है, जहां मकान स्वामी अश्वनी शर्मा ने बताया कि वह त्योहार पर दीपावली मनाने के लिए परिवार के साथ नोएडा गए हुए थे। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ कर दिया। मकान स्वामी ने बताया कि उनके मकान से 6 लाख रूपए की चोरी हुई है, जिसमें सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी पर चोरों ने हाथ साफकर दिया है। वहीं दूसरी चोरी थाना रिफाइनरी क्षेत्र की कृष्णा टाउन कालॉनी में हुई है, जिसमें चोरों ने बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रूपए का माल पार कर दिया। मकान स्वामी मनोज अग्रवाल ने बताया कि वह भाई दूज का त्योहार मनाने के लिए आगरा गए हुए थे, चोरों ने मकान का ताला तोड़कर लगभग 12 लाख रूपए के सोने- चांदी के आभूषणों सहित अलमीरा में रखे 65 हजार रूपयों पर हाथ साफ कर दिया। तीसरी चोरी की घटना बाद गांव की है, हरिद्वार में रह रहे बाद गांव निवासी चन्द्रपाल पंडित के यहां की है, जिसमें कई महीने से बंद मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए कई लाख रूपए के आभूषणों सहित नगदी पर हाथ साथ कर दिया है। वहीं चैथी चोरी की घटना थाना रिफाइनरी क्षेत्र के संगम विहार कालॉनी में हुई है, जिसमें लगभग 2 लाख रुपए का माल चोरों ने पार कर दिया है। रिफाइनरी क्षेत्र में लगातार हुई चोरियों पर लोगों में क्षेत्रीय पुलिस के खिलाफ काफी आक्रोश है। देखने वाली बात होगी कि क्षेत्र मे लगातार हुई चोरियों को लेकर रिफाइनरी पुलिस कितनी गंभीर है और चोरियों का अनावरण करने में कितनी सफल होती है।

# रेलवे कर्मियों से एनसीआरएमयू को जिताने की अपील



**टूंडला।** एनसीआरएमयू पदाधिकारियों ने मेकेनिकल शाखा टूंडला कार्यालय मे कामर्शियल विभाग के समस्त कर्मचारियो के साथ एक मीटिंग का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मनोज कुमार शाखा उपाध्यक्ष ने की इस मीटिंग का संचालन शाखा मंत्री अमित पाल सिंह ने किया व आयोजन बीएल मीना सहायक शाखा सचिव एंव जयकिशन अजवानी शाखा मंत्री मैकेनिकल शाखा द्वारा किया गयो इस मीटिंग का मुख्य उद्देशय मान्यता प्राप्त यूनियन के चुनाव जो निर्धारित तिथि दिनांक 4, 5,6 दिसम्बर वर्ष 2024 को होना सुनिश्चित हुआ है उसका व्यापक प्रचार करना था। इस मीटिंग मे कामर्शियल विभाग के समस्त कर्मचारियो से विनम्र आग्रह किया कि लैम्प के निशान पर मोहर लगाकर एनसीआरएमयू को भारी मतो के साथ विजयी बनाये और आश्वशन दिया कि भविष्य मे भी कर्मचारियों से संबन्धित सभी समस्याओं का निवारण किसी भी बाधा के किया जाएगा। जय किशन अजवानी एवं सरदार सिंह शाखा मंत्री ने इस मीटिंग के दौरान कहा कि एनसीआरएमयू सदेव ही कर्मचारी हित मे तत्पर रहती है एनसीआरएमयू किसी भी कर्मचारी के साथ बिना भेदभाव किए सभी को समान अधिकार दिलाने का कार्य आगे भी करती रहेगी इसी क्रम मे न्यू पेंशन योजना की समाप्ति हेतु किए गए प्रयत्नो को भी कर्मचारियो के सम्मुख रखा।

इस मीटिंग मे मुख्य रूप से जयकिशन अजवानी मनोज कुमार अमित पाल सिंह , बीएल मीना सुनील कुमार.अभिलाष श्रीवास्तव मन मोहन सिंह,नाहर सिंह मीना राजेश कुमार ममता यादव कौशल्या कुमारी ममता रानी अनीता कुमारी पूनम राठोर पिनकी मीना बृजेश बघेल, पूरन कुमार मीना सुमन कुमार पंकज कुमार, एसएल मीना, आशीष यादव, अशोक कुमार भोला शंकर, रमेश चंद्र अनीश सक्सेना, कमलेश कुमार, अनिल यादव, मो.सलीम, प्रशांत कुमार, भूषण कुमार,पवन कुमार,डेनियल, ओम प्रकाश, अब्बल आदि ने एनसीआरएमयू की सदस्यता ग्रहण की एवं लैंप पर वोट डालकर भारी बहुमत से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

# कपड़े खरीदने के विवाद में चले लाठी डंडे, श्रद्धालु से मारपीट

**मथुरा।** वृंदावन धर्म नगरी में श्यामा मां आश्रम के समीप श्रद्धालु के साथ मारपीट कर कपड़े फाड़ने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। मारपीट मे श्रद्धालु के कपड़े फाड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार रमणरेती स्थित श्याम मां आश्रम के समीप कपड़े खरीदने को लेकर श्रद्धालु का दुकानदार से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद झगड़े में तब्दील हो गया। जिसमें चले लाठी डंडों के बाद श्रद्धालु के कपड़े फटे दिखाई दे रहे हैं। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। लोगों का कहना है कि मामूली विवाद दोनों पक्षों में झगड़े में तब्दील हो गया। हालांकि मामले में अभी तक किसी पक्ष द्वारा शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मामला वृंदावन कोतवाली के अंदर केशव धाम पुलिस चैकी का है।

# असम की युवती से दुराचार मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को दबोचा



**आगरा।** किरावली थाना क्षेत्र में असम की युवती के साथ गैंगरेप का मामला सामने आया है. दिल्ली रेलवे स्टेशन से आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था. आरोपी आगरा के किरावली में अपने दोस्त के घर युवती को लेकर आया. यहां दोनों ने उससे साथ गैंगरेप किया. युवती को दोनों ने तीन दिनों तक बंधक रखा. मंगलवार की सुबह एक महिला की मदद से पीड़िता किरावली थाने पहुंची. पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है.

एक महिला के साथ मंगलवार सुबह किरावली थाने पहुंची युवती ने आरोप लगाया कि वह असम के धेमाजी जिले की रहने वाली है. वह राजस्थान में अपनी बड़ी बहन के पास आई थी. तीन दिन पहले वह ट्रेन से दिल्ली रेलवे स्टेशन पहुंची. यहां से उसे अपने भाई के पास केरल जाना था. इसके लिए दिल्ली रेलवे स्टेशन से ही उसे ट्रेन पकड़नी थी. केरल जाने वाली ट्रेन लेट थी. वह स्टेशन पर बैठी थी. इस दौरान पुणे का मनोज गायकवाड़ पहुंच गया. दोनों में बातचीत हुई. उसने बताया कि उसे भी केरल जाना है. इसके बाद टिकट लेकर युवती मनोज के साथ ट्रेन में बैठ गई. आगरा कैंट स्टेशन पर उतारकर ले गया किरावली : पीड़िता ने पुलिस को बताया कि ट्रेन आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो मनोज ने उसे ट्रेन से उतार लिया. उसने कहा कि वह मेरे साथ शादी करेगा. इसके बाद मनोज ने अपने दोस्त कान्हा को कॉल किया. मनोज मुझे अपने साथ कान्हा के किरावली थाना क्षेत्र स्थित गांव भालरा में ले गया. यहां मनोज और कान्हा ने रेप किया. उनके चंगुल से निकलने की सोची. इस पर दोनों ने धमकाया. जबरन अपने साथ रखा. जब आरोपी मुझे किरावली में ही किराए पर कमरा दिलाने लेकर आए तो मैंने एक महिला को अपने साथ हुई घटना की जानकारी दी. इस पर वह महिला के साथ किरावली थाने पहुंच गई।

# धूमधाम से मनाया गया यमुना महारानी का चुनरी मनोरथ

**मथुरा।** वृंदावन केशीघाट स्थित रसरानी महाआरती घाट पर श्रीहित उत्सव ट्रस्ट के द्वारा कार्तिक मास के उपलक्ष्य में यमुना महारानी का चुनरी मनोरथ प्रियावल्लभ कुंज के सेवायत आचार्य विष्णु मोहन नागार्च एवं भागवताचार्य हित ललित वल्लभ नागार्च के पावन सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कवर्धा दुर्ग, रायपुर, विलासपुर, अकोला, मुंबई आदि नगरों से पधारे समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य यमुना महारानी का पूजन करके दीपदान किया। साथ ही लाल चुनरी से श्रीयमुना महारानी का मनोरथ किया। तत्पश्चात धूनी आरती व महाआरती आदि के कार्यक्रम किए गए। साथ ही भजन गायकों द्वारा यमुना महारानी की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन किया गया। इससे पूर्व गाजे- बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो कि वंशी अली की कुंज शाहजहांपुर मंदिर, प्रताप बाजार, अनाज मंडी, प्रियावल्लभ कुंज का दक्षिण द्वार, बनखंडी महादेव, लोई बाजार, निधिवन, राधारमण मंदिर, गोपीनाथ बाजार होते यमुना तट- केशीघाट पर संपन्न हुई। इस मौके पर विष्णु मोहन नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी समस्त ब्रजवासियों की परमाराध्य हैं। उनकी महिमा वेदों व पुराणों में भी कहीं गई है। गर्ग संहिता के अनुसार यमुना महारानी गोलोक से ही आयी हैं और गोलोक ही पहुंचती हैं। हित उत्सव चेरिटेबल के संस्थापकाध्यक्ष व भागवताचार्य हित ललित वल्लभ नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी सप्त नदियों में से एक हैं। ये अत्यंत चमत्कारी व पुण्यदाई हैं। इस अवसर पर साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुवेर्दी, तरुण मिश्रा, भरत शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, हितवल्लभ नागार्च आदि मौजूद थे।

# मेला व परिक्रमा मार्ग का पैदल और बाइक से नगर आयुक्त ने किया भ्रमण



**मथुरा।** नगर आयुक्त ने अक्षय नवमी, देवउठनी एकादशी एवं छठ पूजा को दृष्टिगत रखते हुये संपूर्ण परिक्रमा मार्ग, कंस किला तथा गऊ घाट का बाइक व पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। कमियों को समयान्तर्गत दुरुस्त कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। परिक्रमा मार्ग में अंधकार वाले क्षेत्र में अस्थायी प्रकाश व्यवस्था कराये जाने हेतु महाप्रबन्धक (जल) प्रभारी प्रकाश को निर्देशित किया गया। किसी भी स्तर से कोई भी कमी पायी जाती है, तो जिम्मेदारी तय कर कार्यवाही की जायेगी। परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधार्थ जगह-जगह मेडिकल कैम्प लगाने लगातार सफाई रहे इसके लिये तथा कही भी डलाब घर पर कूड़ा न पाया जाये एवं लगातार कूड़ा उठवाने हेतु कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों का संचालन कराये जाने मार्गो की पेच मरम्मत परिक्रमार्थियों के सुविधा हेतु दिशा सूचक लगाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पार्षद व निगम के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्रीरंगनाथ मंदिर में रंगनाथ ने दिये गिरि गोवर्धनधारी स्वरूप में दर्शन

जिला संवाददाता (vol)

**मथुरा।** वृंदावन धार्मिक नगरी के विशालतम श्री रंगनाथ मंदिर में बुधवार को ठाकुर रंगनाथ भगवान ने गिरि गोवर्धन धारी स्वरूप में दर्शन देकर भक्तों को कृतार्थ किया। बांसुरी धारण किए ठाकुर गोदा रंगमन्नार भगवान को अन्नकूट प्रसाद निवेदित किया गया। जिसके दर्शनार्थ भक्तों का सैलाब मंदिर परिसर में उमड़ पड़ा। दक्षिणात्य शैली के प्रसिद्ध श्री रंगनाथ मंदिर में कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर अन्नकूट महोत्सव की परंपरा है। मंदिर प्रबंधन ने कार्तिक शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि पर विधिविधान पूर्वक अन्नकूट महोत्सव का भव्य आयोजन किया। प्रातः काल से ही मंदिर के सेवायत विद्वानों द्वारा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा था। दोपहर 1 बजे जैसे ही धूर गोले की आवाज के साथ दर्शन खुलने का संकेत हुआ। रंगनाथ भगवान की जय जयकार से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। सेवायत विद्वानों द्वारा वैदिक मंत्रोचार से ठाकुर जी की आराधना की गई। गिरि गोवर्धन धारी स्वरूप भगवान को अन्नकूट प्रसाद निवेदित किया गया। विविध प्रकार के व्यंजन स्वर्ण रजत निर्मित थाल में सजाए गए थे। जिसके दर्शनार्थ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उमड़ने लगे। इस दौरान गरुण स्तंभ के समीप गिरिराज जी और गाय की बहुत सुंदर आकृति सजाई गई। इसके अलावा चावल से गोवर्धन पर्वत भी बनाया गया। भगवान को अन्नकूट प्रसाद अर्पित करने के बाद शाम को मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं को अन्नकूट का प्रसाद अर्पित किया गया।

# औद्योगिक पार्क ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित हो : एडीएम

- अपर जिलाधिकारी ने बैठक में अपर नगर आयुक्त के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण के दिये निर्देश



**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी विशु राजा की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, इस बैठक में जिले के समस्त उद्योगपतियों के साथ-साथ कतिपय अधिकारियों ने भी अपनी भागीदारी की, इस बैठक में सर्वप्रथम उन प्रस्तावों पर परिचर्चा की गई, जिनका निर्णय गत बैठकों में लिया गया था, इस बैठक में उद्योगपतियों ने विद्युत की समस्या को प्रमुखता से उठाया, उन्होंने कहा कि माननीय न्यायालय का निर्णय भी है की औद्योगिक क्षेत्र में निर्वाध विद्युत आपूर्ति की जाए, परंतु इस मानक का परिपालन जिले में नहीं किया जा रहा है, जिस पर एक्स इ एन विद्युत ने बताया कि इस स्थिति को शीघ्र ठीक कर लिया जाएगा, उद्योगपतियों ने इस बैठक के दौरान अतिक्रमण की समस्या को भी उठाया जिस पर अपर जिलाधिकारी ने कहा कि एक विस्तृत अभियान चलाकर शीघ्र ही इस समस्या को दूर किया जाएगा, बैठक में उद्योगपतियों को अवगत कराया गया कि मीरा चौराहे से लालऊ रोड पर लगीं लाइटों को सही कर लिया गया है परंतु उपस्थित उद्योगपति इस जवाब से संतुष्ट नहीं थे उन्होंने कहा कि अभी लाइटे पूरी तरीके से सही नहीं कराई गई हैं, अपर नगर आयुक्त के अनुपस्थित रहने पर उनको स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जसराना जैसे क्षेत्र में भी औद्योगिक आस्थान विकसित किए जाएं, उद्योगपतियों ने कहां की जनपद में हजारों की संख्या में ई रिक्शा, जुगाड़ रेडी का संचालन बिना ड्राइविंग लाइसेंस के हो रहा है, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, अतः अपंजीकृत वाहनों तथा उनके चालको के विरुद्ध कठोर विधिक कार्यवाही की जाए, अपर जिलाधिकारी ने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि इस पर त्वरित कार्रवाई की जाए, जिससे इस समस्या से निजात पाया जा सके। बैठक के अंत में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि आधारभूत संरचना संबंधित जो भी कमजोरि याँ है, उनको दुरुस्त किया जाए, सड़कें दुरुस्त की जाए, साथ ही साथ औद्योगिक पार्क ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थापित की जाएं, बैठक के दौरान नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र कुमार सिंह, अग्निशमन अधिकारी, उपयुक्त उद्योग दुष्यंत कुमार, यू पी सिडा के आर एम सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मथुरा में खाद्य विभाग की छापेमारी जारी दूध में मच्छर कीड़े मिलने पर भरा सैंपल

**मथुरा।** खाद्य विभाग के लगातार मारे जा रहे छापों के बावजूद भी जनपद भर में खराब खाद्य पदार्थ बेचने वाले अपने मनमर्जी करने से बाज नहीं आ रहे है। बुधवार को खाद्य विभाग की टीमों ने कई स्थानों पर छापा मार कार्यवाई कर दूषित खाद्य पदार्थों को फिकवाया। आज रामनगर यमुना पर स्थित जैन डेरी का खाद्य विभाग ने निरीक्षण किया इसमें सुरक्षा अधिकारी अरुण कुमार द्वारा मौके पर सार्वजनिक बिक्री के लिए भंडार किए गए दूध का नमूना संग्रहित किया। निरीक्षण के समय उक्त प्रतिष्ठान पर पाई गई कमियों को सुधार करने के लिए नोटिस दिया गया। जिसमें फूड सेफ्टी डिस्पले बोर्ड के साथ खाद्य पदार्थ लाइसेंस की प्रति प्रदर्शित नहीं थी। डेरी पर तैयार किए गए पदार्थ की सुरक्षा के लिए मास्क, हैंड ग्लव्स, एप्रिन, हेड गियर का नियमित रूप से प्रयोग नहीं किया जा रहा था। प्रतिष्ठान में रात्रि में बाहर बड़े बर्तन में रखकर दूध की बिक्री की जा रही थी जिसमें मच्छर कीड़े पड़े मिले जिससे पता चलता है कि प्रतिष्ठान पर इंसेक्ट ट्रैप मशीन फ्लाई कैचर का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। ग्राहकों को खाद्य पदार्थ विक्रय करते समय स्वच्छता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है एवं खाद्य पदार्थ को सुरक्षित रखने के काम में भी गंभीर लापरवाही बढ़ती जा रही है। सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें 15 दिन का नोटिस देकर अपने प्रतिष्ठान के कार्य में सुधार लाने के लिए निर्देशित किया है। ऐसा न करने पर उनके प्रति नियमानुसार कार्रवाई करने की भी चेतावनी दी गई है। इसके अतिरिक्त खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ गोवर्धन के सौंख कस्बा स्थित कृष्णा मिष्ठान भंडार से गजक का नमूना संगृहित किया । इनके खाद्य पदार्थ को राजकीय खाद्य प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही इनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बात कही है।




# पोंटिंग ने की ऑस्ट्रेलिया पर 3-1 से भारत की जीतने की भविष्यवाणी



**दुबई।** पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया बोर्डर-गावस्कर 3-1 से जीतेगा क्योंकि मोहम्मद शमी की गैरमौजूदगी में मेहमान टीम के लिए टेस्ट मैच में 20 विकेट चटकाना सबसे बड़ी चुनौती होगी। ऑस्ट्रेलिया की नजरें बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खिताब के सूखे को खत्म करने पर टिकी हैं। भारत ने 2014-15 से सभी चार श्रृंखलाएं जीती हैं जिसमें ऑस्ट्रेलिया में 2018-19 और 2020-21 में हुई श्रृंखलाएं भी शामिल है। भारत को हालांकि पिछली टेस्ट श्रृंखला में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहली बार अपनी सरजमीं पर 0-3 से क्लीन स्वीप का सामना करना पड़ा जिसके बाद पोंटिंग का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया के पास मेहमान टीम को हराने का बेहतर मौका है।

पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू शो पर ऑस्ट्रेलिया की संभावनाओं के बारे में कहा, संभवतः अब पहले ही तुलना मे बेहतर है। शमी चोटों के कारण पिछले साल नवंबर से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेले हैं और पोंटिंग का मानना है कि उनकी गैरमौजूदगी में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा और पदार्पण का इंतजार कर रहे हर्षित राणा की मौजूदगी वाले भारत के गेंदबाजी आक्रमण में कमी नजर आती है। पोंटिंग ने कहा, शमी की अनुपस्थिति में गेंदबाजी समूह में बहुत बड़ा अंतर आ गया है। उस समय (अगस्त में) कुछ अटकलें लगाई जा रही थीं कि शमी फिट होंगे या नहीं।

# अनिल कुंबले को उम्मीद, दक्षिण अफ्रीका में युवा खिलाड़ियों को मिलेगा मौका



**मुंबई।** पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकार्ड को देखते हुए भारतीय टी20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने जिओ सिनेमा से कहा, मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है।

कुंबले ने तेज गेंदबाज यश दयाल की शानदार वापसी करने के लिए प्रशंसा की, जिन पर रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 के दौरान लगातार पांच छक्के जड़े थे। उन्होंने कहा, यश दयाल जिन पर रिंकू सिंह ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की। इससे उनके जज्बे का पता चलता है। वह बाएं हाथ का शानदार तेज गेंदबाज है जो दोनों तरफ गेंद को मूव कर सकता है। कुंबले ने हैरानी जताई कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विजयकुमार को रिटेन नहीं किया। उन्होंने कहा, विजयकुमार वास्तव में बहुत अच्छा तेज गेंदबाज है जिसने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुझे वास्तव में हैरानी हुई कि आरसीबी ने उसे रिटेन नहीं किया।

## संक्षेप

### उत्तराखंड में जनवरी से होगा 38वां राष्ट्रीय खेल

देहरादून। उत्तराखंड में 38वें राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अगले वर्ष 28 जनवरी से 14 फरवरी तक होगा। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को लिखे एक पत्र में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की इन तिथियों पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी है। संघ की ओर से आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों के गठन की सूचना भी दी गयी है। पिछले माह अपने दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने संघ की अध्यक्ष पीटी उषा से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों की तारीख घोषित किए जाने का अनुरोध किया था और उन्होंने तभी आयोजन की प्रस्तावित तारीखों को सहर्ष अपनी स्वीकृति दे दी थी। अब राष्ट्रीय खेलों की तिथि का औपचारिक ऐलान कर दिया गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पांच विभिन्न समितियों का गठन कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेल महाकुंभ के लिए उत्तराखंड पूरी तरह से तैयार है और इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई भी कोर कसर बाकी नहीं रखी जाएगी। उन्होंने कहा, दूसरे राज्यों में पिछले राष्ट्रीय खेलों के अनुभवों के आधार पर उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेल बेहतर ढंग से आयोजित किए जाएंगे। हमारा प्रयास होगा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों का आयोजन अभी तक हुए राष्ट्रीय खेलों से बेहतर हो।

### बंगाल के पांच विकेट पर 249 रन

बेंगलुरु। अनुभवी कप्तान अनुस्तुप मजूमदार के शतक की बदौलत बंगाल की टीम बुधवार को यहां कर्नाटक के खिलाफ ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच के पहले दिन शुरूआती झटकों से उबरकर स्टंप तक पांच विकेट पर 249 रन बनाने में सफल रही। हालांकि कर्नाटक के गेंदबाजों ने दिन के अंत में वापसी की। कर्नाटक के लिए नयी गेंद से गेंदबाजी करने वाले वासुकी कौशिक ने बंगाल के सलामी बल्लेबाज शुवम डे (शून्य) को आउट करने के बाद सुदीप घरामी को पवेलियन भेजा जिससे टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल का स्कोर दो विकेट पर 21 रन हो गया। 40 वर्षीय कप्तान अनुस्तुप चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे, उन्होंने सुदीप चटर्जी (120 गेंद में 50 रन) के साथ 100 रन की अहम भागीदारी निभाई। अनुस्पतुप ने सत्र के अपने पहले शतक के दौरान 157 गेंद का सामना करते हुए 16 चौके जड़े। कौशिक ने चटर्जी को आउट कर यह भागीदारी खत्म की। अनुस्तुप डटे रहे और शाहबाज अहमद ने उन्हें अच्छा सहयोग दिया। पर श्रेयस गोपाल की गेंद पर अनुस्तुप पगबाधा आउट हुए। अविलिन घोष ने 22 गेंद में 27 रन की पारी खेली जिसमें दो छक्के और एक चौका शामिल था। स्टंप तक शाहबाज अहमद 103 गेंद में 54 रन बनाकर खेल रहे थे जबकि दूसरे छोर अनुभवी विकेटकीपर रिद्धिमान साहा छह रन बनाकर मौजूद थे।

### अर्जुन ने ड्रॉ खेला, वैशाली को पहला अंक मिला

चेन्नई। भारत के अर्जुन एरिगेसी ने बुधवार को यहां चेन्नई शतरंज ग्रैंडमास्टर्स में मजबूत शुरूआत करते हुए टूर्नामेंट के दूसरे सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग वाले खिलाड़ी अमेरिका के ग्रैंडमास्टर लेवोन अरोनियन से बाजी ड्रॉ कराई। चैलेंजर्स में इस साल पदार्पण करने वाली दो महिला शतरंज खिलाड़ियों में से एक वैशाली आर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त रौनक साधवानी को ड्रॉ पर रोककर अपना पहला अंक हासिल किया। चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स में मास्टर्स और चैलेंजर्स दो वर्ग हैं। अरविंद चिथंबरम और मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच भी मुकाबला ड्रॉ रहा। अमीन तबाताबेई ने एलेक्सी सरना पर अहम जीत दर्ज की जबकि परम मघसूदलू ने विदित गुजराती को मात दी।

# मुंबई ने ओडिशा के खिलाफ बनाये 385 रन

## पुणे में ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में सेना ने महाराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर 239 रन बनाए

एजेंसी

मुंबई। श्रेयस अय्यर ने टीम में वापसी करते हुए नाबाद 152 रन की पारी खेली जिससे मुंबई ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप ए मैच के पहले दिन बुधवार को यहां ओडिशा के खिलाफ तीन विकेट पर 385 रन बनाए। अय्यर को सिद्धेश लाड (नाबाद 116 रन, 234 गेंद, 14 चौके) का अच्छा साथ मिला। मध्यक्रम के ये दोनों बल्लेबाज अब तक चौथे विकेट के लिए 231 रन की अटूट साझेदारी कर चुके हैं।

भारतीय बल्लेबाज अय्यर 164 गेंद की अपनी पारी में अब तक 18 चौके और चार छक्के लगा चुके हैं। यह उनका लगातार दूसरा रणजी शतक है। उन्होंने अपने पिछले मैच में 142 रन बनाए थे। अय्यर और लाड 41वें ओवर में उस समय एक साथ आए जब बिपलब सामंत्रेय ने लगातार गेंदों पर सलामी बल्लेबाज अंगकृष्ण रघुवंशी (92 रन, 124 गेंद, 13 चौके, तीन छक्के) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (00) को आउट किया। सामंत्रेय ने रघुवंशी को बोल्ड करने के बाद रहाणे को पगबाधा किया। पुणे में ग्रुप ए के एक अन्य मुकाबले में सेना ने महाराष्ट्र के खिलाफ पहले दिन चार विकेट पर 239 रन बनाए। सलामी बल्लेबाजों सूरज वशिष्ठ (79 रन, 191 गेंद, नौ चौके, एक छक्का) और शुभम रोहिल्ला (67 रन, 132 गेंद, नौ चौके) ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़कर सेना को अच्छी शुरुआत दिलाई। रवि चौहान ने भी मेहमान टीम के लिए 130 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 59 रन की पारी खेलकर मेहमान टीम की स्थिति मजबूत की। शिलांग में जम्मू-कश्मीर ने मेजबान मेघालय को 73 रन पर समेटने के बाद छह विकेट पर 125 रन बनाकर 52 रन की बढ़त हासिल कर ली। जम्मू-कश्मीर की ओर से आकिब नबी ने 14 जबकि आबिद मुश्ताक ने 19 रन देकर पांच-पांच विकेट चटकाए। मेजबान टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज बामनभा शेंगप्लियांग (21) और अर्पित सुभाष (24) ही दोहरे अंक में पहुंच गए। आकाश कुमार (39 रन तीन विकेट) ने मेजबान टीम को वापसी दिलाने की कोशिश की लेकिन जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। बड़ौदा और त्रिपुरा के बीच मुकाबले में पहले दिन अगरतला में सिर्फ 51 ओवर का खेल हो पाया जिसमें मेहमान टीम ने चार विकेट पर 157 रन बनाए। दिन का खेल खत्म होने पर अतीत सेठ आठ चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 74 रन बनाकर खेल रहे थे। ज्योत्सनिल सिंह ने भी 46 रन की पारी खेली।



**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गेंद बदलने का मुद्दा जल्द से जल्द दबा दिया: वार्नर**

सिडनी। आस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने क्रिकेट आस्ट्रेलिया से यह स्पष्ट करने को कहा है कि जब आस्ट्रेलिया ए और भारत ए के बीच खेले गए पहले अनौपचारिक टेस्ट के दौरान अंपायरों ने गेंद बदली तो क्या हुआ और संचालन संस्था ने जितना जल्दी संभव हो सका उतनी जल्दी यह मामला दबा दिया। वार्नर ने कहा कि मामला खत्म कर दिया गया है क्योंकि भारत की सीनियर टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर आने वाली है। यह मसला पिछले सप्ताह मैकाय में खेले गए चार दिवसीय मैच के अंतिम दिन सामने आया था जब अंपायरों ने भारतीय टीम को अलग गेंद दी।

# भारत ए के दूसरे अनौपचारिक मैच में केएल राहुल की फॉर्म पर होंगी नजरें



मेलबर्न। भारत ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच बृहस्पतिवार से शुरू होने वाले दूसरे अनौपचारिक टेस्ट मैच में राष्ट्रीय चयन समिति की नजरें केएल राहुल की बल्लेबाजी और मौजूदा फॉर्म पर लगी होंगी। राहुल को छोड़कर भारत ए के लाइन-अप में ऐसा कोई भी खिलाड़ी नहीं है जो एमसीजी में खेला हो जिसमें भारत को 26 दिसंबर से बॉक्सिंग डे टेस्ट खेलना है। टीम प्रबंधन की सलाह पर भारतीय चयनकर्ताओं ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट के बीच में बाहर किए गए राहुल और रिजर्व विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को पर्थ में सीनियर टीम से जुड़ने से पहले दूसरे ए टेस्ट के लिए भेजने का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम में अनुभवी स्कॉट बोलैंड भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर रिजर्व तेज गेंदबाजों में से एक बोलैंड के मैदान पर उतरने से अभिमन्यु ईश्वरन, रुतुराज गायकवाड़, बी साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह मुकाबला कड़ी चुनौती होगा। लेकिन राहुल को निश्चित रूप से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में खेलने की संभावना के कारण ज्यादा लाभ मिलेगा। एमसीजी में अभ्यास सत्र के दौरान राहुल अच्छी लय में दिखे। ईश्वरन और कप्तान गायकवाड़ के पारी का आगाज करने के साथ यह उम्मीद की जा रही है कि राहुल इंडिया ए सेट-अप में पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे क्योंकि टेस्ट श्रृंखला के दौरान किसी भी समय अगर उन्हें भारत के अंतिम एकादश में चुना जाता है तो उन्हें इसी स्थान पर बल्लेबाजी करने को मिलेगी।

# किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में

एजेंसी

इसकान सिटी (कोरिया)। भारत के किरण जॉर्ज ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हराकर कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

भारत के चौबीस साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी के खिलाफ 57 मिनट में 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के खिलाड़ी किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे। किरण ने मुकाबले की धीमी शुरुआत की जिसका फायदा उठाकर किन कुओ ने



11-4 की बढ़त बनाई और फिर आसानी से पहला गेम जीत लिया। किरण ने 0-1 से पिछड़ने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत लगातार छह अंक के साथ और फिर दूसरा गेम जीतकर मुकाबला 1-1 से बराबर किया। भारतीय खिलाड़ी ने तीसरे और निर्णायक गेम में भी जीत की लय बरकरार रखते हुए एक घंटे से कम समय में मुकाबला अपने नाम किया।

# रित्विक-केब्रल ने किया उलटफेर

मेट्ज (फ्रांस)। भारत के रित्विक चौधरी बोलीपल्ली और उनके जोड़ीदार फ्रांसिस्को केब्रल ने बुधवार को यहां मोसेले ओपन टेनिस टूर्नामेंट में सेंटियागो गोंजालेज और एडवर्ड रोजर वेसलीन की शीर्ष वरीय जोड़ी को हराकर पुरुष युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। भारत और पुर्तगाल की गैर वरीय जोड़ी ने मैक्सिको के गोंजालेज और फ्रांस के रोजर वेसलीन की जोड़ी को क्वार्टर फाइनल में 7-6 6-4 से हराया। हैदराबाद के रित्विक ने एटीपी टूर पर पहली बार किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। रित्विक और केब्रल अगले दौर में मैनुएल गुइनार्ड और ग्रेगोएर जैक तथा पियरे ह्यजेस हर्बर्ट और अल्बानो ओलिवेटी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। सुमित नागल और एन श्रीराज बालाजी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट में अपने अपने वर्ग में पहले दौर में हार के साथ बाहर हो चुके हैं।

# कोको गॉफ डब्ल्यूटीए फाइनल्स के सेमीफाइनल में

एजेंसी

रियाद। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी कोको गॉफ ने सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में इगा स्वियातेक पर 6-3, 6-4 की जीत से सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस नतीजे का मतलब है कि पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैम्पियन स्वियातेक इस हफ्ते रैंकिंग में दूसरे स्थान से ऊपर नहीं जा सकेंगी और

**सबालेंका शीर्ष स्थान पर करेंगी साल का अंत**

आर्यना सबालेंका पहली बार साल का अंत शीर्ष स्थान से करेंगी। यह 2023 अमेरिकी ओपन चैम्पियन गॉफ की 2023 सिनसिनाटी ओपन के बाद स्वियातेक पर पहली जीत है। दोनों के बीच करियर में 13 भिड़ंत में यह गॉफ की दूसरी जीत भी रही। विम्बलडन चैम्पियन बारबोरा क्रेजसिकोवा ने जेसिका पेगुला पर 6-3, 6-3 की जीत से अपने अगले दौर में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखी है। इससे पेगुला का सफर टूर्नामेंट में खत्म हो गया जो पहले मैच में गॉफ से सीधे सेट में हार गई थीं।

**इगा स्वियातेक की हार से आर्यना सबालेंका का साल के आखिर में नंबर एक पर रहना तय**



रियाद। इगा स्वियातेक की डब्ल्यूटीए फाइनल में हार से आर्यना सबालेंका का पहली बार महिलाओं की रैंकिंग में साल के आखिर में नंबर एक पर रहना सुनिश्चित हो गया। कोको गॉफ की स्वियातेक पर 6-3, 6-4 से जीत से यह तय हो गया कि बेलारूस की 26 वर्षीय खिलाड़ी सबालेंका वर्ष 2024 के आखिर में महिलाओं के रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज रहेगी। सबालेंका ने पिछले साल सितंबर में स्वियातेक को पीछे छोड़कर कुछ समय के लिए विश्व रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया था। स्वियातेक हालांकि डब्ल्यूटीए फाइनल जीत कर फिर से शीर्ष पर पहुंच गई थी। डब्ल्यूटीए ने मंगलवार को यह भी घोषणा की कि कतेरीना सिनियाकोवा साल के अंत में युगल रैंकिंग में नंबर एक पर रहेंगी।

# आईपीएल नीलामी में स्टोक्स का नाम नहीं, ड्रेका व नेत्रावलकर शामिल

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की 24 और 25 नवंबर को जेद्दा में होने वाली मेगा नीलामी के लिए 1574 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया है लेकिन इसमें इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स शामिल नहीं हैं। जिन खिलाड़ियों को ने पंजीकरण कराया है उनमें स्टोक्स के पूर्व साथी जेम्स एंडरसन, इटली के तेज गेंदबाज थॉमस ड्रेका और भारत में जन्मे अमेरिका के मध्यम तेज गेंदबाज सौरभ नेत्रावलकर शामिल हैं। इस सूची को फ्रेंचाइजी से परामर्श लेने के बाद छोटा किया जाएगा। सूची में भारत के दिग्गज खिलाड़ी ज्षभ पंत, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, आर अश्विन और युजवेंद्र चहल भी शामिल हैं जिन्हें उनकी टीमों ने रिलीज़ कर दिया था। इन पांच क्रिकेटरों में से प्रत्येक ने खुद को दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर सूचीबद्ध किया है। चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने भी दो करोड रुपए के आधार मूल्य में खुद को सूचीबद्ध किया है।

# रोनाल्डो के गोल से अल नासर की बड़ी जीत

एजेंसी



रियाद। क्रिस्टियानो रोनाल्डो के गोल की मदद से अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से हराकर 12 टीमों की तालिका में शीर्ष तीन में जगह बनाई। सऊदी अरब के क्लब अल नासर के चार मैचों में 10 अंक हैं तथा वह स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन तालिस्का ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया। इसके बाद रोनाल्डो ने आधे घंटे के अंतराल के ठीक बाद इस सत्र में प्रतियोगिता में अपना दूसरा गोल किया। फैबियो कार्डोसो के आत्मघाती गोल से सऊदी अरब की टीम ने मध्यांतर तक 3-0 की बढ़त बना दी। वेस्ले और तालिस्का ने दूसरे हाफ में अल नासर के लिए गोल किए। इस बीच जापान के विसेल कोबे ने दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू एफसी पर 2-0 से जीत से अपने ग्रुप में पहला स्थान हासिल कर लिया। मलेशिया के जोहोर दारुल ताज़िम दक्षिण कोरिया के दो बार के चैंपियन उल्सान एचडी पर 3-0 से जीत के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

**रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी की चैंपियंस लीग में बड़ी हार, लिवरपूल की शानदार जीत**

मिलान। यूरोप की चोटी की टीमों रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर सिटी दोनों को चैंपियंस लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में बड़ी हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन रियाल मैड्रिड को एसी मिलान ने अपने घरेलू मैदान पर 3-1 से हरा दिया, जबकि मैनचेस्टर सिटी को एर्लिंग हालैंड की पेनल्टी में चूक महंगी पड़ी और चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद उसे पुर्तगाल की टीम स्पोर्टिंग लिस्बन में 4-1 से हार झेलनी पड़ी। लिवरपूल के लिए यह शानदार दिन था जिसने लुइस डियाज़ की हैट्रिक और कोडी गाकपो गोल की मदद से एनफील्ड में खेले गए मैच में जर्मन चैंपियन बायर लेवरकुसेन पर 4-0 से जीत दर्ज की। लिवरपूल चार मैचों में चार जीत के साथ लीग चरण तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। उसके बाद स्पोर्टिंग और मोनाको का नंबर आता है जिनके तीन जीत और एक ड्रॉ के बाद समान 10 अंक हैं। फिल फोडेन ने चौथे मिनट में गोल करके मैनचेस्टर सिटी को शानदार शुरुआत दी, लेकिन स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ज्ञोकेरेस की हैट्रिक की मदद से स्पोर्टिंग ने जोरदार वापसी की। उसकी तरफ से एक अन्य गोल मैक्सिमिलियानो अराउजो ने किया। मैनचेस्टर सिटी को वापसी का मौका मिला लेकिन हालैंड का पेनल्टी पर लिया गया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। पंद्रह बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड का चैंपियंस लीग में खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह अपने दूसरे मैच में लिली से हार गया था।

# वार्नर सिडनी थंडर के कप्तान नियुक्त

सिडनी। डेविड वार्नर को बुधवार को बिग बैश लीग की टीम सिडनी थंडर का कप्तान नियुक्त किया गया। यह छह साल बाद पहला अवसर होगा जबकि यह आक्रामक सलामी बल्लेबाज स्वदेश में किसी टीम का नेतृत्व करेगा। दक्षिण अफ्रीका में गेंद से छेड़छाड़ के विवाद के बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने वॉर्नर की कप्तानी पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने हालांकि पिछले महीने यह प्रतिबंध हटा दिया था जिससे उनका सिडनी थंडर की कप्तानी करने का रास्ता साफ हो गया था। वार्नर ने जून में वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया की हार के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने कहा कि फिर से थंडर की कप्तानी मिलना उनके लिए काफी मायने रखती है। वार्नर ने कहा, इस सत्र में फिर से थंडर की कप्तानी करना मेरे लिए काफी मायने रखती है। मैं शुरू से इस टीम का हिस्सा रहा हूं और फिर से मेरे नाम के आगे कप्तान लिखा जाना शानदार है। मैं इस सत्र में आगे बढ़कर नेतृत्व करने और युवा खिलाड़ियों में अपने अनुभव साझा करने को लेकर उत्साहित हूं।

# ऋषभ पंत आइसीसी टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ज्षभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को ताजा जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गये। पंत ने मुंबई टेस्ट के दौरान दो अर्धशतकीय पारियां खेलीं, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से श्रृंखला 0-3 से गंवा बैठा।

इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बायें हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किये गये अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है। शीर्ष टेस्ट बल्लेबाजों की सूची में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाजों में बायें हाथ के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भी मौजूद हैं जो एक पायदान नीचे चौथे स्थान पर खिसक गये हैं। न्यूजीलैंड ने मुंबई में 25 रन की करीबी जीत से श्रृंखला में वाइटवाश किया जिससे शीर्ष 10 टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पंत और दौरा करने वाली टीम के डेरिल मिचेल को फायदा हुआ। मिचेल आठ पायदान की छलांग से सातवें स्थान पर पहुंच गये, उन्होंने मुंबई टेस्ट में भारत के खिलाफ पहली पारी में 82 रन की पारी खेली जिससे वह टीम के साथी केन विलियमसन (दूसरे स्थान) के साथ शामिल हो गये जो न्यूजीलैंड के शीर्ष 10 में मौजूद एकमात्र खिलाड़ी थे। इंग्लैंड के दायें हाथ के बल्लेबाज जो रूट ने सूची में शीर्ष पर अपनी बढ़त बरकरार रखी है जिसमें विलियमसन, हैरी ब्रूक (तीसरे), जायसवाल (चौथे) और स्टीव स्मिथ (पांचवें) उनके लिए चुनौती हैं।



# ट्रंप ने किया स्वर्णिम युग लाने का वादा

## मैं आखिरी सांस तक आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका को एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा

वाशिंगटन। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जीत के जनादेश को बुधवार को अभूतपूर्व और शक्तिशाली करार दिया तथा अमेरिका के लिए स्वर्णिम युग लाने का वादा किया। ट्रंप ने कहा कि मैं आखिरी सांस तक आपके लिए लड़ूंगा और अमेरिका को एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध राष्ट्र बनाने तक चैन से नहीं बैठूंगा।

एसोसिएटेड प्रेस द्वारा अपराह्न दो बजे तक उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार, रिपब्लिकन उम्मीदवार ट्रंप ने 267 निर्वाचक मंडल वोट जबकि डेमोक्रेटिक उम्मीदवार कमला हैरिस ने 224 निर्वाचक मंडल वोट हासिल कर लिए हैं। ट्रंप जीत से केवल तीन निर्वाचक मंडल वोट दूर हैं। ट्रंप की जीत तब तय हो गई जब मीडिया समूहों ने घोषणा की कि उन्होंने पेनसिल्वेनिया राज्य में जीत हासिल कर ली है, जहां 19 निर्वाचक मंडल वोट हैं। फॉक्स न्यूज ट्रंप को विजेता घोषित करने वाला पहला प्रमुख अमेरिकी मीडिया संस्थान है, जिसके तुरंत बाद कई अन्य मीडिया संस्थानों ने भी ऐसा ही किया। ट्रंप (78) ने फ्लोरिडा के पाम



बीच स्थित पाम बीच कन्वेंशन सेंटर में बुधवार तड़के अपने समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा, यह अमेरिका के लिए वाकई स्वर्णिम युग होगा। यह शानदार जीत है जो हमें अमेरिका को फिर से महान बनाने में मदद करेगी। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति के साथ उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप और परिवार के अन्य सदस्य भी थे। उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले जे डी वेंस और उनकी भारतीय अमेरिकी पत्नी उषा वेंस भी इस दौरान मंच पर उपस्थित थीं। ट्रंप ने चुनाव प्रक्रिया के दौरान सहयोग के लिए वेंस दंपत्ति का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा आंदोलन था जैसा पहले कभी किसी ने नहीं देखा था, और सच कहूं तो, मेरा मानना है कि यह अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक आंदोलन है। इस देश में और शायद इससे परे भी ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ है, और अब यह एक नए स्तर पर पहुंचने जा रहा है क्योंकि हम अपने देश को उबरने में मदद करेंगे। ट्रंप 20 जनवरी को राष्ट्रपति पद संभाल सकते हैं। इस खबर के जारी होने तक कमला हैरिस (60) ने चुनाव में अपनी हार स्वीकार नहीं की है। उनके प्रचार अभियान के वरिष्ठ सदस्य केड्रिक रिचमंड ने हावर्ड विश्वविद्यालय में समर्थकों से कहा कि वह बाद में समर्थकों को संबोधित करेंगी। ट्रंप ने अपने संबोधन में अवैध आव्रजन को रोकने की भी बात की। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने हमें अभूतपूर्व और शक्तिशाली जनादेश दिया है। हमारे पास सीनेट का नियंत्रण वापस आ गया है। वाह, कितनी अच्छी बात है। ट्रंप ने कहा कि संभावना है कि रिपब्लिकन के पास अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में बहुमत रहेगा। वेंस ने अपने संक्षिप्त भाषण में ट्रंप की जीत को एक महान राजनीतिक वापसी की संज्ञा दी।

## अमेरिका के उम्रदराज राष्ट्रपति बने ट्रंप

न्यूयॉर्क। डोनाल्ड ट्रंप एक व्यवसायी, रियलएस्टेट कारोबारी और रियलिटी टीवी स्टार होने से लेकर देश के इतिहास में पहले ऐसे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं जिन्हें अपराधी घोषित किया गया। राष्ट्रपति चुनाव के लिए अपने प्रचार अभियान के दौरान दो प्राणघातक हमलों से बचने के बाद भी ट्रंप (78) मैदान में मजबूती से डटे रहे और अब अमेरिकी मतदाताओं ने उन्हें दूसरा कार्यकाल दिया है। उन्होंने डेमोक्रेटिक पार्टी के साथ-साथ कमला हैरिस के कई समर्थकों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया, जो अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय एवं आवास व्हाइट हाउस में पहली महिला राष्ट्रपति होने का सपना देखते थे।



वह अब अमेरिकी इतिहास में राष्ट्रपति निर्वाचित होने वाले सबसे उम्रदराज शख्स हैं। 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में हार के बाद पद छोड़ने से लेकर 2024 की दौड़ में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार के रूप में नामांकन तक, ट्रंप निरंतर समाचार पत्रों की सुर्खियों और अमेरिकियों के दिमाग पर हावी रहे। उन्होंने नवंबर 2020 के चुनाव के नतीजों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया था लेकिन उस समय जो बाइडन राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। एक स्तब्ध राष्ट्र ने ट्रंप के समर्थकों को छह जनवरी को कैपिटल (संसद भवन) पर धावा बोलते भी देखा। दंगों, उपद्रव ने अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को बाधित कर दिया, जहां राष्ट्रपति चुनाव के परिणामों की पुष्टि की प्रक्रिया जारी थी। वर्ष 2024 में राष्ट्रपति पद के लिए तीसरी बार मुकाबले में उतरने के साथ वह कई अभियोगों और आपराधिक मामलों का सामना कर रहे थे तथा न्यूयॉर्क की एक अदालत ने उन्हें दोषी करार दिया। इस तरह वह किसी अपराध के लिए दोषी ठहराए जाने वाले पहले पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति हैं। ग्रैंड जूरी ने उन्हें व्यावसायिक रिकॉर्ड में हेराफेरी करने के 34 मामलों में भी दोषी पाया। उस समय बाइडन-हैरिस की प्रचार टीम ने कहा था कि कोई भी कानून से ऊपर नहीं है, जबकि ट्रंप ने इस फैसले को राजनीतिक व्यवस्था में धांधली का नतीजा बताया। फिर भी, इनमें से कोई भी बात उनके उत्साही समर्थकों को नहीं रोक सकी।

## संक्षेप

### आज शारदा सिन्हा का होगा अंतिम संस्कार

पटना। बिहार कोकिला के नाम से प्रख्यात लोक गायिका शारदा सिन्हा का अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार को पटना में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। लंबे समय से मायलोमा (एक तरह का रक्त कैंसर) से जूझ रहीं सिन्हा का मंगलवार रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया था। वह 72 साल की थीं। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिन्हा ने बताया कि सिन्हा का पार्थिव शरीर बुधवार को दिल्ली से पटना लाया गया। उन्होंने कहा, सिन्हा के परिवार के सदस्यों की इच्छा के अनुसार, उनका अंतिम संस्कार बृहस्पतिवार सुबह करीब नौ बजे किया जाएगा। पहले, अधिकारियों ने कहा था कि सिन्हा का अंतिम संस्कार बुधवार शाम किया जा सकता है। सिन्हा का पार्थिव शरीर पटना में उनके राजेंद्र नगर स्थित आवास (कंकड़बाग के पास) में रखा गया है, जहां प्रशंसक और शुभचिंतक लोक गायिका के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। इससे पहले, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पद्मश्री और पद्म भूषण से सम्मानित सिन्हा का पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किए जाने की घोषणा की थी। सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए नीतीश बुधवार दोपहर उनके आवास पर पहुंचे।

# विश्व नेताओं ने दी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए ट्रंप को बधाई

लंदनायरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और ब्रिटेन के उनके समकक्ष केअर स्टॉर्मर समेत विश्व के कई नेताओं ने बुधवार को डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर बधाई दी। इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा, ऐतिहासिक वापसी पर बधाइयां। व्हाइट हाउस में आपकी ऐतिहासिक वापसी अमेरिका के लिए नयी शुरुआत और इजराइल तथा अमेरिका के बीच महान गठबंधन के लिए शक्तिशाली प्रतिबद्धता दर्शाने वाली है।

ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ट्रंप को उनकी चुनावी जीत पर बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी महान मित्र और सच्चे सहयोगी हैं। साथ मिलकर काम करते हुए, हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हमारे देशों और लोगों के बीच साझेदारी भविष्य में भी मजबूत बनी रहे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,



इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों



यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की



इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी

साथ काम करने को तैयार हैं, जैसा कि हमने पिछली बार भी चार साल के दौरान किया था। आपके और मेरे दृढ़विश्वास के साथ। सम्मान और महत्वाकांक्षा के साथ। अधिक शांति और समृद्धि के लिए।

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ट्रंप को उनकी प्रभावशाली चुनावी जीत पर बधाई दी। जेलेंस्की ने सितंबर में रिपब्लिकन नेता ट्रंप के साथ हुई अपनी बैठक को याद करते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह वैश्विक मामलों को शांति के माध्यम से सुलझाने संबंधी दृष्टिकोण के लिए ट्रंप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि वह ट्रंप को व्यक्तिगत रूप से बधाई देने और अमेरिका के साथ यूक्रेन की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने ट्रंप को बधाई देते हुए एक्स पर एक पोस्ट में कहा, दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंध है, जिसके बारे में मुझे यकीन है कि हम इसे और भी मजबूत करेंगे। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने ट्रंप को बधाई देते हुए कहा कि लंबे समय से जर्मनी और अमेरिका अटलांटिक के दोनों ओर समृद्धि और स्वतंत्रता को बढ़ावा देने के लिए सफलतापूर्वक मिलकर काम कर रहे हैं। हम अपने नागरिकों की भलाई के लिए ऐसा करना जारी रखेंगे। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने एक्स पर एक पोस्ट में ट्रंप को बधाई दी।

# जयशंकर ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

कैनबरा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मुलाकात की और द्विपक्षीय समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया।

जयशंकर ने इस मुलाकात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से अल्बनीज को अभिवादन प्रेषित किया। विदेश मंत्री तीन से सात नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया की आधिकारिक यात्रा पर हैं। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, आज कैनबरा में प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से



अभिवादन प्रेषित किया। भारत-ऑस्ट्रेलिया समग्र रणनीतिक साझेदारी को गहरा करने के लिए उनके मार्गदर्शन की प्रशंसा करता हूं। उन्होंने न्यूजीलैंड के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री विन्स्टन पीटर्स से भी यहां मुलाकात की। पीटर्स से अपनी मुलाकात के संबंध में जयशंकर ने कहा, शिक्षा, प्रौद्योगिकी, कृषि और लोगों के बीच संबंधों पर चर्चा की। हिंद-प्रशांत तथा वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया-इंडिया पार्लियामेंट्री फ्रेंडशिप ग्रुप के सदस्यों से भी बातचीत की। उन्होंने एक पोस्ट में कहा कि भारत के साथ मजबूत राजनीतिक, आर्थिक और लोगों के बीच संबंधों के लिए उनकी उत्साह भरी भावनाओं की सराहना करता हूं। इससे पहले जयशंकर ने ऑस्ट्रेलिया में लिबरल पार्टी के नेता पीटर डटन से भी मुलाकात की। वैश्विक मुद्दों पर साझा दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके समर्थन की सराहना करता हूं।

## ट्रंप की जीत से भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होंगे: सिंधिया

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि डोनाल्ड ट्रंप की व्हाइट हाउस में वापसी के बाद भारत और अमेरिका के संबंध और मजबूत होंगे क्योंकि दोनों देशों के बीच सहयोग पर्यावरण से लेकर प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और रक्षा क्षेत्र तक फैला हुआ है। राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में ट्रंप ने अमेरिकी विदेश नीति में सुधार की बात कही थी, जिसमें अमेरिका फर्स्ट (प्रथम) के सिद्धांतों पर ध्यान केंद्रित किया गया था। उन्होंने विदेशी वस्तुओं पर शुल्क लगाने की भी बात की थी जिसे लेकर नयी दिल्ली में चिंताएं बढ़ गई थीं। सिंधिया की टिप्पणी से संकेत मिलता है कि भारत इस बात को लेकर आशावादी है कि वह दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और सबसे मजबूत सैन्य ताकत के साथ निर्बाध व्यापार और आर्थिक संबंध बनाये रखेगा।

## नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री को बर्खास्त किया

यरुशलम। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को देश के रक्षा मंत्री योव गैलेंट को बर्खास्त कर दिया। हालांकि उनके इस कदम के खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन हुए हैं। नेतन्याहू ने यह घोषणा ऐसे समय की है, जब इजराइल क्षेत्र में कई मोर्चों पर लड़ाई लड़ रहा है। गाजा में युद्ध को लेकर नेतन्याहू और गैलेंट के बीच कथित तौर पर मतभेद रहा है। नेतन्याहू ने मंगलवार को की गई अपनी घोषणा में विश्वास की कमी का उल्लेख किया था। नेतन्याहू ने कहा कि युद्ध के बीच में, पहले से कहीं अधिक, प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच पूर्ण विश्वास की आवश्यकता होती है। हालांकि युद्ध के शुरूआती महीनों में ऐसा विश्वास था और बहुत ही सार्थक काम हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से पिछले महीनों के दौरान मेरे और रक्षा मंत्री के बीच यह विश्वास टूट गया।

## पुतिन ट्रंप को बधाई देंगे या नहीं, इसकी कोई जानकारी नहीं: क्रेमलिन

मॉस्को। रूस सरकार के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को बधाई देंगे या नहीं। रूसी राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने साथ ही इस बात पर जोर दिया कि मॉस्को अमेरिका को एक ऐसा देश मानता है जिसके साथ उसके मित्रवत संबंध नहीं हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हम उस देश के बारे में बात कर रहे हैं जो प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हमारे देश के खिलाफ युद्ध में शामिल है। यह पूछे जाने पर कि क्या पुतिन द्वारा ट्रंप को बधाई नहीं देने से संबंधों को नुकसान पहुंचेगा।







आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com